राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, शनिवार, 28 दिसंबर 2024

वर्ष 06, अंक 91, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

अविवादित वरासत से संबंधित लम्बित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित किया जाय...02

असम के श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में बीएसएनएल की दो मंजिला इमारत में कोई स्थायी कर्मचारी नहीं, इमारत जर्जर हालत...12

## महाकुम्भ के दौरान बेहतर आपदा प्रबंधन हेतु कराया मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

**● मेला क्षेत्र के सेक्टर में हुई भगदड़, डूबने, अग्नि की दुर्घटना,**

**रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर आ गयी अचानक भीड़,**

**स्वतंत्र प्रभात**







**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को जनपद प्रयागराज में मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर, जनपद प्रयागराज के रेलवे एवं बस स्टेशन तथा रात्रि के समय मेला क्षेत्र एवं संगम किनारे विभिन्न आपदाओं पर मॉक एक्सरसाइज़ का आयोजन किया गया। मॉक एक्सरसाइज़ को तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र को सुबह 09.30 से 12.30 के मध्य मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में भगदड़, डूबना, आग और स्वास्थ्य संबंधी आपदा पर प्रतिक्रिया, द्वितीय सत्र को दोपहर में प्रयागराज जनपद के विभिन सड़क मार्ग, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अस्पतालों में आयोजित कर यातायात और भीड़ प्रबंधन की कार्यवाही तथा तृतीय सत्र रात्रि में 07.30 से 10.00 के मध्य मेला क्षेत्र एवं संगम किनारे डूबना और भगदड़ के दौरान विभिन्न विभागों एवं रिस्पॉन्स बलों की प्रतिक्रिया/कार्यवाही जाँची गयी।

महाकुम्भ के दौरान यू०पी०एस०डी०एम०ए० के पहल से पहली बार रात्रि के दौरान मेला क्षेत्र एवं संगम किनारे डूबना, आग और भगदड़ की घटनाओं पर रिस्पॉन्स बलों की प्रतिक्रिया परखी गयी।मॉक एक्सरसाइज़ को यूपीएसडीएमए द्वारा मेला प्राधिकरण के आईसीसीसी से संचालित कराया गया। एक्सरसाइज़ में मेला प्रशासन, सभी सेक्टर अधिकारी, पुलिस, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, यातायात पुलिस, रेलवे, यूपीएसआरटीसी, जिला प्रशासन के अन्य लाइन विभाग यथा-स्वास्थ्य, बिजली, जल, परिवहन, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, जल पुलिस, रेडियो पुलिस के साथ एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0 ने प्रतिभाग किया।

मॉक एक्सरसाइज़ के प्रथम सत्र में सुबह 10.00 बजे मेला क्षेत्र के सेक्टर में घाट के पास पीपे के पुल पर डूबने और नाव पलटना की सूचना आईसीसीसी को मिली। सूचना मिलने पर उपस्थित अधिकारियों ने मेले में पूर्व से डिप्लॉय एन0डी0आर0एफ0 बल को सूचित किया, जिन्होंने तत्काल घटना स्थल पर जाकर डूबते लोगों को बचाया। उसी दौरान भगदड़ की अफवाह के कारण लोगों के भागने से अफरा-तफरी के कारण पंडाल के पास के दूकान का सिलिन्डर गिरने से अग्निदुर्घटना की खबर कंट्रोल रूम को मिली। कंट्रोल रूम ने तत्काल मेले क्षेत्र के पुलिस और अग्निशमन सेंटर को बताया । पुलिस बल के द्वारा तत्काल घटना स्थल पर जाकर भगदड़ को सफलता पूर्व नियंत्रिक कर लिया गया। अग्निशमन विभाग के आधुनिक बाइक पर स्थापित अग्निशमन यंत्रों के जरिए अग्निदुर्घटना को तत्काल काबू कर लिया गया।

द्वितीय सत्र के दौरान दोपहर 2.45 बजे आईसीसीसी को सूचना मिली कि जनपद प्रयागराज के रेलवे स्टेशन के यार्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण अग्नि दुर्घटना हो गयी है और स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति है। भगदड़ की स्थिति काबू करने के लिए कंट्रोल रूम से पुलिस बल भेजने के लिए तुरंत सूचना दी गयी। अग्निदुर्घटना को रेलवे के बलों ने अपने संसाधनों से नियंत्रिक कर लिया, जिसके कारण किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

मॉक एक्सरसाइज़ के तृतीय सत्र में रात्रि के समय कंट्रोल रूम को सूचना मिली की मेला क्षेत्र में कुछ लोग पानटून पुल पार करते समय भीड़ के कारण नदी में गिर गए है। कंट्रोल रूम से सूचना नदी किनारे तैनात पी0ए0सी0 और एस0डी0आर0एफ0 को दिया गया जिनके सहयोग से डूबते लोगों को तत्काल बचा लिया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुँच कर स्थिति को नियंत्रण में किया। बचाव के दौरान ही कंट्रोल रूम को सूचना मिली की पंडाल में हवन के दौरान अग्निदुर्घटना हुई है। तत्काल कंट्रोल रूम से सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया। अग्निशमन विभाग ने सेक्टर में मौजूद अपनी टीम के सहयोग से अग्निदुर्घटना को तत्काल काबू कर लिया। प्राधिकरण के माननीय उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी महोदय ने दिन एवं रात्रि के दौरान मेला क्षेत्र में उपस्थित होकर संचालित मॉक एक्सरसाइज़ संबंधी कार्यवाहियों का निरीक्षण भी किया। माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा महाकुम्भ 2025 के दौरान आपदा प्रबंधन की कार्यवाहियों को सुदृढ़ करने एवं इंटीग्रेटेड रिस्पांस की समीक्षा हेतु मॉक एक्सरसाइज कराया गया है। साथ ही महाकुम्भ में पहली बार रात्रि के दौरान किसी आपदा में रिस्पॉन्स बलों की प्रतिक्रिया को भी जांचा गया है। आज के मॉक एक्सरसाइज के दौरान सभी रिस्पॉन्स बलों ने दिये गए परिस्थितियों के अनुसार में प्रभावी प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप बेहतरीन त्वरित प्रतिक्रिया की कार्यवाही एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है।

## डबल इंजन की सरकार भी नहीं कर पाई पाठा क्षेत्र को सिंचित

**● बारा क्षेत्र के बहुत से गांव आज भी सिंचाई के साधनों से हैं वंचित।**



बारा (प्रयागराज)। क्षेत्र में 30 से 35 गांव के लोग 50 सालों से ईश्वर की ओर ताक रहे थे कब उनके क्षेत्र में सिंचाई और पानी की समस्याओं से निजात मिले। उसी की आस लगाएं हर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों के दरवाजे में 50 सालों से दौड़ रहे थे। इसी समस्या को लेकर जिससे सिंचाई विभाग सहित पूर्व सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी ने संज्ञान लेकर नहर बिछाने की कवायद शुरू की थी लेकिन उनकी योजना परवान नहीं चढ़ी। अब एक बार फिर लोगों में वर्तमान सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह से बारा में नहरों का जाल बिछाने की आस जगी है लेकिन यह कब अमली जामा पहन पाती है यह कहना मुश्किल है। डबल इंजन की सरकार भी यमुनापार के पाठा क्षेत्र को सिंचित नहीं कर पाई है जिससे लोगों में मायूसी है।

बता दें कि प्रयागराज पूर्व सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने तीसरे स्टेज नहर निर्माण का वीणा उठाते हुए पिछले साल अगस्त माह में सिंचाई विभाग के अधिकारियों संग नहर निर्माण विषय पर अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर बैठक की थी लेकिन बैठक में हुए निर्णय अमली जामा नही पहन सके। ज्ञात हो कि सन 1972 में यमुना नदी से पानी उठाकर दो स्टेज में नहर निर्माण की आधार शिला हेमवती नंदन बहगुणा ने रखी थी। पहले स्टेज में लगभग 22 किमी पडुवा से असरवई, दूसरे स्टेज में भोंड़ी पंप हाउस से नारीबारी तक 23 किमी तथा बवंधर से भोंड़ी पंप हाउस तक ढाई किमी बाघला नहर प्रखंड एवं पडुवा में कमला पंप का निर्माण 27 माइनरों सहित कराकर किसानों को बहुत बड़ी सौगात दी थी। तीसरे स्टेज नहर निर्माण न होने के कारण खान सेमरा, कपारी, जोरवट, लकहर, शंकरगढ़, अमिलिहाई, बेनीपुर, शिवराजपुर, बरगडी, गढवा, गोल्हैया, कचारी, भैसहाई, लखनपुर, गाढ़ा कटरा, जनवा, अभयपुर, बिहरिया, आमगोदर टकटई आदि कई गांवों में प्रतिवर्ष पानी के लिए हाहाकार मचा रहता है। सिंचाई का साधन न होने की वजह से खेत भी परती पड़े रहते हैं। बारा क्षेत्र की जनता को एक बार पुनः शंकरगढ़ क्षेत्र में असिंचित क्षेत्रों के लिए नहरों का जाल बिछाने के लिए वर्तमान सांसद कुमार उज्जवल रमण सिंह से आस जगी है। लेकिन वे जनता की उम्मीदों पर कितने खरे उतरते हैं यह देखने वाली बात होगी।लोगों ने कहा कि इन क्षेत्रों में नहरो का जाल बिछ जाए तो यहां असिंचित और परती पड़ी जमीनों से किसान खेती करके 2 जून की रोटी का जुगाड़ कर लेगा। मायूसी इस बात की है कि डबल इंजन की सरकार भी यमुनापार के पाठा क्षेत्र को सिंचित नहीं कर पाई है।

### महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर पहली बार 12 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी अनाउंस मेंट

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महाकुम्भ-2025 के लिए श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद, सुविधाजनक और यादगार बनाने हेतु हर संभव प्रयास कर रहा है। इस दिशा में, पहली बार बहुभाषीय अनाउंसमेंट (मल्टी लैंग्वेज अनाउंसमेंट) की व्यवस्था लागू कर रहा है, जिससे देश के विभिन्न कोनों से आने वाले श्रद्धालुओं को उनकी अपनी मातृभाषा में ट्रेन और अन्य संबंधित जानकारियां उपलब्ध होंगी। भारत में भाषाओं की विविधता को देखते हुए हिंदी और अंग्रेजी भाषा के साथ 12 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में एनाउंसमेंट की जाएगी। इनमें गुजराती, मराठी, तमिल, तेलगू, मलायालम, कन्नड़, बंग्ला, असमिया, उड़िया और पंजाबी भाषाओं में एनाउंसामेंट किया जाएगा। इसके लिए रेल मंडल ने अन्य मंडलों से अनुभवी उदघोषकों को आमंत्रित किया है, जो आसानी से अपनी क्षेत्रीय भाषा में अनाउंसमेंट कर सकें। इससे भाषा की बाधा को दूर किया जा सकेगा और श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण जानकारियां स्पष्टता से प्राप्त होंगी। श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएँ। महाकुंभ के दौरान, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने कई विशेष कदम उठाए हैं। आश्रय स्थलों की व्यवस्था- यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान के अनुसार आश्रय स्थलों पर ठहरने की सुविधा दी जाएगी। इन स्थलों पर आरामदायक माहौल के साथ-साथ स्पीकर लगाए जाएंगे, ताकि यात्री आसानी से अपनी ट्रेन और अन्य जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकें। विशेष स्पीकर सिस्टम- प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालयों के अलावा, आश्रय स्थलों में भी स्पीकर लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रियों को उनकी ट्रेन के आगमन, प्रस्थान और अन्य जानकारियों की सूचना आसानी से मिल सकेगी। उत्तर मध्य रेलवे महाकुम्भ- 2025 के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे का यह बहुभाषीय अनाउंसमेंट सिस्टम न केवल भाषा के अंतर को खत्म करेगा, बल्कि यात्रियों की सुविधा और अनुभव को भी बेहतर बनाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन कराए, नही तो रुकेगा पीएम सम्मान निधि



सिद्धार्थनगर।उसका बाजार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थित जन सेवा केंद्रों पर शुक्रवार को राजस्व टीम के साथ नायब तहसीलदार माधुर्य यादव ने जाकर फार्मर रजिस्ट्रेशन का हाल जाना है। उन्होंने जन सेवा केंद्रों को संचालकों से लोगों को जागरूक करके रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। उन्होंने कहा की इसका अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 तक है। बिना रजिस्ट्रेशन के किसान सम्मान। पीएम निधि नही मिलेगी। उसका कस्बा के विजय जन सेवा केंद्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्रेशन की स्थिति के बारे में पूछा तो केंद्र संचालक विजय ने बताया कि सर्वर बहुत धीमा चल रहा है। इससे रजिस्ट्रेशन की गति धीमी है। नायब तहसीलदार माधुर्य यादव ने बताया कि इसी तरह सोहास बाजार, तेतरी चौराहा , पकड़ी आदि स्थानों पर फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूक किया गया है। इस अवसर पर कानूनगो गिरीश चंद मिश्र, संजय, मनमोहन आदि मौजूद रहे।

### वाहन की ठोकर से युवक घायल

**दुर्घटना/हादसा**

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 730 के शोहरतगढ़ बढ़नी के बीच स्थित अग्रवाल पेट्रोल पम्प गांव के निकट अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल हो गया। सड़क पर पैर टूटे हालत में तड़प रहे युवक को देखकर राहगीर रुक गए और एंबुलेंस के माध्यम से उसे सरकारी अस्पताल शोहरतगढ़ पर इलाज के लिए पहुंचाया। घायल युवक कूटटे (22) पुत्र राजेंद्र मड़वा गांव का निवासी बताया जा रहा है। वह शुक्रवार देर शाम के समय पैदल घर जा रहा था कि बीच किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी , जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर कर तड़पता रहा। राहगीरों ने पहचान कर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी, परिवारजन अस्पताल पहुंचे गए।

## चरका, बरियारी, मरौली साड़ी खदान 77 एवं अन्य खदानों में लाल सोने की लूट

**● खनन नियमावली की उड़ाई जा रही खुलेआम धज्जियां**

**स्वतंत्र प्रभात**




**बांदा** जनपद में इन दिनों जमकर अवैध खनन, ओवरलोडिंग और राजस्व की चोरी खुलेआम हो रही है और खबरे प्राथमिकता के साथ प्रकाशित भी हो रही है हर प्रकाशित खबरों में अपने तरीके से आरोप लगाएं जा रहे हैं उन्ही आरोपों में एक आरोप यह भी एक आरोप है कि अधिकारियों की लोकेशन लेकर जनपद की सीमा में संचालित बालू खदानों से संचालकों की शह पर एन आर गाड़ियां भी निकाली जा रही हैं। जिसके चलते प्रशासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि जिला प्रशासन को संपूर्ण जानकारी होने के बावजूद कार्यवाही नहीं हो रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध खनन और अवैध परिवहन पर लगाम लगाने में जिला प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

मामला जनपद कि मर्का थाना अंतर्गत चरका और पैलानी ग्राम साड़ी ,77 एवं अन्य खदानों में जमकर अवैध खनन चालू है जहां सरकार के नियम नहीं चलते है बल्कि वी आई पी नंबर वालों का फरमान चलता है। इन खदान संचालकों की मनमानी के चलते ओवरलोड परिवहन से जहां एक ओर सड़के ध्वस्त हो रहीं हैं तो वहीं दूसरी ओर राजस्व की भारी चोरी भी हो रही है। ट्रक मालिकों/ ट्रक ड्राइवरों को बालू के दो रेट बताए जाते हैं, एक रेट रवन्ना के साथ वाले और दूसरा बिना रवान्ना वाले। इन खदानों में इस समय नियमों को दरकिनार कर वैध की आड में अवैध काम हो रहे हैं। हैरानी तो तब होती है जब अधिकारियों के नाक के नीचे बालू माफिया अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन कर सरकारी राजस्व को चूना लगाते है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जहां जीरो टॉलरेंस की नीति है वहां इस जनपद में माफिया जमकर तांडव मचा रहे है और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हैं। एन जी टी के नियमों को ताक पर रखकर यमुना और केन में प्रतिबंधित मशीनों से खनन किया जा रहा है। नदी की बीच जलधारा में खनन के दौरान रोजाना जलीय जीव जंतुओं की हत्या होती है जो पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कहीं पहलवान की पहलवानी के दाव पेंच चले जा रहे हैं तो कहीं सपा नेता के रसूख के आगे अधिकारी नतमस्तक दिखाई दे रहे हैं। विचारणीय विषय यह है कि आखिर इन खनन माफियाओं पर आखिर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है। ऐसा तो नहीं कि अधिकारियों पर किसी सफेदपोश या किसी माननीय का दबाव तो नहीं है।

ऐसे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही न होना प्रशासन की संलिप्तता की ओर इशारा करता है। आखिर कब स्थानीय प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यवाही करेगा। उत्तर मिलना मुश्किल है और जवाब अंधेरे में है। तो सैकड़ों ट्रकों की धमाचौकड़ी से उडते धूल के कडो से प्रदूषण बढ रहा है यहीं नहीं खनन के कार्य में लगे अधिकांश वाहनों के पास फिटनेस प्रमाण पत्र भी नहीं है किंतु दो पहिया तीन पहिया फोरबिलर का उपरोक्त प्रमाण पत्र न होने पर चालान करने वालों को इनके पास यह सारे डाक्यूमेंट्स है कि नहीं देखने की जरूरत नहीं पडती खैर जब




बरीकी से निरीक्षण हो तो खदानों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के साथ धर्मकाटा भी कैंपस में होना चाहिए किंतु यह निरीक्षण के दौरान निरीक्षण कर्ताओं की लिस्ट में नहीं होता और निरीक्षण कर्ता सिर्फ अबैध खनन ओवर लोडिंग में करोड़ों कमाने वाले को दस बीस लाख का जुर्माना कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर देते और प्रचार इस तरह होता है कि इन्होंने अबैध कारोबारियों की रीढ़ तोड़ दी।

### जनपद में लगातार धधक रही मनरेगा भ्रष्टाचार की आग,रुधौली ब्लाक के विजलपुर गांव में मचा भ्रष्टाचार

**● डी0सी0 मनरेगा की संलिप्तता से रुकने का नाम नहीं ले रहा मनरेगा भ्रष्टाचार**

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जनपद में लगातार मनरेगा भ्रष्टाचार की जड़े जमाए बैठे हैं प्रधान और सेक्रेटरी मनरेगा अधिकारी जांच के नाम पर उसूली होकर के ठंडे बस्ती में डाल दिया जाता है जिम्मेदार अधिकारी आंखें मुंह दे सो रहे हैं लगातारखबरें समाचार पत्रों की सुर्खियाँ बन रही हैं परन्तु जिम्मेदारों की संलिप्तता के चलते भ्रष्टाचार पर प्रभावी तरीके से रोक नहीं लग पा रही है जो स्वच्छ समाज के लिए एक तरफ कलंक बना हुआ है तो दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों के विकास को पंख भी नहीं लग पा रहे हैं। जनपद के रुधौली विकास खण्ड में स्थित ग्राम विजलपुर में मनरेगा योजना में खडंजा निर्माण कार्य में 2,15000 रुपये हेरीफेरी का मामला प्रकाश में आया है जिसको लेकर स्थानीय निवासी सोनू चौधरी पुत्र शिवनाथ चौधरी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग किया है।

जिला अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में सोनू चौधरी ने लिखा है कि उनके विकास खण्ड रुधौली के ग्राम पंचायत विजलपुर में सत्र 2023-24 के लिए पी0डब्लू0डी0 रोड से लेकर कब्रिस्तान तक 200 मीटर लम्बे खडंजा निर्माण कार्य हेतु रुपया 2,15000 का भुगतान हुआ है परन्तु धरातल पर कोई कार्य अभी तक नहीं हुआ है। मार्ग निर्माण न होने से ग्रामीणों को आवागमन में दुश्वारियाँ हो रही हैं। शिकायतकर्ता ने बिना काम कराए बजट हड़पने के मामले में प्रकरण से जुड़े लोगों के खिलाफ जाँच कर कार्यवाही की मांग करते हुए मार्ग निर्माण का अनुरोध किया है।

## साल की मासूम के साथ तीन नाबालिकों ने किया दुष्कर्म- एडिशनल एसपी सहित दो सीओ भी पहुंचे घटनास्थल पर

**● 3 साल की मासूम के साथ नाबालिक होने किया दुष्कर्म**

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां आंगनवाड़ी में खेलने गई एक 3 साल की बच्ची के साथ तीन नाबालिकों ने दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी जब और बच्चों ने उसकी मां को दिया तो वह मौके पर पहुंची और देखा तो बच्ची के प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था तथा सूजन आ गया था।

मामले को लेकर जब पीड़िता की मां दुष्कर्म करने वाले नाबालिकों के घर उलाहना लेकर गई तो नाबालिकों के प्रश्नों द्वारा उसे अपशब्द तथा मारना पीटना चालू कर दिया। किसी तरह वह वहां से भाग कर आई और डायल 112 पर सूचना दिया। मौके पर पहुंची डायल 112 नई घटना की सूचना थाना कलवारी पर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष कलवारी जनार्दन प्रसाद तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर सपना के बारे में जानकारी ली तथा इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया। शामली की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी तथा क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह भी देर रात घटनास्थल पर पहुंचकर, के बारे में जानकारी ली।

परिवार के अनुसार 26 दिसंबर की दोपहर लगभग 2:00 बजे बच्ची गांव मैं बने आंगनबाड़ी केंद्र पर खेलने गई थी। वहां पहुंचे तीन नाबालिकों ने मासूम के साथ गलत काम करना शुरू कर दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर कुछ और बच्चे वहां पहुंचे जिससे तीनों वहां से फरार हो गए। उन बच्चों ने सूचना बच्ची के परिजनों कोदी परिजन बच्ची को लेकर कलवारी थाने पहुंचकर नाबालिक के युवको के खिलाफ तहरीर दी मामले में क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह ने बताया की पीड़िता मासूम के माँ के तहरीर पर कलवारी पुलिस ने सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत करते हुये मामले की विवेचना कर रही है।

## नया सालः भीड नियंत्रण, भगदड रोकने को संयुक्त पूर्वाभ्यास

**● अग्निकांड, भगदड़ व डूबने के परिदृश्य पैदा कर किये गये बचाव कार्य**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** इन दिनों समूचे ब्रज में भीड़ का बेजा दबाव बना हुआ है। आगामी कुछ दिनों यह दबाव और बढेगा। खास कर वृंदावन सहित दूसरे प्रमुख स्थलों पर अनुमान से अधिक भीडभाड होने की संभावना जताई जा रही है। एक अनुमान के तहत 80 लाख से एक करोड तक लोग नए साल पर मथुरा जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों, मठ मंदिरों और आश्रमों में आ सकते हैं। मंदिर प्रबंधनों और जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की गई हैं। साथ ही 25 दिसम्बर से दो जनवरी तक वृंदावन में और प्रवेश मार्गो पर यातायात को लेकर व्यापक बदलाव किये गये हैं। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशानुसार अग्निकांड, भगदड़ व डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन जनपद में चिन्हित दो स्थलों पर किया गया।

रूपम सिनेमा निकट श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर अग्निकांड व भगदड़ परिदृश्य पर व यमुना घाट, गोकुल बैराज पर डूबने के परिदृश्य पर ड्रिल का आयोजन किया गया। योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी (वि. रा.) इंसिडेंट कमांडर की भूमिका निभाते हुए कण्ट्रोल रूम में रूपम सिनेमा हॉल में अग्निकांड व भगदड़ की सूचना उपलब्ध होने पर घटना स्थल पर पहुंचे जहा पर कुल आठ व्यक्तियों को प्रभावित बताया गया। जिनका रेस्क्यू अग्निशमन विभाग व सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवकों के द्वारा कराया गया। तीन व्यक्तियों को रूपम सिनेमा में स्थापित मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया व पांच व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार मेडिकल पोस्ट पर ही उपलब्ध कराया गया। इस मॉक ड्रिल के बाद गोकुल बैराज पर डूबने के परिदृश्य पर मॉक ड्रिल कराया गया। जिसमें दो व्यक्तियों के डूबने का परिदृश्य बना कर राज्य आपदा मॉक बल की टीम की सहायता



मॉक ड्रिल के दौरान राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी।

से उनका रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया। मॉकड्रिल के दौरान योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी (वि. रा.), तहसीलदार सदर सौरभ, तहसीलदार महावन सुशील, आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार, अग्निशमन अधिकारी अपनी टीम के साथ, पुलिस प्रशासन की टीम, राज्य आपदा मोचक बल की टीम मनीश के नेतृत्व में सिविल डिफेन्स टीम, आपदा मित्र आदि मौजूद रहे।

### कोटेदार पर अनुदान का झांसा देकर, बैंक से कर्ज निकलवाने का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 12 के एक कोटेदार ने करीब पचास महिलाओं से अंगूठा लगवा लिया और कहा कि उन्हें सरकारी से अनुदान बैंक के माध्यम से मिलेगा। अनुदान के नाम पर महिलाओं ने कोटेदार को आधार कार्ड देकर अंगूठा लगा दिया। उसने महिलाओं से कुछ रुपए भी वसूली की। कोटेदार ने उसी आधार कार्ड और अंगूठा निशान के पर बैंक सभी महिलाओं के नाम पचास हजार से लेकर एक लाख रुपये प्रति महिला के हिसाब से लोन कराकर रुपया हड़प का आरोप लगाया है।इस मामले का उजागर तब हुआ जब महिलाओं के घर नोटिस लेकर बैंक कर्मचारी रुपए की वसूली करने पहुंचे। पीड़िता संजना, पप्पू, माया, साकिम, राजमति, लक्ष्मी, सरस्वती, उषा, रीता, प्रमिला, सुनीता, मीना, उर्मिला, सुनीता, विषणु, संजू, निरही आदि ने कोटेदार पर अनुदान का झांसा देकर लोन कराने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से मामले की जांच करके कार्रवाई करने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि एक-एक महिला के नाम पर तीन-तीन बैंक से वसूली आई है। जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र ले लिया गया और जांच के आदेश दिए हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर परिषदीय बच्चे हुए सम्मानित



**बलरामपुर** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर दक्षिणी - तुलसीपुर की कक्षा 5 की छात्रा चांदनी को हिंदी दिवस पर आधारित स्वरचित कविता के गायन के लिए डायट बलरामपुर पर सम्मानित किया गया। जनपद बलरामपुर में परिषदीय विभाग की तरफ से भिन्न-भिन्न शुभ अवसरों पर साहित्य शाला मंच के द्वारा कवि सम्मेलन, मुशायरा, व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। अटल की जयंती के उपलक्ष में हमेशा की तरह इस मंच का आयोजन एस आर महमूदुल हक व संरक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभाशाली कवियों द्वारा अपनी स्वरचित कविताओं का प्रस्तुतीकरण किया गया हिंदी दिवस पर विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया जिसमें तुलसीपुर ब्लॉक से प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर दक्षिणी की कक्षा 5 की छात्रा चांदनी कन्या तुलसीपुर से कक्षा चार की छात्रा अपराजिता गुप्ता , गैंडास बुजुर्ग से सोनम ,पायल सोनी, रेहरा बाजार से सुदेश मिश्रा व नगर क्षेत्र से अंशु मौर्य शामिल रहे। कार्यक्रम में आदर्श अनुदेशक व शिक्षामित्र को भी सम्मानित करने का कार्य किया गया।

### इनामी अपराधियों की अति शीघ्र कराएं गिरफ्तारी- डीआइजी



**बस्ती।** बस्ती जिले में डीआईजी रेंज दिनेश कुमार पी. ने तीनों जिलों के एसपी के साथ अपराध समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महिला अपराध, हत्या और लूट की विशेष तौर पर समीक्षा की। इस दौरान सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर के एसपी मौजूद रहे। डीआइजी ने कहा कि रेंज के इनाम घोषित अपराधियों की अति शीघ्र गिरफ्तारी कराएं। हत्या, दोष हत्या के पंजीकृत अभियोगों में विवेचना कर संबंधित आरोपितों की गिरफ्तारी करते हुए आरोप पत्र प्रेषित किया जाए। आरोपितों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कार्रवाई के साथ न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलवाई जाए। लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, चाहन चोरी के संगीन प्रकरणों में तत्काल अभियोग पंजीकृत कर सफल पर्दाफाश करें। महिला संबंधी अपराध दुष्कर्म, अपहरण, पाक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई करें। डीआइजी ने कहा कि जिन पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है, उनको कार्यमुक्त कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। फेसबुक, एक्स व अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर फालोवर्स की संख्या बढ़ाई जाए। बैठक में एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीर नगर सत्यजीत गुप्ता, एसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन व परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने किया 55 लाख का सहयोग



**अंबेडकरनगर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश की पहल पर अंबेडकर नगर राम नगर ब्लॉक के दिवंगत शिक्षक जो कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय दिलावलपुर में कार्यरत थे पिछले 10 मई को दिवंगत हो गए थे, TSCT के वैध सदस्य होने के कारण दिसंबर माह में 15 तारीख से चलने वाले सहयोग में टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने उनके परिवार (पत्नी आयशा खातून) का मात्र 10 दिनों में 5513711 रुपए का सहयोग कराया, इस सहयोग के लिए उनकी पत्नी आयशा खातून ने टीम का आभार व्यक्त किया। ध्यातव्य हो कि विगत 13 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष TSCT विवेकानंद के निर्देश पर जिला टीम TSCT ने दिवंगत परिवार का स्थलीय निरीक्ष किया था,इस अवसर पर जिला संयोजक अंबेडकर लाल चंद्र यादव, जिला प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी, जिला सहसंयोजक राम पलट सिंह, शैलेंद्र यादव, शील चंद्र मिश्र, सुनील कुमार, शिव प्रकाश सिंह, विपिन कुमार, ऋषभ सिंह, राकेश, श्याम सिंगार यादव, कुमार, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक गंगा राम यादव, मंतोष गुप्ता, नरेंद्र कुमार, अरुण मिश्र, प्रधानाध्यापक दिलावलपुर अलाउद्दीन, दिवंगत शिक्षक की पत्नी आयशा खातून एवं परिजन मौजूद रहे।

# अविवादित वरासत से संबंधित लम्बित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित किया जाय

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुयी। समीक्षा करते हुए उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि बी., सी., डी. श्रेणी वाले विभाग कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को पूर्ण करें, जिससे जिले की रैंक बेहतर हो सकें। उन्होने चकबन्दी वादों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि चकबन्दी से संबंधित मामालों को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित करें। उन्होने धारा 24, 116, 67 की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने यह भी कहा कि अविवादित वरासत से संबंधित लम्बित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि माहवार कार्ययोजना तैयार कर राजस्व वसूली करें ताकि वर्ष के अन्त में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली हो सकें। उन्होने राज्यकर, स्टाम्प व रजिस्टेªशन, आबकारी, सम्भागीय परिवहन, विद्युत, मण्डी, खाद्य सुरक्षा विभाग आदि अन्य विभागों की गहन समीक्षा किया। उन्होने सिद्धार्थनगर मण्डी परिषद में मछली मण्डी स्थापित कराये जाने का निर्देश संबंधित को दिया है। कानून व ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित प्रकरणों में पुलिस उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार पी. ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पाण्डेय ने किया। इसमें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, संतकबीर नगर के महेंद्र सिंह तंवर, सिद्धार्थनगर के डा. राजा गणपति आर, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, संतकबीर नगर के सत्यजीत गुप्ता, सिद्धार्थनगर के डा. अभिषेक महाजन, एडीएम प्रतिपाल चौहान, संतकबीर नगर के जयप्रकाश, सिद्धार्थनगर के उमाशंकर, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर प्रभाकर सरोज, सम्भागीय परिवहन अधिकारी रविकान्त शुक्ल सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ का 17 वां वार्षिक भण्डारा 31 को

**मथुरा।** फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ, मथुरा का 17 वां वार्षिक भण्डारा गोवर्धन में 31 दिसंबर मंगलवार को होगा, जिसके लिए लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी भाई परिवार सहित भागीदारी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 31 दिसंबर मंगलवार को गोवर्धन में प्रातः 8 बजे ठाकुर जी का दुग्ध अभिषेक, प्रातः 9.30 से ठाकुर जी का बाल भोग और दोपहर 12 बजे ठाकुर जी के आशीर्वाद से साधु सेवा, तदोपरांत सभी फुटकर व्यापारी और उनसे जुड़े कर्मचारियों के लिए भण्डारा होगा। अतः सभी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम सहयोगी मोहनलाल खत्री ने बताया कि कार्यक्रम स्थल गोवर्धन के आन्यौर मार्ग स्थित गिर्राज वाटिका, बूरे वालों की बगीची पहुंचने के लिए 31 दिसंबर मंगलवार को सुबह 7 बजे एक बस होली गेट स्थित गुरूद्वारा से और एक बस कृष्णा नगर चौराहे से निशुल्क गोवर्धन के लिए जायेंगी। कार्यक्रम के मीडिया प्रचारक किशोर इसरानी ने बताया कि मथुरा में जितनी भी फुटकर कपड़े की दूकानें हैं, उनके मालिक और कर्मचारियों के लिए यह भण्डारा किया जाता है।

# सामाजिक कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव ने पीएम श्री विद्यालय में बांटा स्वेटर

● अशोक श्रीवास्तव ने स्कूली बच्चों को बांटा स्वेटर, कहा अच्छाइयों को विस्तार देने की जरूरत

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव ने खुद के द्वारा गोद लिये पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय के 25 से ज्यादा बच्चों को स्वेटर बांटा। इससे पहले अशोक श्रीवास्तव ने कक्षा में जाकर उनसे पाठ्यक्रम और इससे हटकर अनेक सवाल पूछे। बच्चों ने सभी का सटीक जवाब दिया। प्रेरक प्रसंग सुनाकर बच्चों को उत्साहित किया।सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने सम्बोधिन में कहा कि आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक सुधारों के लिये सिर्फ शासन सत्ता ही जिम्मेदार नही है।

देश का हर नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों की दिशा में बेहतर प्रयास कर सकता है। शिक्षा और संस्कारों से सम्पन्न व्यक्तियों को चाहिये कि वे अच्छाइयों को विस्तार दें। इसके लिये जनसामान्य के बीच जायें और अपनी अच्छाइयों का प्रभाव छोड़ें। विद्यालय में पहुचने पर अशोक श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापक रामसजन यादव, छात्र छात्राओं व अध्यापकों के साथ मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की। प्रधानाध्यापक ने पुष्पगुच्छ देकर अशोक श्रीवास्तव का स्वागत किया। कहा मानवीय मूल्यों का क्षरण काल चल रहा है। ऐसे में सामाजिक सरोकारों को सुदृढ़ करने के लिये सभी को आगे आना चाहिये। दशरथनाथ पाण्डेय, जगदीश कुमार, शंकराचार्य, कुमकुम लता श्रीवास्तव, विमला, देवी, कुन्नू देवी, विजय श्रीवास्तव, फूलचंद यादव, भानू आदि उपस्थित थे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा

● वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बहेरिया और बरगाह बिलौरी गांव के बीच एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है। रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

**घटना का विवरण**

शुक्रवार सुबह बहेरिया गांव के कुछ लोग रेलवे लाइन के पास टहलने गए थे। उन्होंने बहेरिया और बरगाह बिलौरी के बीच रेलवे ट्रैक पर खून से सना एक शव देखा। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत था। यह नजारा देखकर उन्होंने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।रेलवे प्रशासन ने दी सूचनाइसी बीच, ट्रेन से कटकर किसी व्यक्ति की मौत होने की सूचना रेलवे प्रशासन ने मेमो के जरिए वाल्टरगंज थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन कोई भी मृतक को पहचान नहीं सका।

**कार्रवाई और जांच मैं पता चला**

प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन से कटने के कारण हुई मौत का लगता है। शव के क्षत-विक्षत होने के कारण पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आसपास के अन्य थानों और जिलों को सूचना देकर गुमशुदगी के मामलों की जानकारी मांगी गई है।स्थानीय लोगों में चर्चा पुलिस ने स्थानीय लोगों और क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि यदि कोई इस व्यक्ति के बारे में जानकारी रखता हो या पहचान सकता हो, तो तुरंत वाल्टरगंज थाने से संपर्क करें। घटना ने क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।




# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ठेकेदारों ने सौंपा ज्ञापन

● मांगे पूरी न हुई तो जारी रहेगा निविदाओं का बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में ठेकेदार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्रनाथ मिश्र के नेतृत्व में ठेकेदारों और एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मुख्य अभियन्ता और अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि नियमों को जन उपयोगी बनाकर लागू किया जाय अन्यथा ठेकेदार आन्दोलन को बाध्य होंगे। ठेकेदारों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती निविदा का बहिष्कार जारी रहेगा। ज्ञापन देने के बाद ठेकेदार एसोसिएशन के संघ अध्यक्ष अमर सिंह उर्फ जय नरायन सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षो से लोक निर्माण विभाग द्वारा नित्य नये नियम बनाये जा रहे जो जन विरोधी एवम लो0नि0वि0 के लिए अत्यन्त घातक सिद्ध होते चले आ रहे हैं। कोषागार प्रणाली के कारण डिपाजिट के भुगतान न होने से हजारो करोड़ रूपया ठीकेदारों का फंसा है। रायल्टी के कारण ठीकेदारों पर 6 गुना अर्थदण्ड लगाया जा रहा है जिससे ठीकेदारों का भारी नुकसान हो रहा है, जबकि प्रमुख अभियन्ता द्वारा खुद नियम बनाया गया था कि स्वीकृति के प्रत्याशा एवं तकनीकी स्वीकृत के बिना कोई निविदा आमंत्रित नहीं की जायेगी परन्तु स्वीकृति के प्रत्याशा में विभाग द्वारा निविदा निकाला जाता है, ऐसे में नियम बनाने वाले अधिकारी ही नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है।एसोसिएशन उपाध्यक्षरवीन्द्रनाथ मिश्र, महामंत्री गोविन्दनाथ पाण्डेय ने कहा कि अनेक पत्रों के माध्यम से ठीकेदारों की समस्यायें शासन-प्रशासन को पहुँचाई गयी लेकिन अभी तक प्रमुख अभियन्ता लोनिवि लखनऊ द्वारा केवल 5 साल अनुरक्षण हटाये जाने का आदेश जारी किया गया है, शेष ठेकेदारों की मांग अभी पूरी नहीं की गयी। छः सूत्रीय मांग में यह आंशिक माना जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में ठेकेदारों का छः सूत्रीय मांग जब तक पूरी तरह से शासन-प्रशासन द्वारा नहीं मान लिया जाता, तब तक ठेकेदारों द्वारा निविदा का बहिष्कार चलता रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर मुख्यालय का घेराव एवं धरना प्रदर्शन भी जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में अशोक सिंह, जयन्त्री सिंह बबलू पाण्डेय, भुनेश प्रताप सिंह, राघवराम यादव, अजमत, नरेन्द्र सिंह, अरूण मिश्र, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, सुरेश चौधरी, संतराम चौधरी, चन्द्रेश सिंह, गुड्डू पाण्डेय, राम नरेश, परशुराम सिंह, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, अजय तिवारी, रोहित मिश्रा, रामचन्द्र सिंह, हरिनरायन दूबे, ओम सुनील कुमार श्रीवास्तव प्रकाश पाण्डेय, करीम अहमद, पिन्टू शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव के साथ ही अनेक ठेकेदार मौजूद थे।



## पुलिस ने पहले दर्ज नही किया मुकदमा, अब आरोपी की नही कर रही गिरफ्तारी

● विपक्षी के प्रभाव में पॉक्सो एक्ट के मामले में पुलिस नही है गंभीर

**अम्बेडकरनगर।** महिला संबंधी अपराध के प्रति जैतपुर थाना अध्यक्ष के द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा निर्देश है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है ताकि अपनी बात को खुलकर महिलाएं कह सकें। लेकिन पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में पुलिस अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी सात माह बाद भी नहीं कर पाई है। शुरू से ही पुलिस के द्वारा विपक्षी का सहयोग किया जा रहा है।पहले तो पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया बाद में उच्च अधिकारियों तक भी गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ अंततः थक हारकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो न्यायालय ने विपक्षी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। मुकदमा तो किसी तरीके से दर्ज हो गया बाद में विपक्षी के प्रभाव में आकर विवेचक के द्वारा मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाकर कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी होने पर वादिनी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दोबारा विवेचना किए जाने की मांग की। मामले में दोबारा विवेचना की जा रही है। पूरा मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां 17 वर्षीय नाबालिक लड़की काल्पनिक नाम पूजा बीते 25 मार्च 2024 को दोपहर करीब 2 बजे शौच के लिए गांव के बाहर गई थी।

उसका आरोप है जैसे ही अरहर के खेत के पास पहुंची पहले से घात लगाए बैठे आकाश पुत्र शिवप्रसाद ने उसे खेत में खींच ले गए। उसके साथ दुष्कर्म करने की नीयत से कपड़े फाड़ कर जबरदस्ती करने लगा। मौका पाकर चीख पुकार करने लगी तो विपक्षी के द्वारा लात घुसो थप्पड़ से उसकी पिटाई कर दी गई। किसी तरीके से अपनी जान बचाकर वहां से भागी तो विपक्षी लगातार जान से मारने की धमकी देता हुआ चला आ रहा हैं। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ऐसे में जैतपुर थानाक्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा राम भरोसे ही चल रही है।



# दीपमहायज्ञ में सबकी सद्बुद्धि को जलाए हजारों दिए

● गायत्री शक्तिपीठ पचपेड़वा पर चल रहा नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजन

**पचपेड़वा (बलरामपुर)** सबके लिए सद्बुद्धि और सबके लिए उज्वल भविष्य का भाव लेकर नगर में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन के चौथे दिवस सायंकालीन विराट दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा ने दीपयज्ञ में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को दीपक की महत्ता बताई। उन्होंने बताया जिस प्रकार घी युक्त सोने का कीमती दीपक भी बिना ज्योति के मूल्यहीन होता है। उसी प्रकार बिना बोध और बिना ज्ञान चेतना का वैभव संपदा संपन्न मनुष्य भी सच्चे अर्थों में मनुष्य नहीं होता। प्रज्ञा संबोधन के बाद कार्यक्रम स्थल पर रंगोली सज्जा के साथ सजाए गए दीपकों को प्रज्वलित कर गायत्री महामंत्र से आहुतियां देकर सबके लिए उज्वल भविष्य की प्रार्थना की गई। सभी श्रद्धालुओं ने तालियां बजाते हुए सामूहिक रूप से जय महाकाल संकीर्तन कर अपने भीतर की और समाज की बुराइयों को मिटाने का संकल्प किया। इससे पूर्व दोपहर में आयोजित शिक्षक सम्मान एवं सुपर 50 युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम में जय प्रकाश वर्मा ने प्रज्ञा विचारों के माध्यम से सभी को युग निर्माण अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहयोग करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा, गैंसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, आयोजन मंडल के संजय जायसवाल, अंगद प्रजापति, सीताराम वर्मा, राम कृपालु शुक्ला, हेमंत चौरसिया, ओम प्रकाश चौरसिया, सीमा सोनी, आकाश सोनी, कृष्ण कुमार कश्यप, हेमंत चौरसिया, नवल किशोर चौरसिया, ओमप्रकाश चौरसिया, कृष्ण कुमार पांडे, सुनील वर्मा, नानक चंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




# SC- ST की धाराओं में फर्जी फसाने वाली पेशेवर महिला गीता देवी का थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने जांच में किया बड़ा खुलासा

**अम्बेडकर नगर।** गीता देवी पत्नी राजेश निवासी जुनेदपुर थाना आलापुर जिसने अनेकों लोगों के विरुद्ध फर्जी तहरीर देकर स्ट.स्ज्ञ की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया है। उस स्ट स्ज्ञ धाराओं में फर्जी फसाने वाली पेशेवर महिला गीता देवी द्वारा दिनांक 24/11/2024 को दिए गए एक लिखित प्रार्थना पत्र की जांच में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने सिद्ध कर दिया कि तहरीर फर्जी है दो लोगों को फर्जी फंसाने के लिए दी गई है।

**गीता देवी की तहरीर में लगाए गए आरोप**

गीता देवी ने दिनांक 24/11/2024 को थाना अध्यक्ष आलापुर को दी गई तहरीर में धर्मेंद्र यादव पुत्र राम अवध निवासी हाफिज पुर एवं रहबर आलम पुत्र नवी आलम निवासी ग्राम इन्दईपुर दोनों लोगों पर आरोप लगाया कि दोनों एक ही मोटरसाइकिल पर बैठकर हथिनाराज की तरफ से आ रहे थे गीता देवी के दरवाजे पर पहुचे तो गीता देवी ने हाथ देकर रोका और कहा तुम लोगों ने मेरी वीडियो वायरल क्यों किया इस पर पीछे बैठे रहवर आलम ने गीता देवी को थप्पड़ मारा जिससे गीता देवी गिर गई और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

**थाना अध्यक्ष राकेश कुमार के द्वारा की जांच में शिकायत फर्जी पाई गई तहरीर कारण भी किया खुलासा**

गीता देवी पत्नी राजेश कुमार निवासी ग्राम जुनेदपुर थाना आलापुर जनपद अंबेडकरनगर द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र के संबंध में मौके पर जाकर जाँच की गई तो ज्ञात हुआ कि आवेदिका गीता देवी द्वारा मु0अ0स0 155/22 धारा 323/504/506/328/354 (ख) व 3/8 एससी एसटी एक्ट बनाम शाहिद मुनीर सिद्दीकी निवासी हुसैनपुर मुसलमान के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। बाद विवेचना प्राप्न साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र स0 ॖ-158/22 दिनाँक 19.8.22 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है। इसी मुकदमे को लेकर वादिनी गीता देवी व विपक्षी धर्मेन्द्र यादव पुत्र राम अवध निवासी हाफिजपुर थाना आलापुर जनपद अंबेडकरनगर के मध्य बातचीत के क्रम में आवेदिका धर्मेन्द्र यादव के घर पर गयी था। उसी समय पत्रकार हरिलाल प्रजापति भी मौजूद था। उसी मुकदमे को लेकर विपक्षी धर्मेन्द्र बादव व आवेदिका के मध्य मुकदमे में सुलह समझौते की बाता की जा रही थी और यह भी कहा गया था कि यह मुकदमा मैंने उच्चाधिकारियों के दबाव में लिखवाया था। इन्ही सभी बातो को हरिलाल प्रजापति द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से रिकार्डिंग करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिससे आवेदिका के बदनामी हुई एवं बेइज्जती महसूस की गई। इसी बात को लेकर आवेदिका द्वारा दिनाँक 24.11.24 को समय लगभग 10 बजे धर्मेन्द्र उपरोक्त एवं रहबरे आलम पुत्र नवी आलम निवासी ग्राम इन्दईपुर पर आरोप लगाया कि दोनो एक ही मोटर साइकिल पर बैठकर हाधिनाराज की तरफ से आ रहे थे और प्रार्थिनी के दरवाजे पर पहुँचे तो प्रार्थिनी ने हाथ देकर रोका और कहा तुम लोगो ने मेरी वीडियो वायरल क्यो की। इस पर पीछे बैठे रहबरे आलम ने प्रार्थिनी को थप्पड़ मारा जिससे प्रार्थिनी गिर गयी और जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घटना के समय दोनो व्यक्ति एक साथ बाइक से उसके घर पर नहीं गए थे।जिस समय की घटना है विपक्षी धर्मेंद्र यादव गाड़ी लेकर शादी में गया था। जिसकी पुष्टि लालमन मौर्य पुत्र गंगाराम मौर्य निवासी जुनैदपुर के द्वारा की गई क्योकि यह भी कार चलाता है और यह भी उस दिन कार लेकर शादी में गया था तथा रहवरे आलम के घर पर कैमरा लगा हुआ है कैमरे से भी इस बात की पुष्टी हुई है कि रहबरे आलम उसी दिनाँक उसी समय एक मय्यत में तीन लोगो के साथ मजगंवा गया था उसके बाद अपने घर आया था इसके बाद हाथिनाराज के पास उसकी ट्रेक्टर ट्राली फस गयी थी जिसके लिये जैक एवं जैक राड लेने घर आया था आने जाने का समय विपक्षी रहवरे आलम कैमरे में मौजूद है एवं अन्य गवाही से भी उपरोक्त बात की पुष्टी की गई। आरोपी गण रहबरे आलम के मो0 न0 7860292826 एवं धर्मेन्द्र के मो0न0 9721266416 की दिनांक 24.11.24 की अवलोकन किया गया तो अवलोकन से आरोपीगण दोनो मे बात होना और न ही अन्य दिनो मे बात होना पाया गया एवं दोनो के मोवाइल नंबर की लोकेशन भिन्न भिन्न पायी गई। इससे स्वतः साबित हो रहा है कि दोनों ही आरोपी गण एक साथ नहीं थे और न ही उनके द्वारा दिनाँक 24.11.24 को आवेदिका के साथ किसी प्रकार की घटना कारित की गई विपक्षी धर्मेन्द्र यादव के द्वारा पूर्व में आवेदिका का वीडियो रिकार्डिंग बनाकर वायरल की थी इसी पटना को लेकर आवेदिका द्वारा झूठा प्रार्थना पत्र दिया गया है। जिसपर किसी कार्यवाही की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। आवेदिका के द्वारा लगाये जा रहे आरोपो की जाँच से पुष्टी नहीं हो पा रही है।

**शाहिद मुनीर सिद्दीकी को फर्जी तरीके से SC ST में फंसाने का खुलासा होने पर बदला लेने के लिए दी गई तहरीर**

एक स्टिंग ऑपरेशन में गीता देवी ने खुद कबूला था कि किस तरह उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों और विकास विभाग के अधिकारियों के कहने पर शाहिद मुनीर सिद्दीकी को फर्जी तरीके से स्ट स्ज्ञ में फंसाया था। उस वीडियो के कुछ अंश को सी न्यूज पर दिखाई गई खबर के वायरल होने के बाद धर्मेंद्र यादव व रहबर आलम को फसाने की साजिश की गई थी। लेकिन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार की जांच में गीता देवी की तहरीर में लगाए गए आरोप फर्जी पाए गए।

**सी न्यूज पर चली खबर के बाद गीता देवी ने धर्मेंद्र यादव को जेल भेजने की खुले आम दी थी धमकी**

सी न्यूज पर चली खबर जब जनपद में वायरल हुई तो गीता देवी से कई स्तरों पर पूछताछ शुरू हुई। कहते हैं कि सबसे ज्यादा दबाव पुलिस विभाग की तरफ से था। उसी से परेशान होकर गीता देवी ने धर्मेंद्र यादव को वीडियो बनाने का जिम्मेदार मानते हुए धर्मेंद्र यादव को जेल भेजने की खुले आम धमकी दी थी। गीता देवी ने पहले वकील से तहरीर बनवाई थी जिसमें उसने धर्मेंद्र यादव पर आरोप लगाया था कि उसने गीता देवी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किया जिसकी खबर भी कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चली। लेकिन उस तहरीर में उल्लेख किए गए अश्लील वीडियो को गीता देवी पुलिस को उपलब्ध नहीं करा पायी। मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा था तो एक स्थानीय पत्रकार ने थाने में पैरवी की। तत्समय प्रभारी थानेदार ने बताया कि अश्लील वीडियो प्रस्तुत करें तभी मुकदमा दर्ज होगा। जब थाना अध्यक्ष राकेश कुमार छुट्टी से वापस आए तो दूसरी तहरीर दी गई जिसमें अश्लील वीडियो का मामला हटाकर थप्पड़ मारने, जाति सूचक शब्द कहने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया गया। जांच में यह आरोप भी फर्जी सिद्ध हुआ।

**गीता देवी एक पेशेवर महिला है जिसका काम ही लोगों को स्ट स्ज्ञ के फर्जी मुकदमे में फंसाना या धमकी देकर धन उगाहना है**

गीता देवी और उसके परिवार ने स्ट.स्ज्ञ एक्ट का दुरुपयोग कर अवैध धन उगाही को अपना पेशा बना लिया है। 2022 में इसने 2 मुकदमे और इसकी पुत्री ने एक मुकदमा थाना आलापुर में दर्ज कराया। मां बेटी किसी बिजनेस मैन, नामी गरामी या रसूखदार व्यक्ति को अपना निशाना बनाती है। यह पहले थाने पर तहरीर देने की धमकी देती है अगर सामने वाले ने डर कर समझौता कर लिया तो ठीक, वरना फिर थाने पर तहरीर देकर पुलिस से प्रताड़ित करवाती है उसके बाद इंसान पैसा देकर समझौता कर ही लेता है नहीं तो फिर कुछ बिकाऊ टाइप के पत्रकार और छोटे मोटे नेता से पैरवी कराकर मुकदमा दर्ज करवा देती है।फिर अदालत से गिरफ्तारी कुर्की आदि कर डर दिखाकर बड़ी धनराशि की वसूली करके अदालत में सुलह कर लेती हैं।

**कहीं पुलिस की मिलीभगत से तो नहीं गीता देवी वसूली का रैकेट चलाती है**

गीता देवी द्वारा बार बार फर्जी तहरीर देने का खुलासा हो जाने के बाद भी उसके ऊपर पुलिस प्रशासन का चाबुक आज तक नहीं चला। कब चलेगा यह कह पाना मुश्किल है। क्योंकि वीडियो में बताने के हिसाब से पुलिस के बहुत बड़े-बड़े लोगों का संरक्षण मिल रहा है विकास विभाग से भी कुछ लोग मिले हुए जो अपने विरोधियों को धमकाने के लिए गीता देवी का प्रयोग करते है फिर उसको संरक्षण भी देते हैं। फिलहाल देखना यह होगा की जो गीता देवी जनता में दहशत फैलाई है उससे जनता को कब राहत मिलेगी। नए कप्तान साहब को इसका संज्ञान में लेकर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। वैसे कप्तान साहब के लिए कार्यवाही करना किसी चुनौती से कम नहीं है।

## पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह जी अद्वितीय राजनेता- डॉ. विजय शंकर तिवारी

**अम्बेडकरनगर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री डा मनमोहनसिंह का कल 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया जिससे पूरे देश में शोक की लहर है। दिनों के राष्ट्रीय शोक के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज और कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस ध्वज अपने प्रधानमंत्री के सम्मान में आधा झुके रहेंगे. उप्र कांग्रेस सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि देश को सूचना का अधिकार कानून,भूमि अधिग्रहण कानून जैसे ऐतिहासिक कानून देनेवाले भारत के लाडले प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह जी के सम्मान में कांग्रेस ने अपने सारे कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं और कल कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर प्रातः 9.30 बजे अंतिम दर्शन श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ अंतिम संस्कार यात्रा शुरू होगी।उप्र कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डा जियाराम वर्मा ने शोक जताते हुए कहा कि देश को वैश्विक आर्थिक मंदी के दौर में भी मजबूती देनेवाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय डा मनमोहन सिंह ने भारत को न्यूक्लियर एनर्जी डील कर अपार मजबूती प्रदान की। उप्र कांग्रेस बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व सहसंयोजक रमेश मिश्र ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून लागू करनेवाले पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह जी ने आम आदमी को भूख से मुक्ति दी। उप्र कांग्रेस के पूर्व महासचिव शिव शंकर पाण्डेय ने कहा कि देश पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह का सदैव ऋणी रहेगा उन्होंने भारत की जनता को मनरेगा और स्वास्थ्य बीमा जैसी योजनाओं से रोजगार और सुरक्षा की गारंटी दी। एआईसीसी सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष सै मेराजुद्दीन किछौछ्वी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह ने शिक्षा का अधिकार कानून लागू कर उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जिससे आज पूरे देश में लाखों युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन कार्य मिला।पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह कप्तान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह का सरल सौम्य व्यक्तित्व गांव के एक साधारण युवा से लेकर रिजर्व बैंक के गवर्नर, वित्त मंत्री तथा प्रधानमंत्री बनने तक का सफर करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरित करनेवाला है। उप्र कांग्रेस सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि उप्र कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस स्थापना दिवस पर समस्त कार्यक्रम स्थगित कर सायं पांच बजे श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी है। उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, पीसीसी सदस्य डा नंदलाल चौधरी, पूर्व प्रदेश सचिव मो अनीश खान, पूर्व प्रदेश अमित जायसवाल ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह के निधन से देश की अपूर्णनीय क्षति हुई है देश ने एक गौरवशाली सपूत खो दिया है।जिला कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष अनुराग तिवारी, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष वशिष्ठ पांडेय तथा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा आर पी कौशल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ने रचा इतिहास 78 ग्राम पंचायतों में सबसे ज्यादा इन्टरलाकिंग रोड और वाटर आरओ देने का बनाया रिकॉर्ड



**लखनऊ।** राजधानी के विकासखंड मोहनलालगंज क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी द्वारा 78 ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा इंटरलॉकिंग रोड व आरो वाटर देने का काम किया गया बता दे जब से मोहनलालगंज ब्लॉक के प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी हुए हैं उन्होंने मोहनलालगंज क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग रोड नाला व आरो वॉटर लगाकर जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ जमकर पहुंचाया है इसी क्रम में शुक्रवार को भी ओम प्रकाश शुक्ला ने ग्राम पंचायत परसपुर ट्ठा में इंटरलॉकिंग रोड खेल के मैदान में आरो वॉटर का उद्घाटन किया उसके बाद ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने ग्राम गौतम खेड़ा में भी आरो वाटर का उद्घाटन किया इस अवसर पर उनके साथ उनके सुपुत्र करन शुक्ला बिंदेश्वरी अभिषेक शुक्ला बिंदेश्वरी, प्रधान प्रतिनिधि मातादीन गौतम, सुंदर लोधी, मातादीन लोधी, राजेश पांडे विनोद साहू रमेश सिंह व सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सरोजनीनगर ब्लॉक में हुआ कृषि संगोष्ठी का आयोजन

### किसानों को दी गई रवि फसलों की जानकारी



**लखनऊ।** गुरूवार को राजधानी के सरोजनीनगर ब्लॉक परिसर में विकास खंड स्तरीय कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार मौजूद रहे7 गोष्ठी में राम गोपाल, सहायक विकास अधिकारी कृषि सरोजिनी नगर द्वारा कृषकों को रवि फसलों में समसामयिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा कृषकों को फसल अवशेष न जलाने हेतु प्रेरित किया गया। डा0 विकास यादव, सहायक विकास अधिकारी, कृषि रक्षा द्वारा रबी फसलों में विभिन्न कीट एवं बीमारियों की पहचान व उनके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला आलमबाग से आए श्री अंकित जी द्वारा कृषकों को मृदा नमूना लेने तथा मृदा परीक्षण किया लाभ के बारे में जानकारी दी गई। श्री महेंद्र प्रताप सिंह अचीवर कृषक द्वारा कृषकों को ऑर्गेनिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी एवं खेती के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। उक्त गोष्ठी में विकासखंड स्तरीय कार्मिक प्रशांत कुमार, अभिषेक द्विवेदी, प्रभारी राजकीय बीज भंडार, शशांक सिंह, रजनीश वर्मा, राजेश सिंह, राम प्रकाश एवं विकासखंड सरोजिनी नगर के लगभग कृषक उपस्थित रहे।

## राधाकृष्ण अग्रवाल पुण्य स्मृति में विद्यालय में वार्षिकोत्सव संपन्न



.हरदोई बाल विहार, राम जूनियर एवं तारा एकेडमी के संस्थापक राधाकृष्ण अग्रवाल की पुण्य स्मृति मे आयोजित वार्षिकोत्सव के समापन दिवस पर समारोह की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने संस्थापक राधाकृष्ण अग्रवाल की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर, शैक्षणिक क्षेत्र मे उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने विद्यालय के होनहार नौनिहालों की प्रशंसनीय प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध होकर, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं। संस्थाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रबंधक अतुल अग्रवाल, प्रधानाचार्य, गुरुजन सहित प्रतिभाशाली विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

## एसडीएम की उपस्थिति में 1140 लीटर अबैध शराब कराई गई नष्ट

हरपालपुर,हरदोई। विगत वर्षों में थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर पकड़ी गई अबैध कच्ची शराब के 114 दर्ज अभियोगों में न्यायालय द्वारा फाइनल आदेश होने के उपरांत शुक्रवार को एसडीएम की मौजूदगी में मुकदमाती अबैध कच्ची शराब को नष्ट कराया गया। बताते चले कि विगत वर्षों में अबैध शराब के खिलाफ चलाये गए अभियानों के तहत थाना क्षेत्र में पकड़ी गई अबैध कच्ची शराब के 114 मुकदमे पंजीकृत किये गए थे।न्यायालय से इन मुकदमे के फाइनल होने के उपरांत शुक्रवार को एसडीएम संजय अग्रहरि की मौजूदगी में कोतवाली परिसर में 1140 लीटर मुकदमाती अबैध कच्ची शराब को नष्ट कराया गया।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा भी मौजूद रहे।

# बेंती गांव की गौ शाला का कायाकल्प कर दिया सचिव अजय चौधरी ने- देवेंद्र तिवारी

**● - गौ सेवा परिषद के अध्यक्ष ने कहा गौ सेवा आयोग से बात कर सचिव को दिलवाएंगे प्रशस्ति पत्र**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** सरोजनीनगर ब्लॉक के सांसद आदर्श ग्राम बेंती जहाँ लगभग ढाई बिगाह क्षेत्रफल में गौशाला बनी हुई जहाँ लगभग 216 गौवंश है। बता दे कि तीन माह पूर्व इस गौशाला में रोजाना एक दो गौ वंशों की मौत हुआ करती थी वो भी भूख और प्यास से। सितम्बर अजय चौधरी के सचिव बनने के बाद से गौशाला में काफी सुधार हुआ है। उक्त बातें शुक्रवार को भारतीय गौ सेवा परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ÷ रिंकू ने कही। उन्होंने बेंती गाँव के सचिव अजय चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि अजय चौधरी ने जब से बेंती गाँव का चार्ज सम्भाला है तब से गौशाला की कायाकल्प हो गई है। गायों को ठंड से बचने के लिए बेहतर तिरपाल की भी व्यवस्था भी गौशाला में है इसके अलावा जानवरों को चारे पानी की बेहतर व्यवस्था है। मुख्यमंत्री के आदेश है कि गाय के बछड़ों को बड़े जानवरों को अलग रखने की व्यवस्था की जाये जिसके चलते मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करते हुए सचिव अजय चौधरी ने गाय के बच्चों के लिए अलग रखने की भी व्यवस्था भी की है साथ ही अब गौशाला में रोजाना साफ सफाई भी की जा रही है। गौशाला में जलभराव न हो इसके लिए भी भूमिगत पाइप लाइन डलवाकर जल निकासी के लिए व्यवस्था की जा रही है ताकि गौशाला में कीचड़ न हो। रिंकू तिवारी ने कहा इसके लिए सचिव को गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष से बात कर प्रशस्ति पत्र भी दिलवाया जायेगा। शायद दुर्भाग्य कहें कि अच्छा काम करने वाले को उच्च अधिकारी भी देखना शायद पसंद नहीं करते हैं और वो अच्छे कार्य करने वालों को हज़म नही कर पा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों की माने तो उन्होंने भी गौशाला की सरहाना की ग्रामीणों ने कहा कि पहले से अब गौशाला की स्थिति काफी बेहतर है।

# थाना देवा पुलिस ने चार शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**बाराबंकी।** देवा पुलिस ने चार शातिर अपराधियों को पकड़कर राजधानी लखनऊ और आसपास के जनपदों में अपराध को अंजाम देने वाले एक बड़े गैंग का खुलासा किया है। देवा के एक पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरा कर फरार होने वाले और आसपास के जिलों में घूम घूम कर अपराधो को अंजाम देने वाले गैंग के चार शातिर अपराधियों को पुलिस और स्वाट टीम के लोगों ने गिरफ्तार कर उनके पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी, तीन तमंचा, 10 हजार नगद रुपया आदि सामान बरामद किया है कोतवाल अनिल पांडे का कहना है पकड़े गए अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। जनपद बाराबंकी के देवा चिनहट रोड स्थित पेट्रोल बापू किसान सेवा केंद्र पर 10 दिसंबर 2024 की रात अज्ञात बदमाशों ने ब्रीजा कार और डिग्गी में रखे ड्रम में 35000 का पेट्रोल भरा कर बिना पैसे दिए भाग गए थे, पेट्रोल पंप के मैनेजर लवकुश वर्मा ने देवा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था दर्ज कराए गए मुकदमे के आधार पर देवा कोतवाल अनिल पांडे, माती चौकी इंचार्ज संजीव सिंह, दीवान रामजी पाल आदि पुलिस और स्वाट टीम के लोग अपराधियों को पकड़ने के लिए लगे थे।

देवा कोतवाल अनिल पांडे ने बताया गुरुवार और शुक्रवार की रात माती चौकी इंचार्ज संजीव सिंह, दीवान रामजी पाल, बालवीर, हर वंश और स्वाट टीम के प्रवीण, अंकित, तोमर आदि लोग देवा चिनहट रोड उमरी जंगल के पास रात गश्त कर रहे थे तभी करीब 3 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी आते हुई दिखाई दी शक के बिना पर पुलिस दल ने उसे जब स्कॉर्पियो गाड़ी चालक को रोका तो गाड़ी में बैठे लोग भागने की कोशिश करने लगे तभी पुलिस दल ने गाड़ी में बैठे चार लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए शिवा पांडे पुत्र राकेश निवासी पाम रेजिडेंस लखनऊ, अनुज पाल पुत्र बेनी रामपाल निवासी लखनऊ, शिवम गौतम पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी वीरूरा पीजीआई लखनऊ, अनुराग वर्मा पुत्र अवनीश निवासी शिवपुरी सुशांत गोल सिटी लखनऊ की पुलिस ने जब जामा तलाशी लिया तो उनके पास से



तीन अवैध तमंचे, 10 हजार रूपए, ड्रम आदि सामान बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लखनऊ बाराबंकी आदि जनपदों में घूम-घूम कर अपराधों का अंजाम देते हैं उन्होंने पेट्रोल पंप बाबू किसान सेवा केंद्र पर पेट्रोल भरा कर भागने की बात कबूल किया। आरोपियों ने बताया रामनगर सतरिख आदि तमाम जगहों पर उन्होंने अपराध किए हैं उनके विरुद्ध बाराबंकी लखनऊ आदि जगह पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं देवा कोतवाल अनिल पांडे ने बताया- पकड़े गए अपराधियों के अन्य साथी दूसरे थानों में पकड़े गए हैं।

# "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत "आपरेशन रक्षा" के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया



गया। पुलिस द्वारा आपरेशन रक्षा के तहत अवैध स्पा सेन्टर/ होटलों में मानव तस्करी व महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक कर अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही व संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

# नगर आयुक्त ने सबसे बड़े फिसड्डी जोन-3 की लगाई क्लास, समीक्षा बैठक में जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** नगर निगम के नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने शुक्रवार सुबह अलीगंज स्थित जोन 3 के कार्यालय में समीक्षा बैठक की, जहां उन्होंने कर वसूली और कर निर्धारण में अनियमितताओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने जोन 3 को निगम के आठों जोनों में सबसे बड़े फिसड्डी के रूप में चिन्हित किया है, जो न सिर्फ कर वसूली में असफल रहा है, बल्कि गंदगी और शिकायतों के निपटान में भी नंबर 1 बना हुआ है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह नगर निगम के 1 हजार करोड़ रुपये के गृहकर वसूली के लक्ष्य को लेकर लगातार मेहनत कर रहे हैं, लेकिन जोन 3 के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह जोन अब तक सुधारने का नाम नहीं ले रहा। नगर आयुक्त ने बैठक के दौरान कड़ी चेतावनी दी और कहा कि इस वित्तीय वर्ष में जोन 3 से जो अपेक्षाएँ की गई थीं, वह पूरी नहीं हो पाई हैं।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि 31 मार्च तक किसी भी भवन के परिवर्तन और परिवर्धन के कर निर्धारण में कोई छूट न दी जाए और 15 जनवरी तक अनावासीय भवनों से शत-प्रतिशत कर वसूली की जाए। इस समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। नगर आयुक्त की इस बैठक से साफ संकेत मिल रहा है कि जोन 3 में सुधार लाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

जोन-3 ने इस वित्तीय वर्ष में कर वसूली और कर निर्धारण में जो अनियमितताओं की मिसाल पेश की है, वह बाकी जोनों को भी शर्मिंदा कर सकती है। नगर आयुक्त ने जोन-3 को न केवल कर वसूली में सबसे असफल घोषित किया, बल्कि गंदगी और शिकायतों के निस्तारण में भी इसे "चैंपियन



ऑफ द ईयर" घोषित किया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह लखनऊ नगर निगम के 1,000 करोड़ रुपये के गृहकर वसूली लक्ष्य को लेकर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ, जोन-3 के अधिकारी शायद इस लक्ष्य को फिल्म की कहानी समझकर अनदेखा कर रहे हैं। जब पूरे शहर को स्वच्छ और समृद्ध बनाने का सपना देखा जा रहा है, तब जोन-3 ने "ख्वाबों में हो रही मेहनत" का नया ट्रेंड शुरू कर दिया है।

# लखनऊ- यूजर चार्ज वसूली में असमानता, नगर निगम को हो रहा भारी नुकसान

**● - रैमकी ने यूजर चार्ज वसूल बढ़ाया राजस्व**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ-** राजधानी लखनऊ के आठ जोनों में से पांच जोनों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य करने वाली रामकी कंपनी ने इस बार यूजर चार्ज वसूलने में सफलता प्राप्त की है, जबकि जोन 2, 5 और 8 में कूड़ा कलेक्शन का कार्य कर रही लायन सेक्योरिटी कंपनी ने काफी कम यूजर चार्ज वसूला है, जो रामकी कंपनी से कहीं पीछे है। इस असमानता ने नगर निगम के अधिकारियों को चिंता में डाल दिया है और अब यह सवाल उठने लगा है कि कहीं नगर निगम को ठगा तो नहीं जा रहा है।

रामकी कंपनी द्वारा वसूली गई राशि और लायन सेक्योरिटी कंपनी द्वारा वसूली गई राशि में भारी अंतर होने के कारण नगर निगम को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि दोनों कंपनियों के द्वारा वसूला गया यूजर चार्ज उनकी सेवाओं और कार्यक्षेत्र के अनुसार उचित है या नहीं। अधिकारियों का मानना है कि यदि इसमें कोई अनियमितता या धोखाधड़ी पाई जाती है, तो उसे तुरंत सुधारा जाना चाहिए।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले की गहरी जांच करेंगे और यदि कोई भी अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस समय, लखनऊ नगर निगम की निगाहें इस मामले पर हैं, और यह देखना बाकी है कि क्या दोनों कंपनियों के बीच वसूली की असमानता को जल्दी और सही तरीके से हल किया जा सकेगा।

जानकारी के मुताबिक 1 दिसम्बर से 27 दिसंबर तक दोनों कंपनियों ने मिलकर 1 करोड़ 20 लाख रुपये का कलेक्शन किया है वही 3 जोनों में निजी संस्था ने सबके कम यूजर चार्ज वसूला है स्र ने जोन 1 में बारह लाख का कलेक्शन किया तो लायन ने जोन




2 में 6 लाख का भी ग्राफ पार नही किया

जोन 3 की बात करे तो स्र ने तकरीबन उन्नीस लाख व जोन 4 में तकरीबन 26 लाख का कलेक्शन किया है तो वही लायन अपने जोन पाँच में मात्र 10 लाख रुपये के आंकड़े को छूकर वापस आ गई

जोन 6 में स्र ने तेईस लाख तो जोन सात में कंपनी ने तेरह लाख का आंकड़ा पार किया तो जोन आठ में काम कर रही लायन ने 9 लाख रुपये भी राजस्व इकट्ठा नही कर पाई

अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब रैमकी कंपनी ने इतना राजस्व इकट्ठा किया तो लायन अपने तीन जोनों में यूजर चार्ज वसूलने में नाकाम कैसे हुई क्या इस चार्ज को वसूलने में बंदरबाट हुई या फिर कोई और वहज

# खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**● - खेल हमारे जीवन की आवश्यकता - नेकपाल यादव**

स्वतंत्र प्रभात



**माल, लखनऊ।** नारायणपुर मैदान में गुरुवार को खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि विकासखंड माल की क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपिका यादव के नेतृत्व में विकासखंड अंतर्गत स्थित नारायणपुर के खेल मैदान में खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहीमाबाद मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव रहें।जूनियर कार्यक्रम में जे एम एस पब्लिक स्कूल के कबड्डी व बॉलीबॉल में बालक व बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जिसमें दो सौ मीटर की दौड़ में आफरीन बानो,द्वितीय स्थान सारिका यादव व तृतीय स्थान पर शगुन सिंह रहीं वहीं सौ मीटर की दौड़ में शिवानी यादव प्रथम,शिवानी पाल द्वितीय व मानसी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं।वहीं सीनियर कबड्डी एवं बालीबाल प्रतियोगिता में करेंद व नबी पनाह विद्यालय के बच्चों ने बाजी मारी।प्रतिभागियों को पुरस्कार और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया।

**मंडल अध्यक्ष ने किया संबोधित**

रहीमाबाद मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है।

# सिधौली विधायक मनीष रावत ने लगाया जनता दरबार, जन समस्याओं का समाधान और योजनाओं की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली/सीतापुर,** आज सिधौली विधायक मनीष रावत ने अपने कार्यालय पर जनता दरबार आयोजित किया, जिसमें क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में बिजली बिलों में गड़बड़ी और राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं के साथ अधिकतर फरियादी पहुंचे। विधायक ने अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए सख्त निर्देश दिए और जनता को विश्वास दिलाया कि उनकी परेशानियों का जल्द समाधान होगा।

जनता दरबार के दौरान विधायक मनीष रावत ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं, या माता-पिता में से कोई एक नहीं है, उन्हें शिक्षा हेतु ?2,500 मासिक सहायता राशि दी जाएगी। और स्पॉन्सर योजना के तहत पात्र बच्चों को ?4,000 मासिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।विधायक ने इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र परिवारों से आवेदन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "सरकार की ये योजनाएं बच्चों के भविष्य को सुरक्षित और उज्जवल बनाने के लिए बनाई गई हैं। हर पात्र व्यक्ति को इनका



लाभ मिलना चाहिए।" जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और विधायक की पहल की सराहना की। मनीष रावत ने जनता को आश्वस्त किया कि उनके सभी मुद्दों को प्राथमिकता से हल किया जाएगा।

# नाली के विवाद में दो पक्ष भिड़े, 14 घायल

**● - अतरौली के सुआगाड़ा तिगावां के मजरा मवइया में चले लाठी-डंडे**

स्वतंत्र प्रभात

**अतरौली, हरदोई।** थानाक्षेत्र के सुआगाड़ा तिगावां के मजरा मवइया में गुरुवार को नाली के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट 14 लोग घायल हो गए। जिसमें दो लोगों की हालत गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है। अतरौली थानाक्षेत्र के मवइया गांव निवासी दिनेश ने बताया कि गांव के ही दयाशंकर, रामशंकर व श्यामलाल अपनी नाली का पानी उनके दरवाजे से बहाते हैं। इसको लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा है। कई बार सुलह समझौते में तय हुआ कि नाली पूरब से पश्चिम की ओर बहाई जाय। लेकिन विपक्षी मानने के बजाय दबंगई दिखाकर पानी उल्टा उनके दरवाजे से बहाते हैं। इसको लेकर गुरुवार सुबह उनके



चाचा रामलखन ने विरोध जताया तो विपक्षी दयाशंकर, कृपाशंकर, महेंद्र, मनीष, वीरू, श्यामलाल, रामशंकर, मनीष, अनीश व रामखेलावन ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसमें रामलखन व प्रेमलाल की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से ट्रामा सेंटर के लिए रिफर किया गया। दूसरे पक्ष के दयाशंकर ने बताया कि प्रेम व उनके साथियों ने नाली बंद करने के विरोध पर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने सीएचसी भरावन पर एक पक्ष के रामलखन, प्रेमलाल, रामजी, मालती, रेखा, कांती, निशा व द्वितीय पक्ष के श्यामलाल, महेंद्र, कृपाशंकर, दयाशंकर, शिवदेवी, मनोज व उषा का मेडिकल कराया





है। जिसमें रामलखन व प्रेमलाल की हालत नाजुक होने के कारण ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है। घायल श्यामलाल, महेंद्र, कृपा शंकर, रामजी व मालती को एक्सरे के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी रमेश सिंह सेंगर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# अबैध मिट्टी खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी सीज

स्वतंत्र प्रभात

**हरपालपुर,हरदोई।** थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे अबैध मिट्टी खनन की तमाम शिकायतो के बाद आखिरकार शुक्रवार को दिन में हो रहे अबैध मिट्टी खनन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी खनन में संलिप्त मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी को पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगातार हो रहे अबैध मिट्टी खनन की तमाम शिकायतो के बाद आखिरकार थाना क्षेत्र के मड़ैया गांव के पास शुक्रवार को अबैध मिट्टी खनन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी मशीन को पकड़ लिया ।जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्राली को थाने पर लाने के उपरांत नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल ने मौके पर पहुंचकर बिधिक कार्यवाई के निर्देश दिए।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि अबैध रूप से मिट्टी खनन कर रही जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर सीज किया गया है



तथा एडीएम को रिपोर्ट बनाकर भेजी जा रही है।अग्रिम बिधिक कार्यवाई जारी है।

# स्वकर निर्धारण प्रणाली पर शुरू होगा अमल, कर के दायरे में आठ हजार मकान

स्वतंत्र प्रभात

**पिहानी** नगर पालिका परिषद में स्वकर योजना लागू करने के लिए निर्देश अमित कुमार सिंह ने दिया जिसकी आपत्तियों की सुनवाई शुक्रवार नगर पालिका की सभागार में अधिशासी अधिकारी ने की। अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि दरों में कमी बोर्ड की बैठक में बोर्ड समिति करेगी। जो मानक शासन से है वही निर्णय मान्य होगा। स्वकर योजना 1 अप्रैल सन 2025 से शुरू होगी। स्वकर योजना के जरिये मकान मालिक अब खुद ही अपने कर का निर्धारण करेंगे। इसके बाद कर नगर पालिका में जमा करेंगे। किसी भी तरह की अनियमितता और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए इस प्रक्रिया को लागू किया गया है। अलग-अलग इलाकों का अलग-अलग कर तय किया गया है।सर्वे के बाद बढ़े मकानों को भी इसके दायरे में लाया जाएगा।अब स्वकर निर्धारण प्रणाली को पालिका स्तर पर भी लागू किया जा रहा है। जिनमें 12 मीटर से कम और 12 से 24 मीटर तक की सड़क के दायरे में आने वाले भवनों पर तय कर लगेगा। साथ ही 24 मीटर से ज्यादा सड़क के दायरे में आने वाले भवनों पर 4.20 रुपये प्रतिमाह प्रति स्क्वायर फीट की दर से कर लगेगा। हालांकि, 24 मीटर से ज्यादा सड़क वाले भवन बेहद कम हैं। ऐसे में स्वकर निर्धारण के लिए दरें तय कर दी गई हैं। मकान मालिक अपना किराया तय कर नगर पालिका में जमा कराएंगे।

**नो ड्यूज न होने पर नहीं मिलेंगी सेवाएं**

नई प्रक्रिया को अमल में लाए जाने के साथ ही लोगों का पुराना कर जल्द जमा करना होगा। नगर पालिका जो भी सेवा दे रही है, जिसमें जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र समेत अन्य सेवाएं शामिल हैं, उन्हें रोकने के निर्देश दिए हैं। अब उपभोक्ताओं को नो ड्यूज न होने तक इन सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

**क्या है स्वकर निर्धारण प्रणाली**

इस प्रणाली के तहत नगर पालिका की ओर से एक फार्मेट दिया जाएगा। जिसमें भवन स्वामी स्वयं अपने भवन के कमरों की संख्या, एरिया को भरेगा। फिर पालिकाकर्मी उसका सत्यापन करेंगे। सत्यापन के बाद



स्वकर की दरों के हिसाब से उसका एक टैक्स प्रभावी हो जाएगा। जिसके बाद वह अपना कर नगर पालिका में हर माह जमा करना होगा। स्वकर निर्धारण प्रणाली को समझने में अभी शहरवासियों को समय लग सकता है। इसके लिए पालिका की टीमें स्वयं यह फार्मेट लेकर घर-घर जाएंगी या फिर लोग पालिका कार्यालय में आकर जानकारी ले सकते हैं। स्वकर निर्धारण प्रणाली को अब पूरी तरह अमल में लाया जाएगा। अब नई दरें और नए तरीके से कर का निर्धारण कराया जा रहा है। डीएम के निर्देश के बाद व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। -अमित कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

# जिलाधिकारी ने किया नगर पालिका निर्माणाधीन रैन बसेरे का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई,** आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नगर पालिका परिसर में निर्माणाधीन रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरे के स्वागत काउंटर से लेकर पेयजल आदि की सभी व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के इंजीनियर को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ 20 जनवरी से पहले पूरा कराया जाये। रैन बसेरे के द्वार के पास एक गार्ड रूम बनवाया जाये। प्रांगण का अवशेष कार्य जल्द पूरा किया जाये। डूडा को उन्होंने निर्देश दिए कि संचालन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। खिड़कियों में ऐसी कांच का उपयोग किया जाये जिससे आर पार न दिखायी दे। नगर पालिका को निर्देश दिए कि परिसर के आस पास सफाई करायी जाये। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन सुखसागर मिश्र मधुर, पीओ डूडा व अन्य सम्बंधित अधिकारी



उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कमरौली पुलिस द्वारा 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानून व्यवस्था, शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखना प्रमुख उद्देश्य - अभिनेष कुमार कुमार**




**कमरौली अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक रामजी सिंह थाना कमरौली मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अशफाक अहमद पुत्र अफजाल अहमद निवासी कमरौली थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष को लोहिया पुल फौजी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी से गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है । वहीं थाना अध्यक्ष कमरौली अभिनेष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानून व्यवस्था, शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखना प्रमुख उद्देश्य है।

## महुली गांव में बाइक के धक्के से एक मासूम बालक हुआ घायल, अस्पताल में इलाज जारी



**सोनभद्र,विंढमगंज।** थाना क्षेत्र के महुली गांव में बाइक के धक्के से एक मासूम बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 4 वर्षीय फैजान पुत्र जलालुद्दीन निवासी महुली अपने घर के पास खेल रहा था कि बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मासूम बालक घायल हो गया। घायल अवस्था मे परिजनों ने एक निजी अस्पताल ले गए। जहाँ फिर मासूम बालक के परिजनों ने इलाज हेतु शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी पर भर्ती कराया। जहाँ इलाज चल रहा है। आपको बताते चलो।यह घटना एक बार फिर बाल सुरक्षा के मुद्दे को उजागर करती है। सड़कों पर वाहन चालकों द्वारा गति सीमा का पालन न करना और लापरवाही से वाहन चलाना अक्सर बच्चों के लिए जानलेवा साबित होता है। और बच्चों को सड़क पर अकेले न जाने दें और उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में सिखाएं।

## पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण पर दी गयी विदाई



**हरपालपुर,हरदोई।** लंबे समय से थाने पर तैनात एक आरक्षी व मुख्य आरक्षी के स्थानांतरण होने पर थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में दोनो पुलिस कर्मियों को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की गई।इस दौरान साथी पुलिसकर्मी व आमजन भावुक हो गएजानकारी के अनुसार हरपालपुर थाने पर तैनात मुख्य आरक्षी नीतेश शुक्ला लगभग ढाई वर्ष से व आरक्षी ब्रजेश शुक्ला लगभग 6 वर्षो से हरपालपुर थाने पर तैनात रहे।एसपी नीरज जादौन ने गुरुवार को दोनो पुलिस कर्मियों को थाने से स्थानांतरित करते हुए मुख्य आरक्षी नीतेश शुक्ला को सदर कोतवाली हरदोई व आरक्षी ब्रजेश शुक्ला को थाना बेहटा गोकुल के लिए स्थानांतरित कर दिया।शुक्रवार को दोनो पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण होने पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। विदाई के दौरान दोनो आरक्षियों के सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए लोगो की आंखे नम हो गयीं।साथ ही साथी पुलिस कर्मी भी विदाई के समय भावुक हो गए।दोनो आरक्षियों की तैनाती के दौरान बेदाग कार्यशैली रही तथा सराहनीय कार्यो के लिए लोगो का हृदय उनकी विदाई के समय द्रवित हो गया।विदाई देते हुए लोगो ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।इस मौके पर भाजपा नेता अभिराम सिंह,समाजसेवी अमित पाण्डेय,ग्राम प्रधान सज्जाद मंसूरी,अतुल सिंह,कमलेश पाल,अजय शुक्ला,अवनीश द्विवेदी,अरविंद मिश्र,सहित मीडियाकर्मी व स्थानीय पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर जायस का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**● निरीक्षण के दौरान 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की प्रगति का जिलाधिकारी द्वारा अनुश्रवण किया**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर जायस का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की प्रगति का जिलाधिकारी द्वारा अनुश्रवण किया गया तथा निक्षय शिविर का अवलोकन किया गया। नि:क्षय शिविर के माध्यम से प्रतिदिन लगभग प्रति केंद्र 60-70 लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएचओ से निक्षय पोर्टल खुलवाकर फॉर्म-1 तथा फॉर्म-2 की फीडिंग की जानकारी ली, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी लक्षणयुक्त व्यक्तियों की नॉट से स्पुटम जांच कराई जाए। जनपद में तीन एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती हो चुकी है एक्स-रे टेक्नीशियन की रोस्टर वार ड्यूटी लगाते हुए एक एक्स-रे टेक्नीशियन से 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित एक्स-रे मशीन का संचालन सुनिश्चित कराया जाए जिससे अधिकतम व्यक्तियों की जांच कराई जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान समय 17 माइक्रोस्कोप स्थापित हैं, जिसमें से 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित एवं संचालित हैं। जनपद में वर्तमान में 3 एक्स-रे (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर, अमेठी व गौरीगंज) में मशीन संचालित हैं एवं अभियान हेतु उपलब्ध कराई गई एक डिजिटल एक्सरे मशीन संचालित है। जनपद अमेठी में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के दौरान कुल 215000 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य प्राप्त हुआ है लक्ष्य के सापेक्ष दिनांक 26 दिसंबर 2024 तक कुल 64355 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, लक्षणयुक्त पाए गए व्यक्तियों में 204 की सीबी नॉट जांच, 383 माइक्रोस्कोप एवं 234 का एक्सरे किया जा चुका है, जिसमें से 115 व्यक्ति टीबी धनात्मक नोटिफाइड किए गए हैं। समस्त धनात्मक पाए गए रोगियों का उपचार शुरू करा दिया गया है। जनपद अमेठी में 1 जनवरी 2024 से अब तक कुल 3573 मरीज धनात्मक पाए गए हैं जिन्हें समुचित उपचार प्रदान किया जा रहा है। जनपद में 196 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है प्रत्येक निक्षय शिविर में प्रतिदिन लगभग 70-80 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। आशाओं का संवेदीकरण कर अभियान के प्रचार प्रसार हेतु हैंडबिल वितरित किया गया है।

# थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में शुकुल बाजार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**● 34 ग्राम स्मैक के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार**

**लगातार नशा मुक्ति अभियान को सफल बना रही शुकुल बाजार पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में शुकुल बाजार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तों पिन्टू पुत्र संतराम उम्र करीब 23 वर्ष, जितेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र रामकिशोर उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण पूरे झाऊ का पुरवा मजरे दक्खिन गांव क्यार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी को रीछ घाट पूल के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त पिन्टू के कब्जे से 18 ग्राम स्मैक व अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ छोटू के कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल दयाशंकर मिश्र ने कहा कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान को शुकुल बाजार पुलिस लगातार सफल बनाते हुए विधिक कानूनी कार्रवाई कर रही है। साथ ही साथ थाने आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन जनसुनवाई के माध्यम से भी फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार गस्त जारी है, हर गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है, प्रमुख धार्मिक स्थलों सहित सभी प्रमुख चौराहों कस्बों आदि स्थानों पर सतर्कता बरती जा रही है।

# श्रीराम कथा हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण कथा है और इसे भक्ति, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करने का माध्यम माना जाता है

**● सोनभद्र चोपन में श्रीराम कथा का भव्य समापन**

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र, उत्तर प्रदेश-** प्रीतनगर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में कथावाचक पं. दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी महाराज और राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने आहुति दी। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कथावाचक पं. दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने नौ दिनों तक भक्तों को श्रीराम कथा की महिमा बताई। उन्होंने भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने का आह्वान किया। उन्होंने हवन यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि यह वातावरण को शुद्ध करता है और व्यक्ति को आत्मिक शक्ति प्रदान करता है। श्रीराम कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है और उसके मन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव जागृत होते हैं।

समापन समारोह में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। दोपहर तक हवन यज्ञ चला और शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील सिंह ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, नवल किशोर चौबे, कमल किशोर सिंह सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जन स्वाभिमान सेवा समिति का 10वाँ वार्षिक समारोह सम्पन्न

**● मुख्यअतिथि प्रो0 बालचन्द्र यादव निदेशक, भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** जन स्वाभिमान सेवा समिति उ0प्र0 लखनऊ का गठन 25 दिसम्बर 2014 को हुआ था । समिति अपना वार्षिक उत्सव प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाती चली आ रही है। समिति अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जहाँ दृढ़ संकल्प है वहीं पर योजनाबद्ध तरीके से अधिकाधिक सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराने के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सघन अभियान चलाने पर चर्चा मुख्य बिन्दु है। समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव आह्वाहन पर समिति का 10वाँ वार्षिक उत्सव बुधवार को कृष्णा पब्लिक विद्यालय, औरंगाबाद, बिजनौर लखनऊ परिसर में विद्यालय के प्रबन्धक लालमणि यादव के सौजन्य से दूर दराज से आये समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के आगमन पर बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक व धूमधाम से मनाया गया। संस्था के महामंत्री हरिकेष यादव ने सभी आगन्तुकों का स्वागत सत्कार किया तथा अपने उदबोधन में संस्था के विस्तारीकरण पर सभी बधुओं से अग्रिम होनेवाली बैठक में कम से कम 5 सदस्यों को शामिल कराने का संकल्प कराया। जितेन्द्र कुमार "गुडडू" ने अपने उदगार पवित्र धार्मिक पुस्तक गीता के श्लोक से करके लोगों को जागरुक करने का भरसक प्रयास किया। मुख्य अतिथि प्रो0 बाल चन्द्र यादव ने शिक्षा पर जोरदार वक्तव्य दिया। दीपक कुमार यादव अधिवक्ताओं की ओर से अपने विचार रखे और युवाओं से अपेक्षा किया कि अधिवक्ता बनकर संवैधानिक न्यायिक प्रक्रिया की ओर अग्रसर होकर अपना रुख करें, जिससे समाज के गरीब व मजलूमों की मदद कर सकने में सक्षम होंगे।

कुलदीप यादव ने भविष्य में संस्था द्वारा गरीब होनहार बच्चों को उनके साधन पूर्ति में योगदान करने पर अपने सुविचार रखे। समिति के वार्षिक समारोह में अध्यक्षता कर रहे, आयोजक लालमणि यादव प्रबंधक, कृष्णा पब्लिक स्कूल रॉयल सिटी, औरंगाबाद लखनऊ ने संस्था के अधिकाधिक विस्तार करने पर बल दिया। समारोह समापन पश्चात आगन्तुकों के लिए तहरीभोज का भी आयोजन आयोजक द्वारा किया गया।

# सोनभद्र के खदान में फिर से दफन हो गई एक श्रमिक की जान, मोटी रकम की आंच तले दबा दी जाएगी जांच, जाने लोगों ने आखिरकार ऐसा क्यों बोला

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र** ओबरा 27 दिसंबर 2024। सोनभद्र की गहरी पत्थर खदानों में दम तोड़ते श्रमिकों की असमय मौत का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को देर शाम ओबरा में खदान में कार्यरत एक टीपर चालक की गहरी खदान में वाहन समेत गिरने से हुई दर्दनाक मौत के बाद सवाल फिर से खड़े होने लगे हैं कि आखिरकार खदानों में कब तक मौत का यह सिलसिला चलता रहेगा। सोनभद्र जिले के ओबरा के गजराज नगर में गुरुवार को खनन क्षेत्र में एक टीपर पलटने से चालक की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने सड़क जाम कर दिया और पुलिस से तीखी झड़प भी हुई है?। घटनाक्रम के अनुसार, ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी के बाड़ी खनन क्षेत्र में एक टीपर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टीपर चालक हरिलाल (55) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो कर अन्य लोगों के साथ ओबरा के गजराज नगर में चोपन मार्ग को जाम कर दिए थे। इस बीच हादसे से आक्रोशित लोगों व परिजनों ने पुलिस पर शव को गायब करने का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग कर रहे थे। लोगों का आरोप रहा है कि सुरक्षा नियमों को धता बताते हैं खदानों में वाहनों का आना जाना लगा हुआ है जिससे आएं दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन खदानों में संलिप्त लोगों के रसूख और रुपयों के आगे गरीब श्रमिकों की आवाज को दबा दिया जाता है। गहरी खदान में टीपर पलटने से चालक की मौत के बाद आक्रोशित लोगों द्वारा सड़क जाम करने की सूचना होने पर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूलने लगे थे।मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। बाद में सीओ ओबरा हर्ष पांडेय और नायब तहसीलदार रजनीश यादव ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को आश्वासन दिया कि शासन के नियमों के अनुसार परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तब जाकर रात्रि में करीब जाम हटाया जा सका है।

**मामले को दबाने के लिए परिजनों पर बढ़ा दबाव**

खदान में टीपर पलटने से जान गंवाने वाले चालक के परिजनों को मीडिया के लोगों से दूर रहने तथा उनकी आवाज को दबाने के लिए हादसे के तत्काल बाद खदान मालिक के गुर्गों की दौड़ तेज़ हो गई थी। मृतक चालक के परिजनों के आगे पीछे लगे होने के साथ पुलिस की लिखा पढ़ी तक इनकी सक्रियता देखते बन रही थी। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह भी पीड़ित परिवार वालों को संवेदना जताने से कहीं ज्यादा मामले में खामोश बने रहने और ले-देकर मामले को रफा-दफा कर लेने ही मुनासिब होगा कि तासिर पिलाई जा रही थी।

**मौत की खाई साबित होती आई हैं गहरी खदानें**

सोनभद्र के खदानों में होने वाले हादसा-दर हादसों के बाद एक सवाल उठता रहा है कि आखिरकार खनन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पहाड़ों को काटने और गहरे गड्ढे खोदने के लिए अनुमति दी तो जाती है, लेकिन उन्हें पाटने की जो नियमावली है आखिरकार उसे नजरअंदाज करते हुए आएं लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती है? जबकि यह काम पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। क्यों कि इससे आम इंसानों से लेकर जंगली जीव जंतुओं के जीवन को भी खतरा बना रहता है। लेकिन नहीं ऐसा न कर खनन कंपनियां अनुचित तरीके से खनन कर बड़ी-बड़ी गहरी खाइयों को बढ़ावा देती आई हैं।

**सुरक्षा मानकों को ढ़ेगा दिखाते हुए हो रहा है खनन**

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि खनन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का पालन न होना बहुत गंभीर समस्या है। एक ही रास्ते से आना-जाना, खासकर खनन क्षेत्र में, बेहद खतरनाक हो सकता है। यह स्थिति आपातकालीन स्थिति में लोगों को निकलने का रास्ता नहीं छोड़ती, जिससे हादसे की स्थिति में जान-माल का नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। गहरी खदानों में एक ही रास्ते के कारण हादसे की स्थिति में बचाव कार्य भी मुश्किल हो जाता है, जिससे जान-माल का नुकसान बढ़ जाता है। देखा जाए तो खनन क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं, लेकिन यह सबकुछ भी कागजों में हो रहा है। बड़े हादसों के बाद जगने वाले मुलाजिम मामला ढंठा होने पर नोटों भरी चादर तान कर इधर से आंखें भी मूंद लेते हैं। ताजा मामला भी इसी अनदेखी का परिणाम बताया जा रहा है। बहरहाल अब देखना यह है कि इस मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो पाती है या इसे भी अन्य हादसों की भांति दबा दिया जाता है।

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संदर्भ में प्राप्त फीडबैक में अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण समय से न किये जाने पर माह दिसम्बर 2024 के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि बेतन आहरण इस शर्त के साथ किया जायेगा कि जब अधिकारियों द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जायेगा कि पोर्टल पर प्राप्त समस्त संदर्भ के निस्तारण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क एवं स्थलीय सत्यापन करते हुए आख्या अपलोड की गयी है। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण न करने में क्षेत्राधिकारी, सदर नगर, घोरावल ओबरा पिपरी दुद्धी सोनभद्र, थानाध्यक्ष-शाहगंज, रामपुर बरकोनिया, कोन ,रायपुर विण्ढमगंज, बीजपुर, पिपरी, राबर्टसगंज, जुगैल, दुद्धी. शक्तिनगर, घोरावल, अनपरा ओबरा, बभनी म्योरपुर करमा, पन्नुगंज चोपन सोनभद्र, मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सोनभद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी चोपन राबर्ट्सगंज, घोरावल, म्योरपुर नगवा, चतरा सोनभद्र, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद राबर्टसगंज सोनभद्र, अधिशासी अधिकारी-नगर पंचायत अनपरा, ओबरा सोनभद्र, सहायक विकास अधिकारी (पं0), चोपन, राबर्ट्सगंज, नगवां, बभनी, चातरा, दुद्धी, म्योरपुर, घोरावल सोनभद्र, बाल विकास परियोजना अधिकारी, नगवा, चतरा चोपन, दुद्धी सोनभद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, सोनभद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी-नगवा, म्योरपुर, चोपन, चतरा सोनभद्र, खण्ड विकास अधिकारी-दुद्धी, राबर्टसगंज, करमा सोनभद्र, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक-राबर्ट्सगज, घोरावल सोनभद्र,उप जिलाधिकारी घोरावल राबर्ट्सगज, दुद्धी. ओबरा,सोनभद्र, तहसीलदार-ओबरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सोनभद्र, पशु चिकित्साधिकारी घोरावल सोनभद्र, जिला कृषि अधिकारी सोनभद्र, प्रभागीय वनाधिकारी राबर्टसगंज सोनभद्र, जिला उपायुक्त मनरेगा सोनभद्र, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0 सोनभद्र, सहायक परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) सोनभद्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी, सोनभद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, पिपरी सोनभद्र, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, सब रजिस्ट्रार, घोरावल सोनभद्र, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी, सोनभद्र, जिला आबकारी अधिकारी सोनभद्र, सहायक अभियन्ता, लघु सिचाई सोनभद्र, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सोनभद्र, परियोजना अधिकारी, डूडा सोनभद्र द्वारा आई.जी.आर.एस.पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय से नहीं किया गया है और ना ही सम्बन्धित शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर फीडबैक लिया गया हैं।उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में मा0मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अत्यधिक जन शिकायतें (मुख्यमंत्री



हेल्पलाइन, 1076 आन लाइन/जिलाधिकारी संदर्भ) में राजस्व अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ता से न तो सम्पर्क किया गया है और न ही स्थलीय सत्यापन हेतु भ्रमण किया गया है जबकि आईजीआरएस पोर्टल में पूर्व से यह व्यवस्था है।

पोर्टल का अवलोकन किया गया।पोर्टल पर 01 दिसम्बर 2024 से 26 दिसम्बर 2024 तक में कुल 866 संदभो का शासन स्तर से फीडबैक लिया गया है। जिसमें सम्बन्धित विभागों द्वारा अधिकांश संदर्भो में न तो शिकायतकर्ता से सम्पर्क किया गया और न तो स्थलीय सत्यापन ही किया गया है।उक्त निर्देशों का अनुपालन बेहतर ढंग से न होने पर माह दिसम्बर 2024 के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं। बेतन आहरण इस शर्त के साथ किया जायेगा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जायेगा कि पोर्टल पर प्राप्त समस्त संदर्भ के निस्तारण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क एवं स्थलीय सत्यापन करते हुए आख्या अपलोड की गयी है।

# सोनभद्र में अनियंत्रित ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त मकानों के मुद्दे पर अहिंसा सेवा पार्टी का रुख

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** ओबरा अहिंसा सेवा पार्टी द्वारा उठाया गया यह मुद्दा सोनभद्र के ओबरा डाला खनन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पार्टी का यह कहना कि खनन गतिविधियों के कारण आम लोगों के घरों को नुकसान पहुंच रहा है और उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, एक गंभीर मुद्दा है। अहिंसा सेवा पार्टी ने जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) की ओर इशारा करते हुए कहा है कि इसका गठन खनन प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा के लिए किया गया था।पार्टी का कहना है कि अनियंत्रित ब्लास्टिंग से लोगों के घरों को नुकसान पहुंच रहा है। पार्टी ने प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को 20 लाख रुपये तक का मुआवजा देने की मांग की है।

पार्टी ने अनियंत्रित ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, खनन क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार लाने और खनन क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के उपाय करने की मांग की है।



अनियंत्रित ब्लास्टिंग से लोगों के घरों को नुकसान पहुंच रहा है, खनन गतिविधियों में अनियंत्रित ब्लास्टिंग के कारण भूकंप जैसी स्थिति उत्पन्न होती है जिससे उनकी जीवन और संपत्ति को खतरा बढ़ गया है।पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है, जिससे जल और वायु प्रदूषण बढ़ गया है और समस्याओं से सामाजिक असंतोष बढ़ रहा है और लोगों में सरकार के प्रति अविश्वास पैदा हो रहा है। अहिंसा सेवा पार्टी के अध्यक्ष विजय शंकर यादव ने कहा कि स्वतंत्र जांच समिति का गठन किया जाना चाहिए जो इस बात की जांच करे कि ब्लास्टिंग से कितने घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और प्रभावित लोगों को कितना मुआवजा मिलना चाहिए।यह मुद्दा केवल सोनभद्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के अन्य खनन क्षेत्रों में भी यह समस्या देखी जा सकती है। इसलिए, इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को भी ध्यान देना चाहिए और एक राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए जो खनन गतिविधियों को नियंत्रित करे और प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा करे। सोनभद्र ओबरा डाला में अनियंत्रित ब्लास्टिंग एक गंभीर समस्या है जिसका समाधान तत्काल ढूंढना आवश्यक है। सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना चाहिए और प्रभावित लोगों को न्याय दिलाना चाहिए।

# माफियाओं,अपराधियों के घर जाकर सत्यापन करे पुलिस - पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह

**● - विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों पर सख्त हुए पुलिस उपायुक्त, कोतवाली व चकेरी सर्किल का अर्दली रुम8**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक-27 दिसंबर को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय पर कोतवाली व चकेरी सर्किल के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इसमें कई बातों पर विवेचकों को सख्त हिदायत दी। डीसीपी पूर्वी ने मामलों की प्रगति की समीक्षा की व निर्देश दिए और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए। उन्होंने अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए निष्पक्ष ढंग से विवेचना करने व निर्धारित समय सीमा के भीतर विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा अर्दली रूम के दौरान भौतिक, इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को विवेचना में समाहित करते हुए विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया उन्होंने विवेचकों को निर्देश दिए कि अपराधी किस्म, सांप्रदायिक तत्वों और माफियाओं के घर- घर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे। आपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के दिशा- निर्देश दिये गये।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, वैगनआर बरामद






**● - वैगनआर को टोह करके चोरी कर ले गए थे चोर**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर की थाना किदवई नगर थाना पुलिस ने एक अंतर्जनपदीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर पिछले समय चोरी हुई एक वैगनआर गाड़ी को बरामद किया है। विस्तृत जानकारी देते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को किदवई नगर थाना क्षेत्र से एक वैगनआर चोरी हुई थी। इसको गंभीरता से लेते हुए हमारी किदवई नगर पुलिस ने काफी सीसीटीवी फुटेज देखे और लोगों को सर्विलांस पर लिया जिससे यह पता चला कि दो चोर सेंट्रो गाड़ी से आए थे। उन्होंने वैगनआर कार का दरवाजा खुला पाया और उसमें डुप्लीकेट चाबी लगा कर वह वह टोह करके गाड़ी को ले गए। इन लोगों की शिनाख्त कल हुई है और उसमें राजू कुशवाहा नाम का चोर पकड़ा गया है। यह आठ से नौ चोरियों में शामिल हुआ है। इसने गोंडा और उन्नाव में भी चोरियां की हैं। इसको हिरासत में ले लिया गया है। इसमें दो गाड़ियां बरामद हुई हैं। वैगनआर जो चोरी हुई थी तथा सेंट्रो जिससे चोरी करने आए थे।

# चोर से बरामद 25 लाख का सोना बेचने में कानपुर के पूर्व थानाध्यक्ष समेत चार दोषी पाए गए

**● - लूट का सोना सुनार के यहां गलवाकर अपने पास रखकर चोरों को छोड़ने का था आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** यहां एक साथी कर से बरामद किए गए 25 लाख के सोने को बेचने के मामले में पुलिस द्वारा पूरी की गई जांच में रेल बाजार के पूर्व थानाध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा समेत चार लोग दोषी पाए गए हैं ,जिनके खिलाफ अब पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ओर से कार्रवाई किए जाने की तैयारी है। जानकारी के मुताबिक इस मामले में जांच कमेटी ने पूर्व एसओ विजय दर्शन शर्मा, अंडर ट्रेनिंग दरोगा रविंद्र श्रीवास्तव, एचसीपी आमिल हाफिज और कार चालक आकाश को दोषी माना है। जबकि हेड कांस्टेबल सुभाष तिवारी को क्लीन चिट दे दी है। आरोप है कि चारों दोषी पुलिस कर्मी सर्राफ की दुकान पर गए थे। जहां से सोना गलाकर चोर को छोड़ा गया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने रेलबाजार एसओ रहे विजय दर्शन शर्मा समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करके जांच के आदेश दिए गए थे। जिसके खिलाफ हाई कोर्ट जाने पर दरोगा विजय दर्शन बहाल हो गए थे, जबकि अन्य पुलिस कर्मी अभी भी निलंबित चल रहे है। इस बहुचर्चित मामले की जांच एडीसीपी ईस्ट राजेश श्रीवास्तव ने की थी। जिसमें उन्होंने थाना अध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा सहित और अंडर ट्रेनिंग दरोगा सहित चार लोगों को दोषी पाया है। अवगत कराते चलें कि बर्रा-6 में रहने वाली शिक्षिका शालिनी दुबे के घर से 10 अक्टूबर को 30 लाख से ज्यादा की चोरी हुई थी। तत्कालीन रेलबाजार एसओ विजय दर्शन ने चोरों को अरेस्ट करके 25 लाख का सोना बरामद किया और हड़प लिया था। इसके बाद चोरों को भी छोड़ दिया था, लेकिन बर्रा पुलिस ने चोरों को अरेस्ट किया तब दरोगा विजय दर्शन शर्मा द्वारा किए गए सोना बेचने के खेल का खुलासा हो गया था।

# बड़ी कार्यवाही! कमलेश फाइटर गैंग लीडर और पांच साथियों के नाम संगठित गिरोह के रूप में पुलिस में दर्ज

**● - कमलेश फाइटर व पांच साथियों पर लगा है बाजार में जबरन वसूली करने का आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर पुलिस ने कमलेश फाइटर और उसके पांच साथियों को संगठित गिरोह के रुप में दर्ज कर लिया है। कमलेश फाइटर पर जबरन वसूली करने का आरोप है। कमिश्नरेट पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कानपुर के थाना स्वरूपनगर में कमलेश फाइटर और उसके पांच साथियों पर अवैध वसूली और धमकी के आरोप में गिरोह को अन्तर परिक्षेत्रीय गैंग के रूप में पंजीकरण किया है। स्वरूपनगर कानपुर पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों की संस्तुति व थाना प्रभारी स्वरूपनगर की आख्या पर कमलेश फाइटर गैंग को दर्ज किया है।

आज दिनांक 27 दिसंबर 24 को प्रभारी निरीक्षक, स्वरूपनगर कमिश्नरेट कानपुर नगर की प्राप्त आख्या एवं सहायक पुलिस आयुक्त, स्वरूपनगर, अपर पुलिस उपायुक्त, सेन्ट्रल कमिश्नरेट कानपुर नगर, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर निम्नलिखित अपराधियों के एक संगठित गिरोह को पंजीकृत किया गया है। कानपुर पुलिस ने गिरोह का विवरण देते हुए बताया कि यह गिरोह अवैध वसूली, धमकी देकर अनुचित आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करना जैसे अपराधों में संलिप्त है। इनकी गतिविधियों के कारण जनता में भय और आतंक का माहौल व्याप्त है। इनका स्वच्छंद घूमना जनता के हित में नहीं है।

पुलिस के अनुसार डीजी परिपत्र संख्या 46/24 के अनुपालन में इन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यवाही की गई है। गैंग लीडर- कमलेश फाइटर उर्फ कमलेश कुमार पुत्र रामौतार निवासी 1/5 लक्ष्मी रतन कालोनी थाना नजीराबाद कानपुर नगर, उम्र 45 वर्ष, सदस्य- मो. रियाज पुत्र मोजावेद निवासी 105/111 जुबली रोड,



जुबली स्कूल के पास थाना चमनगंज कानपुर नगर, उम्र लगभग 34 वर्ष, सदस्य - मुशीर खान पुत्र स्व. अच्छे खान निवासी 90/219 इस्तिकाराबाद, थाना अनवरगंज कानपुर नगर, उम्र 32 वर्ष, सदस्य- संजय पाल उर्फ दद्दा पुत्र शिवकुमार पाल नि0-235/09 हरिहरनाथ शास्त्री नगर थाना काकादेव कानपुर नगर उम्र 55 वर्ष, सूरज कुमार उर्फ मजनू पुत्र रवीन्द्र निवासी ग्राम नरैनी थाना नरैनी जनपद बांदा उम्र 22 वर्ष, सदस्य- शानू लफ्फाज पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ हनीफ निवासी 92/70 हीरामन का पुरवा, मस्जिद के पास थाना बेकनगंज कानपुर नगर उम्र लगभग 38 वर्ष।

# सेना, पुलिस की तैयारियां कर रहे अभ्यर्थियों का निशुल्क मेडिकल चेकअप

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** डिफेन्स फिजिकल एकेडमी में छात्र छात्राओं एवं सेना सहित पुलिस की तैयारियां कर रहे अभ्यर्थियों का निशुल्क मेडिकल जांच कैंप आयोजित किया गया। शुभारंभ डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि एकेडमी में कुलवंती हॉस्पिटल एवं पालीवाल क्लीनिक तथा आर्मी टीम के द्वारा तकरीबन 500 बच्चो की निशुल्क जांचे की गई। मेडिकल कैंप में बॉडी चेकअप बीपी शुगर ब्लड प्रेशर सहित पूरे शरीर का चेकअप किया गया। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि कानपुर डिफेन्स फिजिकल एकेडमी उत्तर प्रदेश की सबसे तेज सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान है। जहां अभी तक तकरीबन 10 हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नौकरी पाकर नाम रोशन किया है। शुक्ला के मुताबिक इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड में भी छात्र छात्राएं सुबह सवेरे ग्राउंड पर आकर अभ्यास करते है। उन्होंने बताया की शिक्षा की जड़ कड़वी है परंतु उसके फल मीठे हैं जितना कठिन संघर्ष होगा जीत भी उतनी ही शानदार होगी। आपके जीवन में जितने संघर्ष होगे आप उतने ही चमकदार प्रदर्शन कर सकेगे। मेडिकल कैंप में छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जोरदार नारे लगाकर जोश भरने का कार्य किया। इस मौके पर मुख्य रूप से डायरेक्टर सौरभ शुक्ला विपिन यादव आदित्य शुक्ला तृप्ती तिवारी राजू बॉक्सर तथा मेडिकल चेकअप डा रीना सचान रवि दिव्या ने किया। समापन डायरेक्टर सौरभ शुक्ला के द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट कर किया गया।





# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर सपा ने की शोक सभा

**● - प्रख्यात अर्थशास्त्री ने आर्थिक क्षेत्र में एक नई दिशा दी- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर सपा कार्यालय पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आज पीडीए मिशन तथा सपा कार्यकर्ताओं की शोक सभा संपन्न हुई।शोक सभा को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश को एक अपूर्णीय क्षति हुई है डॉक्टर मनमोहन सिंह जी ने देश को एक नई दिशा तथा क्षेत्र में व्यापक सुधार और 10 वर्ष तक प्रधानमंत्री रहकर देश की आर्थिक स्थिति को व्यापक सुधार के साथ अग्रणी रखा।शोक सभा में सभी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर परिवार को धैर्य साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाला जयसवाल, आंनद शुक्ला, हाजी अयूब आलम, रजत मिश्रा,शबाब अबरार, जस्वेन्द्र प्रताप निषाद, इशरत इराकी, मुमताज मंसूरी, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे शादाब आलम, अनूप यादव, अरमान खान, नवीन जय, रमेश यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## डीसीपी यातायात उतरे सड़कों पर किया निरीक्षण

**ड्यूटी पुलिस कर्मियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**



**कानपुर।** आज दिनांक 27.12.24 को सड़क सुरक्षा की समीक्षा व यातायात व्यवस्था की स्थिति जानने के लिए पुलिस उपायुक्त रवीन्द्र कुमार आज औचक निरीक्षण करने तथा यातायात को सुदृढ़ करने को शहर की सड़कों पर उतरे। डीसीपी यातायात ने रेव थ्री चौराहा, कर्बला चौराहा, मैनावती मार्ग, रावतपुर क्रासिंग का औचक निरीक्षण किया, और यातायात की व्यवस्था को परखा। निरीक्षण में ज़ेब्रा क्रॉसिंग, सिग्नल व्यवस्था, और संकेतक सही स्थिति में है या नहीं देखा गया तथा यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने हेतु मौजूद यातायात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे पीड़ित व्यक्ति ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायतपत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**बांदा-** आपको बता दें कि पूरा मामला जिला कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय बांदा से सामने आया है जहां पर प्रधान की दबंगई से परेशान ग्रामीण ने डीएम से करी शिकायत। पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान मिलकर पीड़ित की जमीन पर कर रहे हैं अवैध कब्जा। पीड़ित सीनियर डिवीजन कोर्ट से जीत चुका है राजस्व का मुकदमा, फिर भी प्रधान कर रहा है जमीन पर कब्जा। पीड़ित का आरोप प्रधान चौकी इंचार्ज से मिलकर परिवार को फसाने का रच रहा है षड्यंत्र। विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी की भूमिका संदिग्ध। डीएम कार्यालय में पीडित ने मीडिया को दी जानकारी बताया जानकारी लेने के नाम पर चौकी इंचार्ज बना रहे है दबाव। दबंगई के बल पर प्रधान व प्रधान के परिवार के लोग ग्राम सभा की जमीन पर किए हुए हैं कब्जा। ग्राम सभा की जमीन पर कब्जे को लेकर किसी भी अधिकारी को नहीं है परवाह। सीनियर डिवीजन कोर्ट से मुकदमा का फैसला होने के बावजूद भी जमीन का निस्तारण नहीं किया गया। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव का है।

## गया देवी इंटर कालेज में बालिकाओं को किया गया जागरूक

**गुजैनी थाना पुलिस ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों की दी जानकारी।**



**कानपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो टीम थाना गुजैनी कानपुर नगर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्रांतर्गत गया देवी बालिका इंटर कॉलेज मेहरबान सिंह का पुरवा थाना गुजैनी में बालिकाओं को जागरूक किया गया। आज 27 दिसंबर को थाना गुजैनी क्षेत्रांतर्गत गुजैनी में सुरक्षा, स्वावलंबन के विषय में बालक, बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930 ,1076, 1098, 112, 181 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा यूपी काप ऐप से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) एवं महिला सशक्तिकरण अभियान व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

## अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई व मेला अध्यक्ष अब्दुल अतीक खां ने पहलवानों का हाथ मिलाकर दंगल का किया शुभारंभ



**बिसवां सीतापुर** शैखुल औलिया हजरत गुलजार शाह रह0 अलैह के उर्स व मेले के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता में आज लायर्स एसोसिएशन बिसवां के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई व मेला अध्यक्ष अब्दुल अतीक खां ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया। दसवे दिन के दंगल की पहली कुश्ती पागल बाबा पहलवान हरियाणा व एप्पल केरल पहलवान जयपुर के बीच हुई जिसमे पागल बाबा ने जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती मेवा थापा पहलवान नेपाल व मोनी पोली पहलवान नेपाल के मध्य हुई। इसमें मेवा थापा पहलवान ने मोनी पहलवान को मात दे दी 7 इसके बाद जावेद गनी पहलवान कश्मीर व राहुल पहलवान गाजीपुर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इस मुकाबले मे जावेद गनी पहलवान ने कड़ी मशक्कत के बाद राहुल पहलवान को शिकस्त दे दी। आखरी मुकाबला स्टील पहलवान कलियर व विशाल पहलवान बरेली के मध्य हुआ जिसमे स्टील पहलवान ने विशाल पहलवान को धूल चटादी 7 दंगल आयोजक शौकत पहलवान ने अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर ऋतुराज सिंह एडवोकेट, नवेद सिद्दीकी एडवोकेट, कमल किशोर गुप्ता एडवोकेट, सुशील शुक्ला एडवोकेट, मो0 शुऐब एडवोकेट, असलम एडवोकेट, मेला कमेटी के सचिव, सय्यद हुसैन कादरी, नुसरत अली, अन्नू आदि मौजूद रहे।

# रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में सफल आपरेशन कर डाक्टरों ने बचाई मरीज की जान


स्वतंत्र प्रभात

**बांदा** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में गले का सफलतापूर्वक आपरेशन कर 11 सौ ग्राम की गाठ निकाल डाक्टरों ने रोगी की बचाई जान। पूरा मामला है रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज का जहाँ कानपुर, प्रयागराज सहित अन्य बडे शहरों के डाक्टरों को दिखाने के बाद मरौली ओरन जनपद बांदा के रहने वाले अंतिम पुत्र मुन्नी लाल उम्र लगभग 18 वर्ष घेंघा रोग से लंबे समय से ग्रसित था जिसके इलाज के लिए हर जगह भटकने के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा आया जंहा डाक्टरों ने उसे भर्ती कर कुछ जांचे करवाई जांच देखने के बाद आपरेशन करने की बात रोगी के अभिभावकों से बताई उनकी सहमति मिलने के बाद कालेज टके प्रधानाचार्य डाक्टर एस के कौशल ने डाक्टर शंकर कबीर ई एन टी सर्जन के नेतृत्व में एक टीम बनाई और



डाक्टर शंकर कबीर रोगी के लिए देवदूत बन उसका आपरेशन कर 11 सौ ग्राम की गाठ बाहर निकाल रोगी की जान बचाई फिरहाल रोगी अभी कालेज में डाक्टरों की देखरेख में है डाक्टरों का कहना है कि दो तीन दिन में मरीज को छुट्टी दे दी जाएगी वह अपने घर जा सकता है।

डाक्टरों की इस सफलता पर कालेज के प्रधानाचार्य डाक्टर एसके कौशल ने डाक्टर शंकर कबीर एंव उनकी पूरी टीम को बधाई दी है वहीं इस पूरे इलाज एवं आपरेशन में रोगी





को वहीं खर्च लगा जो सरकार द्वारा निर्धारित है रोगी के परिजनों ने डाक्टरों की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नववर्ष के दृष्टिगत सीपी ने किया परमट मंदिर व घाट का निरीक्षण

**अत्यधिक भीड़ की आशंका से किया निरीक्षण।**

**कानपुर।** नववर्ष के दृष्टिगत आज पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने परमट मंदिर व घाट का निरीक्षण किया और सुरक्षा का जायजा लिया। हर वर्ष नव वर्ष पर हजारों की संख्या में लोग परमट मंदिर और घाट पर पहुंचते हैं। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार आज परमट मंदिर, गंगा घाट पर पहुंचते और वहां पहुंचकर उन्होंने सुरक्षा एवं रूट व्यवस्था का निरीक्षण किया। परमट स्थिति आनंदेश्वर मंदिर और प्राचीन घाट पर हर साल नव वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में भीड़ पहुंचती है। और इसी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कमिश्नर ने वहां निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने मौके पर मौजूद थाना प्रभारी ग्वालटोली एवं चौकी इंचार्ज परमट मंदिर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिला प्रेस क्लब हमीरपुर के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम के दौरान निर्विरोध निर्वाचित हुए वीर धनंजय चौरसिया जिला अध्यक्ष, कांटे के चुनाव में महामंत्री बने मोहित द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात

जिला प्रेस क्लब हमीरपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी / संरक्षक श्री लक्ष्मी नारायण द्विवेदी जी ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नियमानुसार 2025 के वार्षिक चुनाव के लिए इस वर्ष महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने आवेदन किया व उपाध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने आवेदन किया जिसमें महामंत्री का पद( 1 ) एवं उपाध्यक्ष पद के ( 2 ) ही उम्मीदवार हो सकते थे जिसको लेकर चुनाव कराया गया चुनाव के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की गई जिसमें श्री देवी प्रसाद गुप्ता जी राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन , हरिमोहन चसौंरिया जी प्रधान संपादक व वरिष्ठ पत्रकार हर स्वरूप व्यास जी के दिशा निर्देशन पर जिला प्रेस क्लब हमीरपुर के पदाधिकारियों का चुनाव जिला प्रेस क्लब भवन ( बेतवा नगर ) कुछेछा में चुनाव का कार्यक्रम चुनाव का सफल आयोजन कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध वीर धनंजय चौरसिया चुने गए, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद में आतिश कश्यप, कोषाध्यक्ष लवलेश यादव, संगठन मंत्री सत्यम सिंह, ऑडिटर प्रवीण दीक्षित, मंत्री- रामसिंह राजपूत- दिनेश कुमार एवं महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने आवेदन किया , उपाध्यक्ष के उपाध्यक्ष पद के लिए पांच आवेदन प्राप्त हुए जिसको लेकर चुनाव करने की स्थिति हो गई कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वैलेट पेपर का इस्तेमाल किया गया जिसमें महामंत्री पद के लिए चुनाव में बृजेश ओझा जी को 12 मत, मोहित द्विवेदी जी - 43 मत, विकास जी को -23 मत प्राप्त हुए जिसमें मोहित द्विवेदी महामंत्री पद पर विजयश्री प्राप्त की वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक कश्यप - 55 मत, इंद्रप्रकाश बाजपेई -36 , भूपेन्द्र सिंह -31मत, हरिश्चंद्र राजपूत-09 मत, अभिषेक गुप्ता -10 मत प्राप्त हुए, जिसमें अभिषेक कश्यप व इंद्रप्रकाश बाजपेई उपाध्यक्ष पद पर विजयश्री प्राप्त किए,

इसके अलावा इसके अलावा संरक्षक श्री



लक्ष्मी नारायण द्विवेदी जी द्वारा कोर कमेटी के सदस्य श्री उमाशंकर मिश्रा जी विनोद त्रिपाठी जी विकास प्रवर जी विनय गुप्ता जी नीरज द्विवेदी जी अनुशासन समिति श्री राम शरण दीक्षित जी प्रधान संपादक दैनिक रुद्राक्ष हमीरपुर श्री देवी प्रसाद गुप्ता जी राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशंस मौदहा हमीरपुर श्री हरिमोहन चसौदियाजी प्रधान संपादक श्री गणेश सिंह गणेश शंकर विद्यार्थी जी सुमेरपुर श्री हर स्वरूप व्यास जी वरिष्ठ पत्रकार मुस्करा श्री राकेश निगम जी (दद्दा)मुख्य निर्वाचन अधिकारी/संरक्षक श्री लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, प्रधान संपादक- भाव्या सामाचार, हमीरपुर

## एसडीएम की उपस्थिति में 1140 लीटर अबैध शराब कराई गई नष्ट



**हरपालपुर, हरदोई।** बिगत वर्षों में थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर पकड़ी गई अबैध कच्ची शराब के 114 दर्ज अभियोगों में न्यायालय द्वारा फाइनल आदेश होने के उपरांत शुक्रवार को एसडीएम की मौजूदगी में मुक़दमाती अबैध कच्ची शराब को नष्ट कराया गया।बताते चले कि विगत वर्षों में अबैध शराब के खिलाफ चलाये गए अभियानों के तहत थाना क्षेत्र में पकड़ी गई अबैध कच्ची शराब के 114 मुकदमे पंजीकृत किये गए थे।न्यायालय से इन मुकदमो के फाइनल होने के उपरांत शुक्रवार को एसडीएम संजय अग्रहरि की मौजूदगी में कोतवाली परिसर में 1140 लीटर मुक़दमाती अबैध कच्ची शराब को नष्ट कराया गया।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा भी मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने बाणेश्वर मंदिर को बनाया निशाना, हजारों रुपए के घंटे चोरी

**● - चोरी पर मंदिर पुजारी सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी।**

स्वतंत्र प्रभात

**अतरौली-** थाना क्षेत्र अतरौली के ग्राम जनिगांव के बाहर बने बाबा बालेश्वर मंदिर में 26 दिसंबर को रात्रि में अज्ञात चोरों ने मंदिर में बंधे घंटे का अपना निशाना बनाया। धर्म आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले अज्ञात चोरों के खिलाफ मंदिर के पुजारी सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने नाराजगी जताई है। मंदिर के पुजारी बाबा शिवनंदन ने थाने में शिकायत की है बताया है शुक्रवार




सुबह जब मैं मंदिर परिषर पहुंचा तो मंदिर का ताला अलग पड़ा था। दरवाजा खुला पड़ा था। मंदिर के अंदर जाकर देखा तो वहां से घंटे गायब थे। पुजारी का यह भी कहना है इसके पहले भी चोरों ने छूट पुट चोरी का अंजाम दिया है। मंदिर पुजारी ने कार्रवाई की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता प्रखंड उपाध्यक्ष कोथावां निर्भय सिंह, शीवाधार, राघवेंद्र, देवेंद्र, ननकू,राजा, प्रांजुल सिंह,सचिन त्रिवेदी,जितेंद्र सिंह,अर्जुन सिंह सहित तमाम लोग मौके पर पहुंच कर काफी नाराजगी जताई है। बताया है मंदिर में हुई घंटो की चोरी में घंटो का वजन लगभग डेढ़ कुंटल होगा। ऐसी घटना को पिछले साल भी अंजाम दिया गया था। हुई वारदात पर प्रशासन तत्काल संज्ञान ले। सूचना पर अतरौली पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# चोरी से कट रहे पेड़ मगर साहब को कुछ पता ही नहीं

स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** लगातार लहरपुर क्षेत्र में चोरी से हरे भरे पेड़ों पर दिन रात आरा चल रहा है मगर इस हरियाली को बचाने का जिम्मा उठाये विभाग के साहब को कुछ खबर ही नहीं। ताज़ा मामला तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा बसहिया का है जहाँ के निवासी अवधेश सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि

ग्रामसभा में ग्राम समाज की जमीन मठबगिया पर शीशम, जामुन, नीम व चिलवर के हरे भरे पेड लगे थे जो लेखपाल की मिलीभगत से गांव के ही दबंग व्यक्ति सुमित सिंह पुत्र कमलेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह पुत्र रूद्रबक्श सिंह, विकास सिंह पुत्र सुरेश प्रकाश सिंह निवासी ग्राम बसहिया सुल्तानपुर हरिप्रसाद ने देर रात चोरी से लगभग रात्रि 02 बजे सारे पेड़ कटवाकर बेंच दिया है। इसी क्रम में अवधेश ने उचित एवं कानूनी कार्यवाही करते हुए ग्राम समाज की जमीन मठबगिया, मेला मैदान जमीन को कब्जा मुक्त करवाए जाने की मांग की है। बताते चलें कि जब इस विषय में उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेज कर उचित कार्यवाही की जाएगी जब इस विषय में क्षेत्रीय लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे रात में 2:00 बजे जानकारी मिली थी लेकिन रात में जाना उचित न समझ कर सुबह मौके पर गया तो वहां पर एक दर्जन से अधिक पेड़ चोरी से काटे गए थे, जिनकी




जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी है।जिसमें तहसील प्रशासन ने आमिर व चोरी से बचने के आरोप में तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए चोरी कर पेड़ काटने का मुकदमा पंजीकृत करने को कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह को प्रेषित आख्या दी है। इस सम्बन्ध में जब वनक्षेत्रधिकारी अभिषेक सिंह से बात की गई तो उन्होंने भी सम्बंधित मामले में प्रशासन द्वारा एफआईआर कराये जाने की बात कही।

# संक्षिप्त ख़बरें

## आबकारी निरीक्षक की ताबड़तोड़ कार्यवाही से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप



**निघासन खीरी** क्रिसमस डे एवं नववर्ष व आगामी त्यौहार को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के निर्देशन में क्षेत्र नंबर तीन आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अवैध कच्चीं शराब माफियाओं के खिलाफ धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी टीम ने थाना निघासन के क्षेत्र के अन्तर्गत पुरैना,लुधौरी,रानीगंज प्रीतमपुरवा में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बीस चढ़ी भट्टियों साठ कुंतल लहन व इसमें प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को तहस-नहस करते हुए करीब अस्सी लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गये आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा शराब माफियाओं को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा इस दौरान आबकारी दीवान मोहम्मद रफीक बेग, सिपाही उमेश कुमार सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

## सी एच सी अधीक्षक के नेतृत्व प्राइवेट अस्पतालो का हु आ निरीक्षण



**लखीमपुर (खीरी)** मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी अधीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने नगर के प्राइवेट अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सकुशल हॉस्पिटल,आरोग्य क्लिनिक, सनराइज हॉस्पिटल निरीक्षण की खबर फैलते ही संचालक अस्पताल को बंद कर भाग गए।जिस पर निरीक्षण कर रही टीम ने इन हॉस्पिटलों पर नोटिस चस्पा कर दी गई है।तथा न्यू संजीवनी हॉस्पिटल,मेडिसिटी हॉस्पिटल,कृष्णा हॉस्पिटल में निरीक्षण के दौरान कोई भी डॉक्टर नहीं मिले,जिस पर इन सभी चिकित्सालयों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने हॉस्पिटल से संबंधित पंजीकरण इत्यादि अपने चिकित्सक के माध्यम से अधीक्षक कार्यालय में प्रेषित करें।साथ ही जब विद्यावती हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि यह हॉस्पिटल आयुष चिकित्सा से पंजीकृत है,तथा हॉस्पिटल संचालक को निर्देशित किया गया यदि किसी प्रकार का प्रसव इत्यादि कराया जाता है तो कार्यवाही आवश्यक रूप से कराई जाएगी।सचल दल टीम ने बताया चिकित्सक विहीन व मानक विहीन चिकित्सालय नोटिस के बाद भी यदि संचालित मिलते हैं तो उन्हें सीज कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।अधीक्षक मयंक मिश्रा ने बताया सचल दल नियमित रूप से अवैध क्लिनिक व अवैध अस्पतालों का औचक निरीक्षण करता रहेगा तथा पंजीकृत चिकित्सालयों को भी बिना डॉक्टर अस्पताल संचालक की अनुमति नहीं दी जाएगी,साथ ही बिना गायनी के डिलीवरी की अनुमति भी नहीं दी जाएगी।निरीक्षण के दौरान क़स्बा प्रभारी बाबूराम समेत क़स्बा पुलिस मौजूद रही।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**मिल्कीपुर अयोध्या।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं दुनिया के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह जी का कल रात दिल्ली एम्स में लम्बी बीमारी के चलते 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन पर देशवासी शोकमग्न है जिसके चलते केंद्र सरकार ने देश में सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक भी घोषित किया है। कुमारगंज बाजार में आज कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने एक शोक सभा आयोजित करके डॉ सिंह जी चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। शोक सभा में डॉ. सिंह को याद करते हुए कांग्रेस छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश शुक्ला ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी का दस वर्षीय शासनकाल देश की जनता को भोजन-शिक्षा, सूचना और मनरेगा जैसे कई अधिकार देने वाला रहा है। उनका जाना देश के लिए अपूर्णनीय क्षति है। वहीं संजय तिवारी ने कहा कि सिंह साहब आर्थिक उदारीकरण के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक ब्लाक अध्यक्ष तेजबली पांडेय ने कहा कि सिंह साहब ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक पास करके देश की जनता को भुखमरी से बचाने का काम किया है। इस दौरान शोक सभा में किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दिनेश शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष अम्बरीष पांडेय, महिपाल सिंह, साधन सहकारी समिति बघौड़ा के अध्यक्ष विजय सिंह, संतोष तिवारी, जगप्रसाद कोरी, कृष्णदेव शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी वरासत मामले के दोषियों को बचाने में लगा तहसील प्रशासन

**● फर्जी वरासत किए जाने का खुलासा होने के बाद अपनी गर्दन फसते देख फर्जी लोगों के नाम की गई वरासत निरस्त कर असल बारिशों के नाम की गई वरासत**

**दोषी लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को अभय दान देने की मंशा से मामले की की जा रही लीपा पोती**





**स्वतंत्र प्रभात**

**खीरी टाउन** मामला तहसील सदर लखीमपुर के अंतर्गत नगर पंचायत खीरी टाउन के मोहल्ला पट्टी रामदास का है।जहा के निवासी मृतक शहाबुद्दीन पुत्र अली रजा की गत माह पूर्व मृत्यु हो गई थी।उनके दो पुत्र मोहम्मद सगीर और मोहम्मद रईस पुत्रगण स्वर्गीय शहाबुद्दीन के विधिक वारिस थे।जिसके चलते उनकी कृषियोग्य जमीन की वरासत मोहम्मद सगीर और मोहम्मद रईस पुत्रगण स्वर्गीय शहाबुद्दीन के नाम दर्ज कागजात लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा की गई थी।लेकिन जब कस्बा खीरी की वेशकीमती जमीन की वरासत की जब वारी आयी तो उक्त लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ने खीरी के एक चर्चित दलाल जो लेखपाल का काफी चहेता बताया जाताहै। और उसने इन्ही लेखपाल साहब से साठगांठ कर कस्बे की बेशकीमती मंदिर की जमीन जो काफी पुराना ट्रस्ट था उसकी जमीन लेखपाल साहब से साज करके कब्जा कर लिया। इस जमीन पर भी उक्त दलाल नजरे गाये बैठा था जिसके चलते उक्त कथित भूमाफिया ने लेखपाल रमाकांत मिश्र से सुनियोजित रूप से साठगांठ कर सीतापुर जनपद के तहसील लहरपुर के अन्तर्गत बेहटी निवासी वसीम व हसीन पुत्रगण शहाबुद्दीन नाम के फर्जी लोगो को लाकर लेखपाल को चढावा चढाकर उक्त जमीन की फर्जी वरासत दर्ज करवाने मे सफलता हासिल कर ली।और लेखपाल की मिलीभगत की दम पर कब्जा करने पहुच गये।मामले की भनक जब जब असल वारिस लोगो को हुई तो उन्होने कब्जा करने से मना किया और मामले की लिखित शिकायत शासन प्रशासन तक कर फर्जी वरासत निरस्त किये जाने तथा फर्जी वरासत दर्ज करने और करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की इसके बावजूद जब कोई न्याय मिला नहीं तो पीड़ित पक्ष द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई जिसमें विपक्षी गानों से साथ गांठ किए लेखपाल रमाकांत मिश्रा द्वारा फर्जी अच्छा लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया ऐसा शिकायतकर्ता का आरोप है लेकिन शिकायत करता पीड़ित पक्ष द्वारा हर नहीं मानी और समस्त साक्ष के साथ पुनः शिकायत कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की इसके बाद मामले का खुलासा हुआ और अपनी गर्दन फास्ट देख क्षेत्र लेखपाल रमाकांत मिश्रा राजस्व निरीक्षक द्वारा पीड़ित पक्ष को बुलाकर न्यायालय तहसीलदार के यहां एक मुकदमा डलवाया गया और पूर्व में की गई फर्जी विरासत को निरस्त कर अल व्यक्तियों के पक्ष में बरसात दर्ज कर मामले को दबाने का प्रयास किया गया वही पीड़ित पक्ष मोहम्मद सागर वह मोहम्मद रईस का आरोप है कि लेखपाल और कानून को द्वारा जानबूझकर विपाची गानों से पैसा लेकर शहर की बसें कीमती जमीन की फर्जी बरसात कर विपक्षी लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया और जानबूझकर उनकी जमीन सीतापुर जनपद के निवासी वसीम वह हसीन के नाम दर्ज कर दी गई बरसात करने से पूर्व मामले की जांच की जाती है परंतु धनवाल की दम पर लेखपाल द्वारा बगैर जांच किया और बगैर किसी साक्ष्य को संकलित किया उसकी जमीन दूसरे के नाम फर्जी तरीके से बरसात कर कब्जा दिलाने का प्रयास किया गया जिससे उसकी अपूरणीय क्षति कारीत हुई है। पीड़ित पक्ष द्वारा शासन प्रशासन को शिकायती पत्र भेजकर फर्जी बरसात करने वाले अधिकारी हुआ फर्जी बरसात करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की जा रही है लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा अपने लेखपाल और कानून को बचाने के लिए मामले की लीपा पोती की जा रही है अभी तक दोषियों पर कोई कार्यवाही न किया जाना जहां चर्चा का विषय बना है वही लोगों का विश्वास तहसील प्रशासन से उठता जा रहा है देखना अब यह है की तहसील प्रशासन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करता है या फिर यूं ही मामले की लीपापोती कर फाइल बंद कर देता है।

**आखिर कैसे दर्ज की गई गैर जनपद निवासी गणों के नाम फर्जी वरासत- अहम सबाल**

मृतक शहाबुद्दीन के असल बारिशों में मोहम्मद सागीर मोहम्मद रईस पुत्रगण शहाबुद्दीन निवासी पट्टी रामदास कस्बा खीरी टाउन के अनुसार सबसे मजेदार बात यह है कि गत चंद दिनों पूर्व उनके नाम निजामपुर स्थित उनके पिता की जमीन गाटा संख्या 409/0•821,422/0•505 पर पिता की भूमि की वरासत हो चुकी थी तो फिर भूमि गाटा संख्या 323/2/0,008 व 322/2/0ज़092, की वरासत ग्राम बेहटी तहसील लहरपुर जिला सीतापुर निवासी गण वसीम व मोहम्मद हसीन पुत्रगण शहाबुद्दीन के नाम कैसे अंकित हो गई? वरासत के समय मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर की नकल आधार कार्ड उत्तराधिकार प्रमाण पत्र तथा मामले की जांच के बाद वरासत होती है इसमें उक्त लोगों के आधार कार्ड परिवार रजिस्टर की नकल व कस्बा में जांच किए बगैर कैसे दर्ज की गई बरसात अहम सवाल बना हुआ है? उक्त फर्जी वरासत कराने वाले वसीम और हसीन के आधार कार्ड का पता क्या था? परिवार रजिस्टर की नकल कहां की थी मृत्यु प्रमाण पत्र कहां का था क्यों नहीं मिलान किया गया? तथा किस आधार पर फर्जी लोगों वसीम व हसीन निवासी बेहटी जनपद सीतापुर के नाम वरासत दर्ज कर दी गई? इतना ही नहीं राजस्व निरीक्षक द्वारा मामले की जांच व दस्तावेज जाचने का प्रयास क्यों नहीं किया गया?

**यदि उक्त वरासत सही थी तो फिर क्यों की गई निरस्त? और यदि फर्जी थी तो दोषियों के विरुद्ध क्यों नहीं की जा रही कार्यवाही?**

मृतक शहाबुद्दीन के असल बारिशों में सागीर व मोहम्मद रईस की जुबानी सत्य माने और आम जनमानस के बताएं अनुसार आम जनमानस जानना चाह रहा है कि आखिर किन परिस्थितियों में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा की गई बरासत को निरस्त कर दिया गया? मोहम्मद सगीर व मोहम्मद रईस के नाम से गाटों की बरासत दर्ज की गई क्यों ?वसीम व हसीन निवासी बेहटी के नाम दर्ज बरसात हुई निरस्त होने का कारण क्या? लोगों का कहना है यदि बरासत गलत दर्ज की गई थी तो दोषी लोगों में बरासत अंकन करने वाले जिम्मेदारों में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल तथा अपने नाम वरासत कराने वाले वसीम व हसीन पुत्रगण शहाबुद्दीन खान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने से क्यों बचता नजर आ रहा है तहसील सदर प्रशासन? इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी सक्षम अधिकारी के पास भी ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं। फिलहाल पीड़ित पक्ष निरंतर दोषियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने की जिद पर कायम दिखाई पड़ रहा है यदि जिला अधिकारी महोदय लें मामले का संज्ञान और कराए निष्पक्ष जांच तो निश्चित ही जिम्मेदारों पर आ सकती है कार्यवाही की आच और होगा एक बड़े फर्जीवाडे का खुलासा।

# व्यक्तिगत लाभ के चलते नगर पंचायत खीरी बना रही सरकारी रास्ता

**● राजा साहब की जमीन गाटा संख्या 126 पर कब्रिस्तान तक से कथित बंशीधर राज की प्लाटिंग तक बनाया जा रहा रास्ता**

**गाटा संख्या 126 जो राजा साहब ओयल के नाम दर्ज कागजात बताई जाती है उक्त जमीन पर अवैध तरीके से इंटरलॉकिंग रास्ता बनवाए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।**

**नगर पंचायत खीरी का कब्रो को परवाने का कार्य जारी**

**कस्बा खीरी के मोहल्ला तबला कब्रिस्तान वाले मार्ग पर जहां पर कोई भी आबादी नहीं है केवल अपने चाहते तथा कथित प्रॉपर्टी डीलरों को लाभ पहुंचाने की मंशा से लाखों रुपए कीमत से कब्रो को पाटकर सड़क बनवाई जा रही है और लोगों के घरों के जो मरहूम इस दुनिया को अलविदा कर गए हैं उनका नामोनिशान मिटाने का काम नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में किया जा रहा है। चंद्र गुलाबी नोटों की चकाचौंध की खातिर नगर पंचायत के जिम्मेदार धार्मिक आस्था से खिलवाड़ करते हुए लोगों की भावनाओं को आहत किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि अध्यक्ष की यह उपलब्धि हमेशा याद की जाएगी।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद जनपद में अफसरो की मनमानी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है ।जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद खीरी के नगर पंचायत खीरी टाउन कस्बा खीरी में देखा जा सकता है। जहां पर आए दिन सभासदों द्वारा किसी ने किसी वित्तीय अनियमितता भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर शासन प्रशासन तक शिकायतों व धरना प्रदर्शन की घटनाओं का दौर हमेशा बना रहता है। चाहे मामला ठेलिया खरीद घोटाला का हो या मानक विपरीत नाला निर्माण कार्य का हो नगर पंचायत खीरी टाउन हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है ।ऐसा ही एक और मामला आजकल सुर्खियां बना है जहां पर लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत खीरी टाउन के अध्यक्ष व जिम्मेदारों द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ के चलते एक रास्ते का निर्माण कराया जा रहा है जो रास्ता राजा साहब ओयल के नाम दर्ज जमीन गाटा संख्या 126 पर कराया जा रहा है इसी के पास में अल्पसंख्यक के लोगों के मरहूमो की कब्रे बनी है जिनको पाटकर उसे पर इंटरलॉकिंग लगाई जा रही है ।जिससे लोगों में खास रोष व्याप्त है।

लोगों का कहना है कि अपने निजी स्वार्थ कमीशन के चलते उनके मरहूमों की निशानी को मिटाया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के अध्यक्ष व जिम्मेदारों द्वारा अपने व्यक्तित्व लाभ के एक रास्ते का निर्माण कराया जाएगा जो राजा साहब ओयल के नाम दर्ज जमीन गाटा संख्या 126 पर दर्ज कागजात है उक्त रास्ता खंभाताल के पास से कब्रिस्तान होते हुए बंशीधर राज के प्लाटिंग तक जाता बताया जाता है। हालांकि उक्त प्लाटिंग का बैनामा रईस निवासी कस्बा खीरी टाउन द्वारा बंशीधर राज से अपने पक्ष में करा लिए जाने की चर्चा आम है। सूत्रों द्वारा मिल रही जानकारी के अनुसार यहां पर सबसे अहम सवाल यह है कि यह क्या किसी के नाम राजस्व विलेखो में दर्ज जमीन पर नगर पंचायत रास्ता का निर्माण करवा सकता है यदि नहीं तो फिर किस आधार पर राजा साहब ओयलके नाम दर्ज जमीन गाटा संख्या 126 पर अतिक्रमण कर रास्ता बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। क्या इसके लिए राजा साहब ओयल से अनुमति ली गई है या नहीं अहम सवाल बना हुआ है। यदि बगैर भूस्वामी की अनुमति के उसके भूभाग पर निर्माण कराया जाता है तो यह अतिक्रमण के दायरे में आता है और सरकारी धन का दुरुपयोग प्रतीत होता है ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो मामला खुलकर सामने आएगा और होगा एक बड़ा खुलासा।

**वर्जन-** इस संबंध में तहसीलदार सदर ने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक की सक्रियता के चलते अपराधो मे हो रही खासा गिरावट

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थानाध्यक्ष को लगभग आये हुये तीन माह का वक्त हो रहा है।इस दौरान उनके द्वारा किये गये समाज हित मे कार्य सराहनीय है। हलाकिं उन्होने पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा के द्वारा संपूर्ण जनपद मे गुडमॉर्निंग आभियान के तहत हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुवे के द्वारा वर्षो से चल रहे विवाद व कई मामलो का भी पटाक्षेप करने की महारत हासिल की है। इसके साथ ही उन्हो ने सभी हैदराबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने बाली पुलिस चौकियो व हेल्का प्रभारियो की मीटिंग कर अतिशीघ्र ही लम्बित मामलो को निपटाने के लिये कहा है।और उन्होने सभी अपने पुलिस स्टाफ से क्षेत्र मे निरन्तर गस्त करते रहने व समय समय पर वाहनो आदि की चेकिंग के लिये भी दिशानिर्देश दिये है। हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुवे खुद रात रात जागकर गांवो मे गश्त करते रहते है।जिसके चलते हैदराबाद थाना क्षेत्र मे अपराधो मे खासा कमी देखने को मिल रही है।वही ग्रामीण उनकी सादगी की भूरि भूरि प्रशंसा करते नही थक रहे



है।और कह रहे है ऐसे अधिकारी यदि जिले के हर थाने मे पोस्ट हो जायेगे तो अपराध होने का नाम नही लेगे।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया श्रद्धांजलि दी

**● राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान के परिवार की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली/** देश के प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एक ऐसी भारत का कोहिनूर थी जिनको इतिहास सदैव याद रखेगा राजनीतिक न होते हुए भी प्रथम देश के वित्त मंत्री रहे थे और उसके बाद एक जिम्मेदार भारत के प्रधानमंत्री के पद की जिम्मेदारी निभाते हुए भारत वासियों के प्रिय थे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए जब हमारे देश का सोना विदेश में चंद्रशेखर सरकार ने गिरवी रख दिया था। तो उस वक्त वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने ऐसी नीतियां बनाई कि 4 महीने के अंदर सोना हमारे देश में वापस आ गया आज जो हम देख रहे हैं भारत की कामयाबी अगर सही मायने में देखा जाए तो डॉ. मनमोहन सिंह भारत की कामयाबी के जनक थे डॉ. मनमोहन सिंह भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बाद अगर ईमानदारी और कर्तव्य कर्मठता की कोई मिसाल दी जाएगी तो वो पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की ही होंगी। इसी क्रम में पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहनसिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया कहां देश ने एक गौरव खो दिया है इसकी कमी भारत सदैव याद रखेगा राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान के पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दुखित है हमारे देश के गौरव के न रहने से देश को भारी क्षति



हुई जिसको भुलाया नहीं जा सकता है हम सभी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धापूर्वक शत-शत नमन करते हैं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की राष्ट्रीय बिंदु सक्सेना, राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरी बाबू खंडेलवाल चीनी वाले, संरक्षक वीरेंद्र प्रसाद खंडेलवाल, संरक्षक जे. आर गुप्ता, मंजुला खंडेलवाल, रामकिशोर, प्रिंस सक्सेना चंद्र प्रकाश आदि कार्यकर्ताओं में दो मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि दी।

# क्षेत्र का हाल जाने पैदल निकल निकले सीओ

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली/** प्रशिक्षण रत क्षेत्राधिकार अजय कुमार यादव कस्बे का हाल जानने को पुलिस फोर्स के साथ पैदल निकले और उन्होंने भ्रमण करके सर्दी में होने वाले अपराधों पर नजर रखने के लिए पुलिस को सर्तक किया और कहां अव सर्दी पड़ रही है ऐसे में अपराधी मौके का फायदा उठाते हैं इसलिए पुलिस को गंभीरतापूर्वक कष्ट करनी होगी रात में आते जाते व्यक्ति को चेक किया जाएगा चाहिए परंतु उसे परेशान नहीं ताकि अपराधियों में धोखा बना रहे की पुलिस व्यस्त कर रही है पकड़े जाने पर जेल जाना होगा जनता को सुरक्षित रखना सब की जिम्मेदारी हैदेक्षेत्र का हाल जाने पैदल निकल निकले सीओ।

बरेली/प्रशिक्षण रत क्षेत्राधिकार अजय कुमार यादव कस्बे का हाल जानने को पुलिस फोर्स के साथ पैदल निकले और उन्होंने भ्रमण करके सर्दी में होने वाले अपराधों पर नजर रखने के लिए पुलिस को सर्तक किया और कहां अव सर्दी पड़ रही है ऐसे में अपराधी मौके का फायदा उठाते हैं इसलिए पुलिस को गंभीरतापूर्वक कष्ट करनी होगी रात में आते जाते व्यक्ति को चेक किया जाएगा चाहिए परंतु उसे परेशान नहीं ताकि अपराधियों में धोखा बना रहे की पुलिस व्यस्त कर रही है पकड़े जाने पर जेल जाना होगा जनता को सुरक्षित रखना सब की जिम्मेदारी हैशक्षेत्र का हाल जाने पैदल निकल निकले सीओ।


बरेली/प्रशिक्षण रत क्षेत्राधिकार अजय कुमार यादव कस्बे का हाल जानने को पुलिस फोर्स के साथ पैदल निकले और उन्होंने भ्रमण करके सर्दी में होने वाले अपराधों पर नजर रखने के लिए पुलिस को सर्तक किया और कहां अव सर्दी पड़ रही है ऐसे में अपराधी मौके का फायदा उठाते हैं इसलिए पुलिस को गंभीरतापूर्वक कष्ट करनी होगी रात में आते जाते व्यक्ति को चेक किया जाएगा चाहिए परंतु उसे परेशान नहीं ताकि अपराधियों में धोखा बना रहे की पुलिस व्यस्त कर रही है पकड़े जाने पर जेल जाना होगा जनता को सुरक्षित रखना सब की जिम्मेदारी हैक्षेत्र का हाल जाने पैदल निकल निकले सीओ।

बरेली/प्रशिक्षण रत क्षेत्राधिकार अजय कुमार यादव कस्बे का हाल जानने को पुलिस फोर्स के साथ पैदल निकले और उन्होंने भ्रमण करके सर्दी में होने वाले अपराधों पर नजर रखने के लिए पुलिस को सर्तक किया और कहां अव सर्दी पड़ रही है ऐसे में अपराधी मौके का फायदा उठाते हैं इसलिए पुलिस को गंभीरतापूर्वक कष्ट करनी होगी रात में आते जाते व्यक्ति को चेक किया जाएगा चाहिए परंतु उसे परेशान नहीं ताकि अपराधियों में धोखा बना रहे की पुलिस व्यस्त कर रही है पकड़े जाने पर जेल जाना होगा जनता को सुरक्षित रखना सब की जिम्मेदारी हैने कर्मठ नेता खोया विभिन्न दलो के जनप्रतिनिधियों ने मनाया शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जनपद खीरी के ब्लॉकों में मनरेगा को लेकर चल रहा बड़ा खेल

**● फर्जी हाजिरी व पुराने फोटो अपलोड कर मास्टर रोल में हाजिरी लगाई जाने के आरोप**

**फर्जी हाजिरी के सहारे ग्राम पंचायत में प्रधान व सचिव सहित पंचायत मित्र काट रहे राजस्व की मलाई**



**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** भले ही सरकार करोड़ों का बजट ग्राम पंचायत के माध्यम से देखकर शहरों जैसी व्यवस्था गांव में देने का प्रयास कर रही हो जिस गांव का पूर्ण विकास हो सके लेकिन योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार इसमें बड़ा बड़ा साबित हो रहा है और विकास के नाम पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अपना विकास करते नजर आ रहे हैं अगर ग्राम पंचायत के विकास की बात की जाए तो जहां पर सरकार करोड़ों रुपए का बजट देकर ग्राम पंचायत के तस्वीर को बदलने के दावे किए जा रहे हैं वह सिर्फ दावे ही नजर आते हैं जनपद खीरी के पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित हो रही ग्राम पंचायत के कार्यों की जहां पर इस समय मनरेगा कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है मामला जनपद लखीमपुर खीरी के अंतर्गत विकासखंड बेगम वह विकास खंड फूलबेहड़ का है यहां पर मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला खुलकर सामने आ रहा है

बताते चले कि मामला जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड बेगम की ग्राम पंचायत बनिक का है और दूसरा मामला विकासखंड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत नरहर का है जहां मनरेगा कार्यों में ग्राम प्रधान और सचिन की मिली भगत से बड़े व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है सूत्र बताते हैं की गति महापुरुष विकासखंड के जिम्मेदारों को आदेशित किया गया था कि जल संचयन को लेकर पंचायत स्तर पर गोल बनाना और जल निकासी व्यवस्था को लेकर नालों की सफाई सड़क पटाई वह अन्य मनरेगा कार्य करने को आदेशित किया गया था जिससे बरसात के समय में ग्राम पंचायत के वीडियो तथा ग्रामीणों को कोई दिक्कत ना हो और जल संरक्षण का लाभ भी किसानों को मिल सके लेकिन सूत्रों की माने तो यहां गोल खुदाई और नाला सफाई के नाम पर प्रधान और सचिन की मिली भगत से बड़ा भ्रष्टाचार होने का मामला प्रकाश में आया है जहां पर फर्जी हाजिरी और फर्जी फोटोशूट का बड़ा खेल खेले जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है ग्राम पंचायत के स्थलीय सत्यापन करने पर मनरेगा कार्य की जो तस्वीर सामने आई है उसे स्पष्ट नजर आ रहा है कि क्या खेल किया गया है पहली तस्वीर विकासखंड बेगम के ग्राम पंचायत

**हाथ उठाए खड़ा जंगल झाड़ी और कागजों पर हो गया नहर पट्टी पूरब बंधा का निर्माण कार्य**

**गरगटिया नहरपुल से रायपुर की हद तक नहर पटरी पूरब बधा निर्माण कार्य(3128010028/एल डी /95848625582439627З)**

बनिक की है जहां पर कई मजदूर की फर्जी हाजिरी लगाई गई है उक्त महिला मजदूरी करने वाली कभी जाती ही नहीं है यदि उनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2023 22 23 व 2023 24 में कराए गए कार्यों का कराया जाए भौतिक सत्यापन तो एक भारी खेल आएगा सामने जहां फर्जी मनरेगा हाजिरी फर्जी फोटो शूट के सहारे ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव राजस्व की मलाई काट रहे हैं सवाल यहां पर अब यह पैदा होता है कि भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और सचिन पर विभागीय जिम्मेदार जिला विकास अधिकारी उपयुक्त मनरेगा क्या कार्रवाई करते हैं या फिर यह मान लिया जाए कि सभी कार्यों में विभागीयथ जिम्मेदारों की मिली भगत का खेल तो नहीं जिसके बलबूते प्रधान और सचिव मलाई काट रहे हैं जिस कारण कोई कार्रवाई नही की जा रही है।

**मामला विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत बनिका का है।**

लखीमपुर खीरी। भले ही उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार ग्राम पंचायत की हालत सुधारने के लिए करोड़ों का बजट ग्राम पंचायत को आवंटित किया जा रहा है लेकिन यह ग्राम प्रधान और सचिव सहित तकनीकी सहायक और रोजगार सेवक की मिली भगत से खुद का विकास करने पर ही लग जाता है ऐसा दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है लोगों के द्वारा लगाया जा रहे आरोपों पर गौर करें तो दर्जनों महिलाओं के नाम फर्जी हाजिरी भरकर मनरेगा में जमकर लूट की जा रही है जिसके चलते वास्तविक जरूरतमंद लोगों को मनरेगा का लाभ न मिल पाने के चलते बाहर पलायन करने को विवश होना पड़ता है कई बुर्जुगवार लोगों ने तो नाम न छापने के शर्त पर यहां तक का दल की नरेगा योजना तो ग्राम प्रधान पंचायत मित्र और सेक्रेटरी के कामधेनु बनकर रह गई है ताजा मामला जो अभी प्रकाश में आया है ब्लॉक बेगम के ग्राम पंचायत बनिक में माइनर नहर के किनारे पटरी पूरब साइड पर बांदा निर्माण कार्य दिखाया गया है जो कहीं दिखाई नहीं पड़ता है उक्त पटरी पर काफी बड़ी-बड़ी जंगल झाड़ी लगी दिखाई पड़ सकती हैं और उक्त कार्य का पैसा निकालकर हजम हो गया ऐसा ग्रामीणों का आरोप है वहीं मनरेगा योजना के अंतर्गत जिन महिलाओं की कथित फर्जी हाजिरी लगाकर पैसा निकाला गया है उनमें से अधिकांश महिलाएं मनरेगा योजना के अंतर्गत काम करने ही नहीं जाती हैं ग्रामीणों ने बताया कि सारा खेल फर्जी हाजिरी फर्जी फोटो लोड डालने के आरोप प्रधान व सचिव पर लगाए गए हैं जिस जगह पर बांदा निर्माण कार्य दिखाया गया है वहां बड़े-बड़े मोटे लगभग दो-तीन साल पुराने पेड़ वह जंगल झाड़ी में तब्दील हो गया है लेकिन कागज पर बांदा निर्माण कार्य पूर्ण दर्शाकर वित्तीय वर्ष 2023 24 में सरकारी धनराज निकाल कर हजम कर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है इतना ही नहीं ग्रामीणों ने दी जानकारी के अनुसार कई अन्य भूमि विकास कार्य में मानकों को तक पर रखकर कोरम पूरा करते हुए सरकारी धनराज निकालकर हजम कर ली गई जिनमें वानिकी स्वरूप त्रिवेणी के खेत से रेशमा देवी के खेत तक चक मार्ग निर्माण कार्य तथा कैलाश के खेत से रियाज के खेत तक चकमा चक मार्ग निर्माण कार्यो में महज कोरम पूरा किए जाने तथा मानक विपरीत कार्य कराए जाने के आरोप लगाए गए हैं प्रदीप के खेत से जमवारी नदी तक भूमि विकास कार्य के साथ पिपरिया तालाब की खुदाई एवं सफाई कार्य के नाम पर गोलमाल किए जाने के आप भी सुर्खियां बने हैं यदि उक्त मामले की मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जांच टीम गठित कर कराई जाए निष्पक्ष जांच तो भारी भरकम गड़बड़ झाले का होगा खुलासा और कई जिम्मेदारों पर भी आएगी कार्यवाही की आंच ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पुलिस की तत्परता से गुम हुई 03 वर्षीय बच्ची कुछ ही घंटे में सकुशल बरामद



**भदोही** आज दिनांक-27.12.2024 को अपरान्ह पीड़ित मो0 आशीफ पुत्र स्व0 मुस्तफा निवासी ग्राम मामदेवपुर कॉलोनी थाना व जनपद भदोही द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि कल दिनांक 26.12.2024 को दोपहर 15ः00 बजे उनकी 03 वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी जो खेलने के बाद घर वापस नहीं आई। घर के अगल-बगल व अपने रिश्तेदारों में काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली। उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्समय ही सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से बच्ची की तलाश करते हुए अथक प्रयास कर गुम हुए बच्ची को कुछ ही घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

### गिले-शिकवे दूर कर एक बार फिर से रिश्तों की लिखी जा सकती है नई ईबारत




महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर किसी मासूम की जिंदगी में खुशियों से भरा नया सवेरा देने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है। आज उक्त के क्रम में 02 प्रकरणों में सम्बंधित आवेदिका द्वारा विपक्षीगण अपने पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र ज्ञानपुर पर तलब किया गया एवं दोनों पक्षों को काफी जद्दोजहद व अथक प्रयास करके समझाया बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर रहे हैं तथा नये सिरे से पुनः पति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुए रहने को तैयार हुए। महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुए टूटते हुए रिश्ते को बचाते हुए पति/पत्नी की विदाई करायी गयी।

### विद्युत उपकेंद्र सीखड़ पर मेगा कैम्प का किया गया आयोजन

**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र में स्थित विद्युत उप केन्द्र खैरा सीखड़ पर विद्युत विभाग द्वारा मेगा कैंप लगाकर उपभोक्ताओं से एक मुश्त समाधान अभियान के तहत लाखों रुपए जमा कराए गए।जानकारी के अनुसार खैरा सीखड़ उप केन्द्र पर विद्युत विभाग द्वारा मेगा कैंप लगाकर कर 60 उपभोक्ताओं से करीब 735000 हजार रुपए ओ टी एस एक मुश्त समाधान योजना के तहत धनराशि जमा कराया गया तथा कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल संशोधन किया गया। उक्त अवसर पर एसडीओ अमित गुप्ता, जेई ध्यानचंद वर्मा एवं समस्त विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइन मैन सहित सैकड़ों की संख्या में बकाएदार विद्युत उपभोक्ता जन उपस्थित रहे।

### सुनसान घर में चोरों का धावा, 50 हजार नकदी और आभूषण चोरी



**जलालपुर, जौनपुर।** पराऊगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के कुटीर चक्के गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 50 हजार रुपये नकद, सोने की अंगूठी और अन्य कीमती आभूषण चोरी कर फरार हो गए। मकान मालिक अपने परिवार के साथ घटना के समय घर से बाहर थे। सुबह जब पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ देखा, तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद मकान मालिक और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई गई है कि चोरों का गिरोह संगठित हो सकता है। चोरी की इस घटना से इलाके के लोगों में भय का माहौल बन गया है। वहीं, पुलिस ने शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ने का भरोसा दिया है।

# विद्युत उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना का लें लाभ-अधीक्षण अभियंता

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से बिजली उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त बिजली बिल बकाया जमा समाधान योजना की शुरुआत 15 दिसंबर 2024 से शुरू की गई है। जिसका लाभ घरेलु उपभोक्ता, वाणिज्यिक उपभोक्ता, निजी संस्थान वाले और लघु मध्यम उद्योग वाले उपभोक्ताओं को एकमुश्त अथवा किश्तों में भुगतान का विकल्प दिया गया है।

विद्युत वितरण मण्डल भदोही के अधीक्षण अभियंता राधेश्याम ने बताया कि उपभोक्ता अपने अधिभार में छूट का लाभ उठा सकते है। एक किलो वाट तक के घरेलु उपभोक्ता को 31 दिसंबर तक एकमुस्त बिल जमा करने में 100त्न अधिभार में छूट है, जबकि 10 किस्तों में जमा करने वालों को 75त्न छूट का लाभ मिलेगा। कृषि उपभोक्ताओं अप्रैल 2023 के बकाये पर शत प्रतिशत छूट लगातार जारी है। योजना का लाभ लेने के लिए 30त्न राशि जमा करना जरूरी है। बताया कि घरेलु उपभोक्ताओं को पहले चरण में 15 से 31 दिसंबर 2024 तक अधिभार में 100त्न और दूसरे चरण में 1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक 80त्न छूट मिलेगी। तीसरे चरण में 15 से 31 जनवरी 2025 तक 70त्न छूट रहेगी। एक मुश्त बकाया बिल भुगतान योजना के लाभ को हर उपभोक्ता तक पहुंचाने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं, ज़ो गावों में कैम्प लगाकर जागरूक किया जा रहा है। ज़ो समस्या है उसका समाधान भी किया जा रहा है।

भदोही अधिक्षण अभियंता राधेश्याम ने बताया कि जो उपभोक्ता काउंटर पर नहीं पहुंच सकते हैं, उनके लिए कैंप लगा है. वहां पर वे अपना पंजीकरण करा सकते हैं. अगर वहां पर वे नहीं पहुंच सकते हैं तो वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण कराने के लिए उनको अपने बकाए धन की 30 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी. लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कहा कि जो लोग ऐसी योजनाओं के बावजूद बकाया नहीं जमा कर रहे हैं, उनका कनेक्शन काटा जाएगा और इसके बावजूद बिजली इस्तेमाल करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। बता दें कि राज्य में जिनके बिजली बकाया हैं उनके लिए सरकार की ओर जल्द इसे क्लियर करने के लिए योजना लाई गई है। इसके जरिए ब्याज में छूट देकर उपभोक्ताओं से इसे वसुलने की तैयारी है। भदोही के विद्युत अधीक्षण अभियंता राधेश्याम ने लोगों से इस योजना का लाभ लेने की बात कही है।




### डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याए

● शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात**



प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-27.12.2024 को डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदया द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

### 06 अभियुक्त- हुए जिला बदर हत्या के प्रयास, लूट, डकैती दुष्कर्म, छेड़खानी, आमजन के साथ मारपीट, गाली गलौज, धमकी देने व चोरी जैसे अपराधों के हैं अभ्यस्त अपराधी

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर, मनबढ व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जनपद के थाना भदोही से 05 व थाना औराई से 01 विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, दुष्कर्म, छेड़खानी, आमजन के साथ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने, व चोरी जैसे अपराधों के द्वारा सामान्य जनता में भय एवं आतंक व्याप्त कर गुण्डागर्दी करने वाले *ङ्कुल-06ङ्घ* अभ्यस्त अभियुक्तों- 1. चंद्रकांत राय उर्फ चंदू पुत्र बाबूनाथ राय निवासी मुंसी जईकापूर थाना व जनपद भदोही 2. राहुल पुत्र छोटेलाल निवासी




जाहिद्पुर थाना व जनपद भदोही 3. धीरज दुबे पुत्र राजमणि दुबे निवासी सराय क्षत्रशाह थाना व जनपद भदोही 4. विजय पाण्डेय पुत्र अमरनाथ पाण्डेय उर्फ गिलारी निवासी ग्राम बढ़ौना उचेठा थाना व जनपद भदोही 5. वैभव सिंह उर्फ बिट्टू सिंह पुत्र रणधीर सिंह निवासी नेवादाकला थाना व जनपद भदोही 6. राजकुमार यादव पुत्र पुटई यादव निवासी तिलंगरा थाना औराई जनपद भदोही के विरुद्ध स्थानीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप कुंवर वीरेंद्र मौर्य अपर जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा यू0पी0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 06 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया है।

### देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधानोपरांत सुरियावां स्थित कैम्प कार्यालय में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वसीम अंसारी जी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई

**स्वतंत्र प्रभात**

कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, तत्पश्चात 2 मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वसीम अंसारी व प्रदेश महासचिव नाजिम अली ने कहा कि मनमोहन सिंह जी का निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है।प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह जी द्वारा लाए गए मनरेगा,सूचना का अधिकार ,शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार इत्यादि कानून देश के इतिहास में पत्थर का मील है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एनएसयूआई *शक्ति मिश्रा* व जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस *विनोद गौतम* ने



कहा कि 1991 में जब विश्व आर्थिक मंदी से गुजर रहा था तब एक वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह जी की उदारीकरण की नीति से देश उबर कर गतिशील हुआ। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना, परमाणु शक्ति समझौता जैसी योजनाएं लाकर देश को मजबूत करने का काम किया। 10 वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री के रूप में 114 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का भी काम किया। उनके योगदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। इस अवसर पर सुरेश गौतम, त्रिलोकी नाथ बिन्द,मुस्ताक अंसारी, सुमित शुक्ला चिंटू, सुरेश चौहान, करन मौर्य, रमाशंकर बिंद, इश्तियाक, डब्बू, प्रीतम कौशल, राजेश सरोज, संदीप गौतम, असलम हासमी, प्रमोद मौर्य इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**महराजगंज (जौनपुर)** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे वज्र अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने 11 वांछित अभियुक्त को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजकुमार निवासी भटपुरा, मुधुलाल ,कलावती देवी निवासी पूरा गम्भीरशाह,संतोष,फूलचंद निवासी लमहन लाल बहादुर बैहारी,अरुण कोल्हुआ, कमलेश,चनई भटपुरा,बघई कोबा सहित 11 को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### पूर्व प्रधानमंत्री की 100वीं जयंती पर भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने नमन कर वृद्धाश्रम में बांटा नी कैप

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ अटल चौक पहुँचे।जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयन्ती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इसके बाद इस दिवस की महत्ता को देखते हुए वृद्धजनों की सुविधा के लिए पटेंगरा नाला स्थित वृद्धाश्रम पहुंच कर तमाम बुजुर्गो को नी कैप का वितरण किया।इस मौके पर भाजपा नेता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो अभियान को मोदी जी ने साकार करने के लिए महत्वाकांक्षी केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया है।इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा,जिससे लाखों किसान लाभांवित होंगे।अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री होने के अलावा हिंदी कवि,पत्रकार और प्रखर वक्ता भी थे।वे जनसंघ के संस्थापकों में से थे।परमाणु बम का सफल परीक्षण कर भारत को परमाणु सम्पन्न देशो की श्रेणी में ला खड़ा किया था।मोदी जी ने उनके आदर्शो पर चलकर देश को विकास की गति देकर विकसित भारत बनाने का सार्थक प्रयास कर रहे है।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एक ऐसे राजनेता थे जिन्हें अजातशत्रु के नाम से जाना जाता था।राजनीति के क्षेत्र में उनका कोई भी दुश्मन नही था।आज उनके 100वीं जयंती पर अटल चौराहे पर पहुंचकर उनको नमन किया है।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्या, पूर्व जिला संयोजक दिनेश तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता,पूर्व जिला महामंत्री रायचंद दूबे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सोनकर, जिला मंत्री लालबहादुर सरोज, पूर्व जिला मंत्री प्रीतम केसरवानी, गोविंद बिंद, रामअवध पाण्डेय, शैलेश दूबे, बाबूराम गुप्ता, महेश वर्मा, आनंद मौर्या, डॉली अग्रहरि,शिवांशु कसेरा, सभासद धीरज सोनकर, विनोद मौर्या, ओमप्रकाश मौर्या, रमेश यादव,सरिता सिंह,जान्हवी तिवारी, शिव कुमार सिंह, वीरेन्द्र यादव,अजय त्रिपाठी, मंगल मिश्रा, अभिषेक यादव,महेश यादव,आनंद सिंह,योगेश दूबे,रमाकांत दूबे आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## बनवासी एवं निर्धन छात्र छात्राओं में अध्ययन उपयोगी वस्तुओं का वितरण

**स्वतंत्र प्रभात**

**चुनार, मीरजापुर।** श्री मत्प्रभुचरण गुंसाई श्री विठ्ठलनाथ जी के 510वें चतुर्दिवसीय प्राकट्य महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को श्री महाप्रभु जी की बैठक में अध्ययनरत् वनवासी एवं निर्धन छात्रों के सहायतार्थ कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर, चुनार के छात्र-छात्राओं को अध्ययन में उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया, जिसमें स्कूल के 135 बच्चों को सामग्री वितरित की गई। आज के कार्यक्रम में षष्ठपीठाधीश्वर गो0 108 श्री श्याम मनोहर जी महाराज व षष्ठपीठ युवराज गो0 प्रियेन्दु बावा ने श्री गुसाई जी की छवि पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की, तत्पश्चात् पू0 महाराजश्री व प्रियेन्दु बावा को



स्कूल के प्रधानाचार्य जोखुराम मौर्य व संस्थान के आनन्द कृष्ण अग्रवाल व राजेश अग्रवाल जी.एन. ने माल्यार्पण किया।संस्थान के कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने सभी बच्चों को श्री गुसाई जी के जीवन चरित्र व आपकी विशेषताओं पर अपनी भावना व्यक्त की। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।इस अवसर पर गो0 प्रियेन्दु बावा ने अपने उ?द्बोधन में कहा कि श्री गुसाई जी जीवों पर बड़ी कृपा करते थे, इसलिये आपको परम दयालु की उपाधि दी गई।संस्थान के राजेश अग्रवाल जी.एन.,अतुल शाह गीडिया प्रभारी व आनन्द कृष्ण अग्रवाल, रमेश भाई दिल्लीवाले, राजू विशम्भरी, छाया वेन, कल्पना बेन उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अग्रवाल ने किया।

## बदमाश व चोर नंबर दो के कारोबार करने वाले को पुलिस कार्रवाई के बजाय बढ़ावा देने का काम कर रही है क्षेत्रीय पुलिस

● क्षेत्र में चोरी के अलावा और भी अवैध कारोबार करने वालों के ऊपर नहीं लग रहा है अंकुश

लगातार थाना के नाक के नीचे से पशु तस्करों की गाड़ी निकल रही है लेकिन एक भी तस्करों के ऊपर कारवाई नहीं हो रहा है

**स्वतंत्र प्रभात**

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमडगज थाना क्षेत्र में चोरों सहित अवैध कारोबार करने वालों के उपर पुलिस नहीं कस पाई रही है शिकंजा आए दिन क्षेत्र में माफियाओं का हौसला बुलंद होता जा रहा है कोई जब बड़ा घटना घट जाती है तब पुलिस ताबड तोड़ कार्रवाई करके अपना पल्ला झाड़ लेती है जब छोटी-मोटी घटनाएं होती है तब सिर्फ पुलिस सुलह समझौता का दबाव बनाकर काम निकालना चाहती है जिससे माफियाओं का मनोबल हमेशा बढ़ता जा रहा है बहुत दबाव बनाने के बाद पुलिस 151 करके बदमाशों को छोड़ देती है जिससे बदमाश फिर अंजाम देने के लिए तैयार हो जाते हैं ग्रामीणों का मानना है कि एक वर्ष के अंदर ड्रमडगज थाना क्षेत्र में सैकड़ो चोरियां हुई और एक भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ ना तो चोरी के संबंध में मुकदमा लिखा गया ड्रमडगज थाना क्षेत्र में एक ही प्लांट से तीन बार मोटर पंप चोरी सहित क्षेत्र में बड़ी-बड़ी चोरियां हुई जिसमे एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया गया क्षेत्र में खुलेआम मादक पदार्थ बेचे जा रहे हैं एक भी मादक पदार्थ बेचने वालों के ऊपर कारवाई नहीं हुआ लगातार हाईवे से रात में बस पशु तस्करो की गाड़ी निकल रही है लेकिन एक भी तस्करो के उपर कार्रवाई नहीं हो रहा है माफिया खुलेआम दौड़कर रोड पर किसी को मारते हैं ऐसे मामले में 151 की कार्रवाई कर पुलिस अपना पल्ला झाड लेती है और बताती है कि हम अपना कार्रवाई कर दिए और जब माफिया कोई बड़ी घटना को अंजाम दे देते हैं तब पुलिस अपनी नौकरी बचाने के लिए क्षेत्र में दौड़ती है पीड़ित अपना प्रार्थना पत्र लेकर थाने का चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन एक भी माफियाओं पर कार्रवाई नहीं होता है ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन थाना क्षेत्र की तरफ ध्यान दें जिससे माफिया व अवैध कारोबार व चोरों के ऊपर कारवाई हो सके जिससे क्षेत्र के लोग सुरक्षित रहे।

## जन्म प्रमाण पत्र- तहसील ब्लाक के पेंच में फसता प्रमाण पत्र

● तहसील व ब्लॉक का काट रहे चक्कर जेब हो रही खाली

तहसील में कार्यालयों के सिस्टम में फसता जन्म प्रमाण पत्र

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहगंज जौनपुर।** जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र वर्तमान समय में एक नया तहसील और ब्लॉक का चक्कर लगाने का माध्यम बन गया है। जबकि प्रदेश में ग्राम स्तर पर भी ग्राम सचिवालय कार्यालय बने हुए हैं। आधार बनवाने, नाम संशोधन में जन्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता ने अभिभावकों को जैसे सांसत में डाल दिया हो। जन्म प्रमाण पत्र आवेदन के बाद कुछ तहसील व ब्लॉक का चक्कर काट रहे हैं। तो कुछ स्वास्थ्य विभाग कर्मियों के बीच भाग रहे हैं। आधार न बन पाने के कारण परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के यूनिफॉर्म का पैसा डीबीटी के माध्यम से खाते में





नहीं जा रहा है। जैसे अनिवार्य जरूरत के लिए जन्म प्रमाण पत्र बाधा बनता नजर आ रहा है। ज्ञात हो कि फर्जीवाड़ा को देखते हुए, अब जन्म प्रमाण पत्र होना आवश्यक कर दिया गया है। यही बदलाव स्वास्थ्य विभाग व राजस्व कर्मियों के लिए कमाई का माध्यम भी बन गया है। छोटे बच्चों का और बड़े बच्चों का अलग-अलग नियम से रिपोर्ट लगाने का सिस्टम भी दिक्कतों का माध्यम बनता चला जा रहा है। अगर किसी की उम्र अधिक है और वह आधार में संशोधन करना चाह रहा है तो पैसे देने और खर्च करने के साथ ही तहसील व ब्लॉक का चक्कर भी काटना पड़ रहा है। शपथ पत्र उप जिलाधिकारी कार्यालय में जमा करने के बाद कुछ दिवस बाद वह शपथ पत्र ब्लॉक कार्यालय जाता है। जिसके बाद सेक्रेटरी रिपोर्ट लगाकर फिर तहसील भेजते हैं। ऐसे में विलंब होना स्वाभाविक है। फिर प्रार्थी तहसील के कई कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद भी अपने को असहाय एहसास करता है। जिसके कारण जन्म प्रमाण पत्र के शपथ पत्र कई महीनो से तहसील में जमा है परंतु उसका कोई रिपोर्ट वर्तमान समय में भी नहीं पहुंचा है। फिर भी सक्षम अधिकारी शांत है।

### महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत माँ विन्ध्यवासिनी परिसर में आयोजित किया गया मॉक अभ्यास

**जनपद मीरजापुर** में आज दिनांक 27 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शिव प्रताप शुक्ल के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत आज विभिन्न विभागों कि तैयारीयों कि परख हेतु मां विंध्यवासिनी धाम, विन्ध्याचल में एक मॉक अभ्यास का आयोजन किया गयाअपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा अवगत कराया गया की आयोजित मॉक अभ्यास को महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा जारी दिशा निर्देशिका के अनुसार आयोजित कराया गया है द्य मॉक अभ्यास प्रारंभ होने के पूर्व मंदिर परिसर में यह अनाउंसमेंट करवा दी गई थी कि का मॉक अभ्यास का वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है तथा इसको सिर्फ प्रशासनिक तैयारी की परख हेतु आयोजित किया गया है द्य आयोजित मॉक अभ्यास में तीन सिनेरियो क्रमशः डूबना, अग्निकांड और भगदड़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य पर कार्यवाही की गई थी द्य सर्वप्रथम पक्का घाट विंध्याचल पर यह दर्शाया गया की कुछ लोग नदी में नहाने के दौरान डूब रहे हैं तथा उन डूबते हुए लोगों का विंध्याचल में तैनात राज्य आपदा मोचक बल कि टुकड़ी के द्वारा बचाव किया गया द्य उक्त सिनेरियो के बाद मंदिर में दिया जलाये जाने वाले स्थान पर आग लग जाने के कारण भगदड़ होने का एक दोहरा सिनेरियो रखा गया, जिसमें कि विभिन्न विभागों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया द्य इस मॉक अभ्यास में सिटी मजिस्ट्रेट लाल बहादुर, क्षेत्राधिकार शहर विवेक जावला एवं उनकी टीम, फायर सेफ्टी ऑफिसर अनिल प्रताप सरोज एवं अग्निशमन विभाग की टीम, एस0डी0आर0एफ टीम प्रभारी अनुपम कुमार एवं उनकी टीम, चिकित्सा विभाग की टीम, विद्युत विभाग की टीम, राज्य निर्माण निगम की टीम, एस0ओ विंध्याचल अमित कुमार जिला आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता, प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट अनूप संतु वाला एवं अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

### अधिवक्ता समिति के चुनाव में अनमोल अध्यक्ष,अमरनाथ उपाध्यक्ष,अजय महामंत्री चुने गए




**चुनार, मीरजापुर ।** नवयुवक अधिवक्ता समिति के चुनाव में अध्यक्ष अनमोल सिंह महामंत्री अजय पांडेय एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमरनाथ यादव निर्वाचित घोषित हुए। शुक्रवार की सुबह दस बजे से मतदान शुरू होकर अपराह्न साढ़े तीन बजे तक हुआ। तत्पश्चात शाम चार बजे से मतगणना शुरू हुआ। देर शाम परिणाम घोषित हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर अनमोल सिंह 170 मत पाकर विजई घोषित हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवशंकर सिंह को 26 मतों से हराया। वहीं अध्यक्ष पद पर शीतला प्रसाद यादव ने 41 प्राप्त किया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमरनाथ यादव 212 मत पाकर विजई हुए उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी दिनेश गुप्ता को 79 मतों से हराया। जबकि महामंत्री पद पर अजय पांडेय 169मत हासिल किए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामविलास सिंह को 16 मतों से हराकर निर्वाचित घोषित हुए वहीं प्रेम कुमार को 31मत प्राप्त हुए।कुल 364 पंजीकृत अधिवक्ता मतदाताओं में 357 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें छह टेंडर मत शामिल रहे।चुनाव अधिकारी इल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र नाथ दिवेदी ने बताया कि पांच सदस्यीय टीम की देखरेख में माडल बाइलाज के अनुसार चुनाव निर्वाध रुप से सकुशल संपन्न हुआ।

# रेडक्रास फर्स्ट एड ट्रेनिंग का समापन और क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण

**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ के द्वारा तीन दिवसीय रेडक्रॉस ट्रेनिंग प्रोग्राम एवं टीबी मरीजों के लिए पोषाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय गौरीशंकर मंदिर के प्रांगण में किया गया । कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर आरती श्रीवास्तव के द्वारा सीपीआर, ब्लीडिंग, फ्रैक्चर, हैंडवाश, मरीजों का ट्रांसपोर्टेशन,रिकवरी पोजिशन, चोकिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर आयोजक ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थाध्यक्ष डा. रानी अंजू सिंह के द्वारा 170 टीबी मरीजों को पोषाहार वितरित किया गया । इस अवसर पर संस्था के द्वारा गरीबों व जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया गया ।संस्थाध्यक्ष ने कहा कि , ऐसे कार्यक्रम से ग्रामीणांचलों में रहने वाले लोगों के लिए




ऐसे कार्यक्रम काफी लाभदायक होते हैं, सही समय पर मरीजों को फर्स्टएड मिल जाय तो लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने टीबी रोग के कारण व उपचार के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रेड क्रॉस की ट्रेनिंग एवं गोद लिए गए रोगियों की सेवा अत्यंत सराहनीय है।

रंजना उपाध्याय, कुंवर जय सिंह बाबा, अनिल कुमार उपाध्याय प्रबंधक सर्वोदय इण्टर कालेज खुदौली, डा. संध्या सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, डा. विजय सिंह, डा. अभिषेक वर्मा, डा. केएन उपाध्याय, सौरभ सिंह विक्की, अनुराग सक्सेना, स्वागत गीत हर्षिता तिवारी, जीविका सिंह, संजू सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा संचालन अजय तिवारी द्वारा किया गया ।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कुंभ मेले में बिना अनुमति लिए भंडारे का आयोजन नहीं होगा

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 में संचालित किए जाने वाले भण्डारों की अनुमति कलेक्ट्रेट प्रयागराज स्थित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से निर्गत की जायेगी। भण्डारों के आयोजन किए जाने हेतु यात्रियों के ठहराव स्थल (होल्डिंग एरिया) का चिन्हांकन किया गया है। भण्डारों के आयोजन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 05.01.2025 से पूर्व नगर मजिस्ट्रेट, प्रयागराज के कार्यालय में प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगर मजिस्ट्रेट, प्रयागराज के कार्यालय अथवा श्री संजय कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोबाइल संख्या-8840587851 व श्री अरविन्द कुमार तिवारी, कार्यालस सहायक मो0 सं0-7007246156 पर भी प्राप्त की जा सकती है। ज्ञातव्य हो कि भण्डारे के आयोजन के पूर्व अनुमति प्राप्त करना अपरिहार्य है। बिना अनुमति के भण्डारे का आयोजन नहीं किया जायेगा।

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह के निधन पर 01 जनवरी तक मनाया जायेगा राजकीय शोक।

**प्रयागराज।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह के निधन पर दिवंगत आत्मा के सम्मान में दिनांक 26.12.2024 से 01.01.2025 तक राजकीय शोक मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा एवं कोई राजकीय समारोह नहीं होगा। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार ने दी है।

## डॉ0 मनमोहन सिंह के द्वारा किये गये कार्यों को याद रखेगा देश - राशिद रिज़्वी




**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पंचायत करारी कस्बा स्थित डॉ0 रिज़्वी स्प्रिंगफील्ड स्कूल में शुक्रवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गयी। उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर सभी की आंखें नम थी। डॉ0 अख़्तर हसन रिज़्वी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव करार हुसैन उर्फ राशिद रिज़्वी ने डॉ0 मनमोहन सिंह के द्वारा किये गये कार्यों को बताया।



उन्होंने बताया कि 1991 में, वित्त मंत्री के रूप में डॉ0 सिंह ने लाइसेन्स राज को समाप्त कर दिया, जो दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था में धीमी आर्थिक वृद्धि और भ्रष्टाचार का स्रोत था। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया, जिससे विकास में नाटकीय रूप से तेज़ी आई। इसके बाद उपस्थित सभी अध्यापक सहित छात्र छात्रा आदि ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार, ओम शंकर पाण्डेय, अश्नीत कुमार, शमीम रज़ा, मोहम्मद आरिफ आदि अध्यापक सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## छत का बारजा गिरने से किशोर की हुई दर्दनाक मौत




**कौशाम्बी।** जनपद के सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के अकबराबाद गुहीली गांव का दुर्गेश पुत्र स्व0 मोतीलाल उम्र लगभग 14 वर्ष की छत का बारजा गिरने से मौत हो गई। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बीरेन्द्र कुमार पुत्र फूलचन्द्र निवासी अकबराबाद गुहीली के द्वारा बताया गया कि मेरा चचेरा भाई दुर्गेश पुत्र स्व0 मोतीलाल उम्र लगभग 14 वर्ष आज दिन शुक्रवार को समय लगभग 12 बजे दोपहर में छत पर टहल रहा था कि अचानक छत का बारजा गिरने से दुर्गेश भी नीचे गिर गया और मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों में मातम छा गया।सूचना मिलने पर कनैली चौकी इन्चार्ज दिलीप कुमार सिंह ने अपने हमराही के साथ मौके पर पहुंच कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# विश्व के सबसे बड़े अलौकिक महामृत्युंजय यंत्र का किया गया भूमि पूजन

**● - 40 करोड़ 40 श्रद्धालुओं के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** पूर्ण महाकुंभ 2025 मेला क्षेत्र संगम विहार सेक्टर 22 झूंसी प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े महामृत्युंजय यंत्र का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधान परिषद अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मानवेंद्र सिंह, चेयरपर्सन सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र संस्थान सद्गुरु मां ऊषा सहजानंद सरस्वती पीठाधीश्वर सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र संस्थान,अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी,महामंडलेश्वर रामेश्वरानंद ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया,दरअसल गंगा - यमुना अदृश्य सरस्वती की पावन धरा पर स्थापित होने वाले विश्व का प्रथम भव्य महामृत्युंजय यंत्र विश्व में अपनी तरह का पहला अलौकिक यंत्र है शिव महामृत्युंजय मंत्र के 52 अक्षरों के आधार पर इसका आकर बनाया गया है। इस यंत्र की चौड़ाई 52 फीट तथा लंबाई 52 फुट होने के साथ-साथ इसकी ऊंचाई भी 52 फुट रखी गई है जबकि 151 प्रकांड पंडितों द्वारा 8,00,000 महामृत्युंजय मंत्रों से अभिमंत्रित यह यंत्र पूरे विश्व में सकारात्मक वातावरण का संचार करेगा, सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र संस्थान की चेयरपर्सन सद्गुरु मां उषा जी तथा स्वामी सहजानंद सरस्वती पीठाधीश्वर सिद्ध महामृत्युंजय संस्थान द्वारा बताया गया कि



अभी तक महामृत्युंजय यंत्र 2- ष्ठस्वरूप में मिलता है वर्तमान में 3- ष्ठ महामृत्युंजय यंत्र की विधि अनुसार स्थापना की जा रही है वह स्वरूप सिद्ध महामृत्युंजय अंतर्राष्ट्रीय योग एवं ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ने वर्षों के अनुसंधान के बाद तैयार किया है अनुसंधान केंद्र द्वारा तैयार महामृत्युंजय यंत्र के वर्तमान में 3- ष्ठ स्वरूप पर हर तरह के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पक्ष को ध्यान में रखा गया है।

# महाकुंभ से पहले खाद्य सुरक्षा के लिए 2100 स्ट्रीट फूड विक्रेता ट्रेनिंग

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ मिलकर प्रयागराज प्रशासन ने नगर की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। अगले महीने होने वाले महाकुंभ से ठीक पहले नगर के 2100 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए आयोजित एक दिवसीय फॉस्टैक प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य प्रबंधन, खाना पकाने के तरीके और अपशिष्ट प्रबंधन समेत कई आवश्यक विषयों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा और



मानक अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी गयी। इसके तहत विशेष रूप से खाद्य व्यवसायों के लाइसेंस और पंजीकरण के संबंध में अनुसूची 4 में निर्धारित दिशा निर्देशों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की जानकारी और तौर-तरीकों को बेहतर बनाना तथा बेहतर खाद्य सुरक्षा मानकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को हाईजीन किट्स भी बांटा गया, जिनमें एप्रॉन, ग्लब्स, हेड-गियर तथा स्ट्रीट फूड वेंडर्स मैनुअल शामिल है। प्रशिक्षण कार्यक्रम महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी ने स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह के साथ-साथ एफएसएसएआई के संयुक्त निदेशक अंकेश्वर मिश्रा समेत प्राधिकारण के दूसरे अधिकारी तथा राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग से सुशील कुमार सिंह-अभिहित अधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के दृष्टिगत प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित की गयी मॉक ड्रिल

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** आज प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर नेशनल डिसास्टर मैनेजमेंट अथारिटी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, रैपिड एक्शन टीम, क्विक रिस्पांस टीम, वाणिज्य विभाग एवं चिकित्सा टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस मॉक ड्रिल के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ सामान्य, संजय सिंह; स्टेशन निदेशक, वी के द्विवेदी; उप राजकीय पुलिस अधीक्षक, अभिषेक; सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, संदीप कुमार उपस्थित थे ।

इस मॉक ड्रिल में 500 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर आयोजित मॉक ड्रिल में रेलवे सुरक्षा बल एवं वाणिज्य कर्मचारियों के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को यात्री आश्रय संख्या -4 से प्लेटफ़ॉर्म संख्या -2 पर ले जाया गया। इस दौरान प्लेटफ़ॉर्म संख्या -2



यात्रियों में भगदड़ होने का दृष्ट क्रिएट किया गाया जिसमें 10 श्रद्धालु घायल हो जाते हैं। तत्काल वाणिज्य और रेलवे सुरक्षा बल ने कंट्रोल टावर को सूचित किया। कंट्रोल टावर से सूचना मिलते ही सभी टीमें सक्रिय हो गयीं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रैपिड एक्शन टीम एवं क्विक रिस्पांस टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान प्लेटफार्म पर अपस्थित यात्रियों को घटना स्थल से दूर रखने और नियंत्रित करने के लिए प्लेटफ़ॉर्म संख्या -2 पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा जगह-जगह पर रोका गया और फुट ओवर ब्रिज संख्या -4 से प्लेटफ़ॉर्म संख्या -6 के लिए ग्रीन कॉरीडोर तैयार किया गया । तत्काल




घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, रैपिड एक्शन टीम, क्विक रिस्पांस टीम, वाणिज्य विभाग एवं चिकित्सा टीम ने मिलकर कार्य किया और मॉक ड्रिल को सफलता पूर्वक अंजाम दिया।

# रेलवे द्वारा महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध

**● -अठारह हजार जवान सुरक्षा में तैनात होगे।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के भव्य आयोजन के दौरान प्रयागराज, नैनी, सूबेदारगंज और छिवकी सहित सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने व्यापक और अभूतपूर्व प्रबंध किए हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के 18,000 से अधिक जवान प्रयागराज के 9 रेलवे स्टेशनों पर तैनात किए जाएंगे। इन जवानों की तैनाती का उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना, यात्री सुरक्षा को सुनिश्चित करना और श्रद्धालुओं को एक सुगम एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

महाकुम्भ के दौरान अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष रणनीति तैयार की है। रेलवे स्टेशनों पर तैनात आरपीएफ और जीआरपी कर्मी न केवल सुरक्षा निगरानी करेंगे, बल्कि यात्री सहायता के लिए भी सक्रिय रहेंगे। प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों और अन्य निगरानी उपकरणों की संख्या बढ़ाई गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रतिक्रिया दी जा सके। इसके अतिरिक्त, रेलवे स्टेशनों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की जाएंगी, जहां हर यात्री और सामान की सघन जांच की जाएगी। आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों को भीड़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इन कर्मियों की तैनाती भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, प्रवेश और निकास द्वारों सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर की जाएगी। इसके अलावा, महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों की भी विशेष तैनाती की जाएगी।

रेलवे सुरक्षा बल ने भीड़ नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग करने की योजना बनाई है। इसमें मेटल डिटेक्टर, स्कैनर, और मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिट




शामिल हैं। रेलवे स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मी हर परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगे। महाकुम्भ के दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त कार्यवाही से न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी यात्रियों को एक सुरक्षित और सहज यात्रा अनुभव प्राप्त हो। रेलवे ने सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं ताकि इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और महाकुम्भ 2025 एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन बन सके।

# नगर पंचायत शंकरगढ़ में मनाया गया वीर बाल दिवस

स्वतंत्र प्रभात

**शंकरगढ़ (प्रयागराज)** नगर पंचायत शंकरगढ़ में गुरु गोविंद सिंह के दोनों छोटे सुपुत्र के बलिदान दिवस पर वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 2022 से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे साहिबजादे 9 साल के बाबा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई 5 साल के बाबा फतेह सिंह की वीरता को समर्पित है। हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दिवस साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है।

इस अवसर पर प्रयास शिक्षण एवं सेवा संस्थान शंकरगढ़ द्वारा क्षेत्र के बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता बालक और बालिका वर्गों में विभाजित थी। जिसमें 100 मीटर 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ हुई। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक वर्ग में योगेश कुमार ने प्रथम, अंशु यादव ने द्वितीय और निहाल सिंह ने तृतीय



स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में कार्तिकेय शुक्ला ने प्रथम, कृष केसरवानी ने द्वितीय और शुभ सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग में प्रदीप यादव ने प्रथम , ओम जी केसरवानी ने द्वितीय और कार्तिक केसरवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी बालिका वर्ग में काजल देवी ने प्रथम, मानवी केसरवानी ने द्वितीय और रुपा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।200 मी बालिका वर्ग में चाहत तिवारी ने प्रथम, शर्मीला यादव ने द्वितीय और अंशिका देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी बालिका वर्ग में आकांक्षा राठौर ने प्रथम, सनेहा गुप्ता ने द्वितीय और साक्षी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्साहवर्धन हेतु बच्चों को मेडल पहनाकर, प्रमाण पत्र देकर और उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक शिक्षक डा.रमेश केसरवानी ने बालकों के अंदर उत्साह और साहस बढ़ाने हेतु बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह की कहानी बतायी। उन्होंने बताया कि कैसे उन दो वीर बालकों को अपना धर्म न छोड़ने के कारण मुगल आततायियों द्वारा दीवाल में चुनवा दिया गया था। इस अवसर पर संस्थान की संचालिका पूजा केसरवानी, सभासद निहारिका गुप्ता, दीपक नीर, प्रदीप कुमार सिंह, मूलचंद गुप्ता, अनूप जी केसरवानी, रामानुज गुप्ता, सुजीत केसरवानी सरताज, रोहित मिनी पैराडाइज स्कूल, चंद्र दीप विश्वकर्मा, रवि एमवे, मनोज चश्मा, अमन गुप्ता, उत्कर्ष केसरवानी, करन केसरवानी अमन सिंह, सुमित सिंह, समद सहित सैकड़ो अभिभावकों और सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

# अलवारा झील के विकास एवं सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार कराये जाने के दृष्टिगत डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**● - वन विभाग एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर अपने-अपने कार्यों को प्रारम्भ कराने के निर्देश**

**झील के बढ़े हुए पानी की निकासी शीघ्रातिशीघ्र कराने के डीएम ने निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा गुरुवार को अलवारा झील के पर्यटन एवं पर्यावरण की दृष्टि से विकास तथा सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार कराये जाने के दृष्टिगत पर्यटन, वन एवं सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कार्यो को इस प्रकार से कराया जाय कि प्रवासी पक्षियों के प्रवास में किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हों। उन्होने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को ग्राम काशीरामपुर




की सरकारी भूमि पर पयर्टक दृष्टि से कार्यालय बनाये जाने के लिए जगह का चिन्हांकन करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि झील से 500 मीटर दूर पर्यटकों के वाहनों की पार्किग के लिए ग्रामसभा की भूमि का चिन्हांकन किया जाय, जिससे झील के पास पार्किग न हो एवं पक्षियों को किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाये। उन्होंने वन विभाग एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर अपने-अपने कार्यो को प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें। इसी प्रकार उन्हांने वहा पर बनाये जाने वाले संग्रहालय की भूमि का निरीक्षण किया तथा वन विभाग की भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए उप जिलाधिकारी एवं डीएफओ को निर्देशित किया। उन्होंने अलवारा झील में बढ़े हुए पानी की निकासी के लिए नाले के हो रहें निर्माण को देखा तथा नाले के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होने ग्राम प्रधान अलवारा एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को झील के बढ़े हुए पानी की निकासी शीघ्रातिशीघ्र कराने के निर्देश इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह, उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई जगदीश लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड इलाहाबाद जनपद प्रयागराज में नवगठित बहुउद्देशीय सहकारी समिति का किया गया गठन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा 'सहकार से समृद्धि' के अन्तर्गत देश में नव गठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मतस्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ दिनांक-25.12.2024 को नई दिल्ली में किया गया है, जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट बैंक लिमिटेड इलाहाबाद मुख्यालय में की गयी। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र सिंह मा संचालक यूपीसीबी लखनऊ, कार्यक्रम के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य सभापति इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड इलाहाबाद जनपद प्रयागराज कौशाम्बी, विनोद कुमार सिंह उप आयुक्त एवं उप निबन्धक सहकारिता प्रयागराज मण्डल जनपद प्रयागराज, अनिल शर्मा जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड एवं बैंक के सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी ओमवीर सिंह ने आयोजित 'सहकार से समृद्धि तक' कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में नव गठित समितियों को प्रमाण पत्र एवं बैंक शाखाओं के



माध्यम से ऋण वितरण भी किया गया। उपेन्द्र सिंह, संचालक यूपीसीबी ने कहा कि देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी, जहां पैक्स, डेयरी या मत्स्य सहकारी समिति ना हो। उप आयुक्त एवं उप निबन्धक सहकारिता प्रयागराज मण्डल ने कहा कि पिछले तीन वर्षो में लगभग 60 नई पहल की गई हैं, वे सहकारी क्षेत्र को और अधिक व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। बैंक अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या ने सहकार से समृद्धि के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। बैंक की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति के बारे में मोहम्मद बिलाल अनुभाग अधिकारी द्वारा बताया गया। बैंक अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या ने कहा, दो लाख प्राथमिक सहकारी समितियां पंजीकृत होते ही



देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी, जहां पैक्स, डेयरी या मत्स्य सहकारी समिति ना हो। उन्होंने कहा कि ऐसा होते ही पूरे देश में सहकारिता की पहुंच हो सकेगी, जिससे तहसील और जिले की संस्थाएं बनेंगी और राज्य की संस्थाओं को भी नई ताकत और गति मिलेगी। बैंक सचिव द्वारा समस्त आगंतुकों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया ह्व संचालन मण्डलीय अधिकारी डॉक्टर सी एल त्रिपाठी एवं अनुभाग अधिकारी मोहम्मद बिलाल द्वारा किया गया कार्यक्रम में जनपद एवं मण्डल के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अभय मिश्रा,कृष्ण कुमार, दीपक अग्रवाल, मनोज कुमार सिंह महेन्द्र कुशवाहा उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में हो रहे कार्यो से खुश होकर ग्राम प्रधानगण कलेक्ट्रेट पहुॅचकर जिलाधिकारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में जनपद की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल/अभियान के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे-पल्स पोलियो अभियान, टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम, फैमिली आई0डी0, फार्मर रजिस्ट्री, गोल्डेन कार्ड, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा/विधवा/विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, स्वच्छ भारत अभियान, राष्ट्रीय सर्वेक्षण, स्वयं सहायता समूह एवं पीएम विश्वकर्मा योजना सहित आदि विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाकर जनपदवासियों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिस पर जनपद के ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी के कार्यो से खुश होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में पहुॅचकर जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा जनपद में कराये जा रहे कार्यो की भूरि-भूरि प्रशन्सा की। ग्राम प्रधानों द्वारा कहा गया कि आप द्वारा आम-जनमानस की समस्याओं को सुनते हुए उसका त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। आज हम सब लोग अपने आपको गौरन्वित महसूस कर रहे हैं, कि हमें आप जैसे जिलाधिकारी मिले हैं, यदि आप जैसे अधिकारी इस जिले में रहेंगे तो जनपद का तेजी से विकास होगा। सरकार द्वारा संचालित येजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुॅचाने एवं पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाये जाने में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों का इसी तरह का सहयोग बना रहेगा, तो जनपद का जरूर विकास होगा। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जनपद के सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुॅचाया जायेगा, कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वन्चित नहीं होने पायेगा।

# चायल एसडीएम योगेश कुमार गौड़ के द्वारा संवेदनशीलता का दिया गया परिचय ठण्ड से कांप रहे जरूरतमन्दों की मदद कर मानवीय मिशन का किया गया कार्य

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में कड़ाके की ठण्ड को देखते हुये जब सराय अकिल कस्बा सो रहा था, तो चायल के एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुये। गुरुवार की रात को उन्होंने ठण्ड से जूझ रहे जरूरतमन्दों की खोज में सराय अकिल बस स्टॉप, करन चौराहा और फकीराबाद क्षेत्र का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कई लोगों को कम्बल वितरित किये और उनके लिए राहत का प्रबन्ध किया। सराय अकिल बस अड्डे पर एक व्यक्ति मन्दिर परिसर में ठण्ड से कांपता हुआ सोता मिला। एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने तुरन्त उसे कम्बल दिया और रैन बसेरा में सुरक्षित स्थान पर भेजा। इसी तरह करन चौराहा और फकीराबाद में भी उन्होंने ठण्ड में संघर्ष कर रहे लोगों की मदद की। एसडीएम की इस पहल से बेसहारा और जरूरतमन्द लोगों को न केवल ठण्ड से राहत मिली, बल्कि उन्होंने प्रशासन के प्रति एक नई उम्मीद भी जगी है। एसडीएम योगेश कुमार गौड़ का यह मानवीय प्रयास केवल कम्बल बांटने तक सीमित नहीं था। यह उनकी संवेदनशीलता और दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है। जहां कई लोग प्रशासन को केवल आदेशों तक सीमित मानते हैं, वहां उनका चायल से सराय अकिल में रात में घूम-घूमकर जरूरतमन्दों की



तलाश करना एक प्रेरणा देता है। उनका यह कदम समाज को सन्देश देता है कि असली सेवा वही है जो जरूरतमन्दों तक पहुंचकर की जाये। एसडीएम की यह पहल प्रशासनिक सेवा की नई परिभाषा लिख रही है, जहां ठण्ड में ठिठुरते लोग भी गरमाहट का अहसास कर सकेंगे।

# इण्टर के छात्र की सड़क हादसे में मौत

**● -चालक वाहन छोड़कर फरार हुआ पुलिस कर रही तलाश**

**कौशाम्बी।** जनपद में मंझनपुर कोतवाली के कस्बा निवासी छात्र शुक्रवार सुबह दुर्गा मन्दिर से दर्शन कर लौट रहा था जैसे ही बाइक सवार इंटरमीडिएट का छात्र महामाया छात्रावास के समीप पहुचा तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल छात्र को जब तक अस्पताल ले जाया गया, उसकी मौत हो गई।घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। उधर हादसे के बाद चालक डीसीएम को छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मंझनपुर चौराहा निवासी वैभव त्रिपाठी पुत्र दिनेश त्रिपाठी उम्र 18 वर्ष इंटरमीडिएट का छात्र था। शुक्रवार की सुबह वह बाइक से दर्शन करने कस्बा स्थित दुर्गा मन्दिर गया था। लौटते समय महामाया छात्रावास के समीप सामने से आई तेज रफ्तार डीसीएम ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्र सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुँचे इस बीच परिवार के लोग भी पहुंच गए। आनन फानन में निजी वाहन से घायल छात्र को भरवारी के निजी अस्पाताल ले गए। अस्पताल पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जांच कर मौत की पुष्टि की। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गमगीन माहौल में शाम को छात्र का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। मंझनपुर इंस्पेक्टर संजय तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर डीसीएम गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है।और चालक की तलाश की जा रही है।

# बाढ़ कार्यों में अनियमितता के मामले की जांच को मण्डलायुक्त ने गठित की कमेटी

**● -तीन सदस्यीय कमेटी 15 दिन में सौंपेगी जांच रिपोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा।** देवीपाटन मण्डल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने जनपद गोण्डा में बाढ़ कार्य खंड के तहत एल्गिन ब्रिज चरसढ़ी तटबंध और सकरौर भिखारीपुर रिंग बांध पर हुई वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के मद्देनजर तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।ऐली परसौली निवासी ओम प्रकाश सिंह ने 6 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2017 से अब तक इन तटबंधों पर हुए कार्यों में सरकारी धन का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार हुआ है। ठेकेदारों और अभियंताओं ने फर्जी अनुबंध बनाकर भारी वित्तीय अनियमितताएं की हैं।

जांच के लिए गठित कमेटी में मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, देवीपाटन मण्डल, अभियंत्रण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, देवीपाटन मण्डल, प्राविधिक परीक्षक, प्राविधिक सम्परीक्षा विभाग, देवीपाटन मण्डल को शामिल किया गया है। जांच कमेटी को निर्देश दिया गया है कि 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।फर्जी भूमि अधिग्रहण और अनुबंध बनाकर राजकीय धन की बंदरबांट करने का आरोप लगाया गया है। ठेकेदारों और अभियंताओं द्वारा निर्माण कार्यों में घोर वित्तीय अनियमितता के आरोप मढ़े गए हैं। एल्गिन ब्रिज और सकरौर रिंग बांध पर एक ही कार्य को अलग-अलग वित्तीय वर्षों में दिखाकर फर्जी भुगतान का आरोप है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि तटबंधों के निर्माण और उन्नयन के लिए बनाई गई परियोजनाओं में ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से अनुबंध और भुगतान किए गए। भूमि अधिग्रहण में भी फर्जीवाड़ा हुआ। कमिश्नर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। यह कदम भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और सरकारी धन के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 15 दिन में कमेटी को जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने व्यक्त किया शोक

### डॉ मनमोहन सिंह का योगदान देश के विकास में अभूतपूर्व है- अजय राय



**रांची, झारखंड-** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। अजय राय ने डॉ. मनमोहन सिंह को एक महान नेता और अर्थशास्त्री बताते हुए कहा कि उनका योगदान देश के विकास में अभूतपूर्व है। उन्होंने देश को आर्थिक संकट से उबारने और भारत को एक मजबूत वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। संघ ने डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ. मनमोहन सिंह को भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के इतिहास में उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

## घने जंगल में अवैध सुरंग बनाकर कोयला निकाल रहे हैं ग्रामीण



**चंदवा-** चंदवा के घने जंगलों में बेरोजगार ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए जान जोखिम में डालकर अवैध रूप से कोयला निकाल रहे हैं। सुरंग में बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मजदूर घंटों कोयला काटते हैं और उसे साइकिल के जरिए बाजार में बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सुरंग इतनी गहरी है कि दुर्घटना की स्थिति में किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकेगी। मजदूर अंदर ही कोयला बोरी में भरकर बाहर लाते हैं। जीवन को जोखिम में डालकर यह काम करने वाले मजदूरों की स्थिति चिंताजनक है, लेकिन वे पेट भरने के लिए यह जोखिम उठाने पर मजबूर हैं।

## तीन दिवसीय फुटबॉल खेल नारगी टोला के बिरसा मुंडा क्लब की ओर से आयोजित की गई है



**महेशपुर, पाकुड़-** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत बिरसा मुंडा क्लब नार्गिटोला के और गुरुवार को तीन दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां,जिप सदस्य समसून मुर्मू ,युवा अध्यक्ष जोगेंद्र मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम शामिल हुए। जिसमे क्लब के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा की फुटबॉल खेल 16 टीमों के बीच हुआ। जिसमे फाइनल खेला पथरघाटा वनम लोगांव के बीच हुआ जिसमे लोगांव की टीम ने पथरघाटा की टीम को एक गोल से पराजित कर विजय हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथिओ ने विजेता टीम को 20 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालिदास सोरेन एवं खेल कमिटी के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## झारखंड में बालू माफियाओं पर हो सख्ती- विजय शंकर नायक

**रांची, झारखंड-** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड में बालू माफियाओं की बढ़ती गुंडागर्दी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बालू माफिया अवैध खनन रोकने वाले अधिकारियों पर हमले और उन्हें बंधक बनाने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। विजय नायक ने हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि गोड्डा, धनबाद और पलामू में बालू माफियाओं ने खनन और पुलिस टीम पर हमले किए, जिससे अधिकारी घायल हुए और जानलेवा हमलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने राज्य सरकार से विशेष टास्क फोर्स बनाने और उसमें अर्धसैनिक बलों को शामिल कर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही, बालू के मालिकाना हक ग्राम सभा को देने का सुझाव दिया। नायक ने कहा कि जिला स्तरीय टास्क फोर्स लगभग निष्क्रिय हो चुकी है, और सरकार को बालू माफियाओं के मनोबल तोड़ने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

# पाकुड़िया में श्रीराम-जानकी के पावन परिणय का भावपूर्ण मंचन, श्रद्धालु भाव-विह्वल और हर्षित

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** सनातन परंपराओं और भगवत अवतारों की कथाएँ अपने रोचक, भावपूर्ण और वीर रस से परिपूर्ण प्रसंगों के कारण सदा से विश्व कल्याण का माध्यम रही हैं। इसी क्रम में श्रीराम-जानकी विवाह की कथा, जो भारतीय जनमानस की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बनारस की रामलीला मंडली द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा प्रांगण में मंचित की जा रही है। चौथी संध्या के मंचन में परशुराम-लक्ष्मण संवाद और श्रीराम-जानकी के सौम्य परिणय का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस दृश्य ने न केवल श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबो दिया, बल्कि उपस्थित माताएँ भी इस दृश्य से भाव-विह्वल हो गईं। श्रद्धामयी माताओं ने भक्ति-भाव से श्रृंगार सामग्री और अन्य भेंट अर्पित की, जबकि श्रद्धालु भक्तों ने मंचन के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राशि अर्पित की।

**श्रीराम-जानकी विवाह का मनोरम मंचन** - चौथी संध्या के मंचन में त्रेता युग की कथा को जीवंत कर दिया गया। कथा के अनुसार, श्रीराम द्वारा शिवजी के धनुष "पिनाक" को तोड़ने की ध्वनि सुनकर क्रोधित परशुराम जनक दरबार में आते हैं। वहाँ अनुज लक्ष्मण के साथ उनका तर्क-वितर्क होता है। लेकिन यह ज्ञात होते ही कि रामावतार हो चुका है, परशुराम प्रसन्न होकर जनक को आशीर्वाद देकर महेंद्रगिरि लौट जाते हैं। इसके पश्चात राम-सीता के पावन परिणय का मंचन किया गया, जिसमें विवाह के सभी सौम्य और भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किए गए।

इस दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर्ष प्रकट किया, जबकि माताएँ इस मनोहारी दृश्य से भाव-विह्वल हो गईं। रामलीला मंडली के कलाकारों की प्रस्तुति ने त्रेता युग की महिमा और श्रीराम की कथा को जीवंत कर दिया।

**रामलीला मंडली की भूमिका और उद्देश्य-** रामलीला मंडली के महंत श्री पंडित राजनाथ जी महाराज, व्यवस्थापक सोनू पाण्डेरा जी, और व्यास पं. मिश्रिलाल जी महाराज (काशी, वाराणसी) ने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार और धर्म जागरण के उद्देश्य से रामलीला मंचन किया जा रहा है। महंत जी ने कहा कि रामलीला का प्रत्येक दृश्य श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति की गहराई में ले जाने के लिए संकल्पित है।

**आयोजन की विशेषताएँ-** इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। माताएँ और भक्तजन भक्ति भाव से श्रृंगार सामग्री और अन्य वस्तुएँ अर्पित कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि रामलीला का समापन 1 जनवरी 2025 को रावण वध और श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ होगा।

**श्रद्धालुओं में उल्लास-** रामलीला के माध्यम से कलाकारों ने न केवल श्रीराम की कथा को सजीव किया, बल्कि श्रद्धालुओं को भक्ति की रसधारा में भी डुबो दिया। श्रीराम-जानकी विवाह के इस भावपूर्ण मंचन ने पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और धार्मिक चेतना का संचार किया। रामलीला के इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि रामकथा आज भी भारतीय संस्कृति और जनमानस में उतनी ही जीवंत और प्रेरणादायक है, जितनी सदियों पहले थी।

# झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि शोक सभा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात




**बरही-** झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल कृष्णापुरी बरही में आज देश के 13वें प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, राजनीतिक कार्यकर्ता और विद्यालय के सदस्य उपस्थित हुए। शोक सभा में उपस्थित सभी ने डॉ. मनमोहन सिंह की उपलब्धियों पर चर्चा की और उनकी दूरदर्शी सोच और नेतृत्व को याद किया। सभा में डॉ. सिंह की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सिर्फ देश के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री भी थे, जिन्होंने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई।

सभा में उपस्थित प्रमुख लोगों में भाजपा बरही पश्चिम मंडल के मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, विद्यालय निदेशक डॉ. सुनील कुमार दत्ता, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, नवल किशोर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंहा, मंत्री सह उपमुखिया मनोज उपाध्याय और समाजसेवी राजेश कुमार केसरी शामिल थे। विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार ने डॉ. सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्रतिमा कुमारी सिंहा, बिलासिनी राय, शांति राणा, शबाना खातून, और अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. सिंह के जीवन और उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

# आयुष विभाग के शिविर में 320 लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़-** शिविर में 92 लोगों की योगाभ्यास के साथ-साथ पाकुड़, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा एवं महेशपुर प्रखंड के शहरकोल, डांगपाड़ा, जोरडीहा एवं सोहबिल गांव में आयुष विभाग की ओर से गुरुवार को आयुष कैंप लगाकर दर्जनों नागरिक एवं बच्चों को इलाज किया गया। इस दौरान आयुष चिकित्सक डा. कुलेश कुमार एवं डा. लवकुश यादव ने कुल 320 लोंगो का स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया।

जानकारी देते हुए डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ राजेश यादव, डॉक्टर नित्यानंद कुमार वर्मा वं डॉ. कुलेश कुमार ने बताया की इम्यूनिटी बढ़ाने व लाइफ स्टाइल चेंज करने से जुड़ी सलाह कैंप में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया वात, प्रतिश्याय, जीर्ण ज्वर, श्वास रोग, बच्चों से संबंधित रोग, उदर रोग आदि रोगों का परीक्षण निशुल्क किया गया। साथ ही उनको मुफ्त दवाएं भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

27 दिसंबर 2024 को लिट्टीपड़ा प्रखंड के सांवालपुर, अमड़ापाड़ा प्रखंड के अमड़ापाड़ा गांव एवं महेशपुर प्रखंड के दमदम गांव एवं पाकुड़िया प्रखंड के पीतल गरिया गांव में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ कुलेश कुमार, डॉ लवकुश यादव, डॉ नित्यानंद कुमार वर्मा, डॉ मोहम्मद अबुतालिब शेख, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ अशोक महतो, डॉ मोहम्मद अफरोज आलम, आयुष ऑफिस से मिथुन कुमार दास, सहिया एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

# डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में 12वें वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**● शिक्षा ही वह साधन है, जो आपको अपने सपनों को पूरा करने में मदद करेगी - मनोज कुमार यादव**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखंड के ग्राम पंचायत मलकोको स्थित डॉ. भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह 12वां वार्षिक समारोह विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक विशेष अवसर था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करें। शिक्षा ही वह साधन है, जो आपको अपने सपनों को पूरा करने में मदद करेगी। विधायक ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना की, जिन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी पालन करना चाहिए, जिससे वे समाज के आदर्श नागरिक बन सकें। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय तक पहुंचने वाले पथ को सुगम बनाने का आश्वासन दिया और कहा कि समाज और सरकार का कर्तव्य है कि बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए हरसंभव मदद की जाए। मैं सुनिश्चित करूंगा कि विद्यालय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए। उनके विचारों ने उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया और विद्यालय प्रबंधन तथा अभिभावकों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे, जिनमें जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो क्यूम, कोबरा अधिकारी आकाश कुमार, पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद, समाजसेवी छत्रु महतो और मुकेश कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा, समारोह में एस. लाल रामानुजन मैथमेटिक्स हजारीबाग, दिलीप कुमार मैगनेट फिजिक्स क्लासेस हजारीबाग और डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो के निदेशक आई.पी. भारती भी उपस्थित थे। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रोत्साहन मिला और अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुलाब कुमार दास ने सभी आगंतुकों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने विद्यालय को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट किया। यह वार्षिक उत्सव न केवल विद्यालय के लिए एक विशेष अवसर था, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया। मौके पर प्रधानाध्यापक गुलाब कुमार दास, सूरज दास, दिनेश यादव, दिनेश कुमार समेत अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद थे।

## चंदवा में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का हुआ उद्घाटन

**चंदवा-** रांची रोड इंदिरा गांधी चौक स्थित होटल मयूर कॉम्प्लेक्स में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का उद्घाटन मयूर ग्रुप के डायरेक्टर उत्कर्ष दुबे (सन्नी दुबे) ने किया। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और एमडी भाविश अग्रवाल ने बताया कि क्रिसमस पर रिकॉर्ड 4000 ओला इलेक्ट्रिक स्टोर्स का उद्घाटन किया गया। अब यह स्कूटर देश के हर शहर, कस्बे और तहसील में उपलब्ध होगा। इस खबर के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में 6.85त्न की तेजी आई और यह 93.41 रुपये पर पहुंच गया।

# वेक्टर क्लासेस के सैकड़ो छात्रों ने किया एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण, वनभोज का लिया आनंद

**● दशरथ मांझी के महान कार्यों से छात्र हुए बहुत प्रेरित- दीपक गुप्ता**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** हजारीबाग स्थित वेक्टर क्लासेस के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत बोधगया, दशरथ मांझी, नालंदा, राजगीर, पावापुरी ऐतिहासिक स्थल से रूबरू कराया गया। संस्थान के छात्र सन्नी सिंह, अशीष गुप्ता, आनंद कुमार, लव कुमार, सिया गुप्ता, अनीषा कुमारी, दिव्या कुमारी, स्नेहा कुमारी ने अपने अपने ग्रुप बनाकर व्यापाक रूप में स्थल के बारे में जाना।गहलौर घाटी में छात्रों ने एक साथ वनभोज का भी आनंद लिया। इस मौके पर संस्थान निदेशक दीपक गुप्ता ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के शैक्षणिक भम्रण से छात्रों का आत्म ज्ञान बढ़ता है और देश के सभी धर्म स्थल जाकर मूल चीजों को जानने का मौका भी मिलने के साथ भारतीय संस्कृति और सुंदर प्रकृति से प्रत्यक्ष रूप से छात्रों को देखने का मौका मिला है, जिससे विद्यार्थियों के मस्तिक में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। दशरथ मांझी द्वार में उनके महान कार्यों से सभी छात्र बहुत प्रेरित भी हुए। शिक्षक सुरेन्द्र मंडल ने बताया कि राजगीर के ऐतिहासिक भूमि, धार्मिक तीर्थस्थल, तीन साल पर एक बार आनेवाला बृहद मलमास मेला और खूबसूरत वादियां पर्यटकों को खूब लुभाती है, यही वजह है कि राजगीर की पहचान आज अंतराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में है। इस पर्वत पर गौतम बुद्ध ने कई महत्वपूर्ण उपदेश दिये जिससे लेकर जापान के बुद्ध संघ ने इसकी चोटी पर एक विशाल शान्ति स्तूप का निर्माण भी करवाया है। मौके पर शिक्षक दामोदर शर्मा, रघुनाथ चौधरी, आर्यन गुप्ता,सदफ मेहपरा, ज्योति कुमारी व छात्र छात्राओं में निशु कुमारी, सुप्रिया कुमारी, नीतू करण देव, माही कुमारी, कल्पना कुमारी, स्मृति कुमारी, बबीता कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनू कुमार, रौनक कुमार, मनी कुमार सहित संस्थान के सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

# मेहरमा अंचल कार्यालय मे पिछले तीन सालों से अधिक समय से अंचल उपनिरीक्षक का नही हुआ तबादला

स्वतंत्र प्रभात




**मेहरमा-** मेहरमा अंचल कार्यालय में पिछले कई वर्षो से एक ही अंचल में अंगद की तरह पांव जमाए अंचल कर्मीयो का स्थानांतरण करने की जिला अधिकारी को सुध नही है।पिछले तीन वर्षो से अधिक समय से एक ही कार्यालय मे जमे हुए है।हम बात कर रहे है अंचल कार्यालय मेहरम के अंचल उप निरीक्षक की विभाग के अधिकारियों को यह भी पता नही कि अंचल मुख्यालय पर एक ही स्थान पर नियुक्त रहने की समय सीमा लांध चुके है।एक ही कार्यालय मे विकास अधिकारी तीन साल से अधिक समय से कार्यरत है। सभी अंचल उप निरीक्षक राजस्व ग्राम में अपनी गहरी पैठ बना चुके है।इन ग्राम अंचल अधिकारी की कार्य शैली से ग्रामीण भी ऊब चुके है।अभी तक किसी अधिकारी ने आज तक यह भी नही देखा कि किसी लोक सेवक के एक स्थान पर नियुक्त की समय सीमा क्या है।मेहरमा अंचल कार्यालय में अंचल उपनिरीक्षक तीन सालो से अधिक एक ही कार्यालय में जमे हुए है।जबकि नियमानुसार किसी भी विभाग में एक जगह पर तीन साल से अधिक नही रह सकते है।

# डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर तनवीर आलम एवं उनके कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण किया

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़** - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह- पाकुड़ जिला प्रभारी तनवीर आलम ने जिला कांग्रेस कार्यालय में सभी साथियों के साथ पाकुड़ में 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान काफी संख्या में पहुंचे कांग्रेस के वरीय पदाधिकारीगणों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। वही तनवीर आलम ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

साथ ही उन्होंने उपस्थित कांग्रेस जनों को डा मनमोहन सिंह की जीवनशैली की उम्दा पंक्ति को अपनाते हुए देश हित में अपनी योगदान साझा करने की अपील की। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, प्रदेश महासचिव उदय लखमणी, जिला कोषाध्यक्ष अरसद हुसैन, ए. गंगोली, मुख्तार हुसैन, सेमिनुल इस्लाम, देबू विश्वास, आमिर हमज़ा, रामविलास महतो, किशन पासवान, मोनिता कुमारी, संतु, शहनाज बेगम, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इसलाम, नसीम आलम सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैंक प्रतिनिधियों की बैठक

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगारपरक योजनाओं में पात्रों को ऋण देने में विलम्ब न किया जाये। बैकों में पहुँचने वाले लाभार्थियों का पूरा सहयोग किया जाये। फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। ग्रामों में वित्तीय जागरूकता के लिए कैम्प लगाए जाएं। मत्स्य पालकों व पशुपालकों के केसीसी लोन से सम्बंधित प्रकरणों के भारी संख्या में लंबित होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने आगे कहा कि स्वयं सहायता समूहों को ऋण आवेदनों को लंबित न रखा जाये।सीडी रेशियो में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का सीडी रेशियो ख़राब होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देश दिए कि रोजगारपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। माननीय विधायक सवायजपुर ने कुछ प्रकरण बैठक में रखे जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। माननीय विधायक ने कहा कि रोजगारपरक योजनाओं से सम्बंधित ऋण आवेदनों को तेजी से निस्तारित कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद सभागार में जिकेन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में हुआ विकास खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**● एथलेटिक्स, बालीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती में खिलाड़ियों ने दिखाये जौहर**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ** सरोजनीनगर ब्लॉक में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रान्तीय रक्षक दल केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्री भवन सरोजनी नगर में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटनऔर कुश्ती विधाओं सब जूनियर, जूनियर एवं सीनीयर वर्ग में पुरुष एवं बालिका दोनों वर्ग में किया गया, जिसमें जिसमें तीनो वर्गो को खिलाड़ियो का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन राम गोपाल द्विवेदी ए डी ओ कृषि द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करनें एवं टीम वर्क करने का अवसर प्रदान करता है। प्रतियोगिता में वॉलीबाल जूनियर बालिका वर्ग में कासिम खेड़ा की टीम, पुरुष वर्ग में हरौनी की टीम विजयी घोषित हुआ एवं वॉलीबाल सीनीयर बालक वर्ग में दारोगा खेड़ा की टीम विजयी घोषित हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में हरौनी की टीम,एवं जूनियर बालिका वर्ग में कासिम खेड़ा की टीम विजयी रही। एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में जूनियर बालिका वर्ग में नैंसी वर्मा, 100 मी सब जूनियर दौड़ में सगुन,100 मी जूनियर बालक वर्ग में शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मी जूनियर बालिका वर्ग में जानवी, 200 मी सब जूनियर बालक वर्ग में प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका सीनियर वर्ग में रूपम एवं बालक सब जूनियर वर्ग में नवनीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को श्री शिव कुमार वर्मा ए डी ओ समाज कल्याण द्वारा एवं डॉ अनीशा जी प्रधानाचार्य विद्यालय दादूपुर नें प्रमाण पत्र व मेडल देकर उनको सम्मानित किया। इस विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता के सफल संचालन मे शिक्षा विभाग की श्रीमती डॉ कंचन पाठक जी सहायक अध्यापक गढ़ी चुनौटी , श्रीमती डॉ अनीशा प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय दादूपुर संतोष कुमार स्काउट गाइड मास्टर शिक्षा विभाग, खेल शिक्षक नवनीत गुप्ता एवं शिक्षा विभाग की पूरी टीम का सराहनीय सहयोग रहाद्य क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी प्रतिभा ने बताया कि विजयी खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

## कच्ची शराब बेचने वाले चार लोगों पर केस दर्ज

**बेहटा** गोकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक द्वारा के द्वाराऔचक छापेमार कार्यवाही से कच्ची शराब बनाकर बेचने वालों में हड़कंप मच गया।आबकारी निरीक्षक ने तीन महिलाओं सहित चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है।गुरुवार को आबकारी क्षेत्र बेहटा गोकुल थाने के एसआई अशोक सिंह, आरक्षी मुश्ताक,हेमंत, महिला आरक्षी अंजला यादव के साथ बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के सलेमपुर, पीलापुर और चदूपुर, खैराई में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए अवैध कच्ची शराब के साथ जयदेवी निवासी पीलापुर,लीलावती निवासी सलेमपुर,विमला और उदयराज सिंह निवासी चंदू पुर खैराई को गिरफ्तार करते हुए बेहटा गोकुल में लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आबकारी निरीक्षक श्री श्रीवास्तव की इस छापेमार कार्यवाही से कच्ची शराब बनाकर बेचने वालों में हड़कंप मचा है।

# आरएसएस की मूल अवधारणा से अलग राह चल रहे मोहन भागवत!



हाल ही में पुणे में मोहन भागवत में सहजीवन पर आयोजित व्याख्यानमाला में एक ऐसी टिप्पणी की जिसमें उन्होंने कहा कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजने की जरूरत नहीं है। उनके इस बयान पर उठा तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदू समाज के ही कई संतों ने ऐतराज जताया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और रामभद्राचार्य ने आपत्ति जताई है। यहां तक कि भाजपा सांसद साक्षी महाराज का भी कहना है कि कौन नहीं जानता कि मंदिरों को तोड़कर ही मस्जिदें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि कुतुब मीनार में तो लिखा ही गया है कि इसका निर्माण 27 मंदिरों को तोड़कर किया गया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों हर मस्जिद के नीचे मंदिर न खोजने की नसीहत दी थी। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि कुछ राम मंदिर जैसे मामले खड़े करके हिंदुओं के नेता बनना चाहते हैं। ऐसा नहीं होने दिया जा सकता। मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्ष ने भाजपा और अन्य संगठनों से इस पर अमल करने को कहा है। वहीं आरएसएस में अंदरखाने की मोहन भागवत के बयान से असहमति जताई जा रही है। यही नहीं आरएसएस से जुड़ी पत्रिका ऑर्गनाइजर ने तो अपने ताजा में अंक में संभल के मुद्दे को ही कवर स्टोरी बनाया है। संभल को पत्रिका के पहले स्थान पर जगह दी गई है, जिसका शीर्षक है- सभ्यतागत न्याय की लड़ाई।संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने लिखा है कि यह लड़ाई तो किसी का भी व्यक्तिगत या सामुदायिक अधिकार है। पत्रिका का कहना है कि कोई भी अपने पूजा स्थलों को मुक्त कराने के लिए कानूनी ऐक्शन की मांग कर सकते है। इसमें आखिर क्या गलत है। यह तो हम सभी को मिला एक संवैधानिक अधिकार है। इसके अलावा पत्रिका ने इसे सोमनाथ से संभल तक की लड़ाई से जोड़ दिया है। मैगजीन के कवर पेज में संभल की एक तस्वीर को रखा गया है। पत्रिका में लिखा गया है कि संभल में जो कभी श्री हरिहर मंदिर था, वहां अब जामा मस्जिद बनी है। उत्तर प्रदेश के इस ऐतिहासिक कस्बे में ऐसे आरोप ने नया विवाद खड़ा कर दिया है।

आपको जानकारी देते हैं 1975 के अंत में जब देश तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लगाए हुए आपातकाल से जूझ रहा था, पशु चिकित्सा में अपना स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अधूरा छोड़ कर 'मोहन राव मधुकर राव भागवत' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक स्वयंसेवक बन गए। वह विभिन्न पदों से गुजरते हुए 2009 से इसके सरसंघ चालक हैं तथा समय-समय पर धर्म, समाज और राजनीति से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय देते रहते हैं। इसी श्रृंखला में 20 दिसम्बर को श्री मोहन भागवत ने पुणे में आयोजित 'सह जीवन व्याख्यान माला' में 'भारत विश्वगुरु' विषय पर व्याख्यान दिया और भारतीय समाज की विविधता को रेखांकित करते हुए मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठाने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि ऐसे मुद्दों को उठाकर वे हिन्दुओं के नेता बन सकते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिन्दुओं की आस्था का विषय था। राम मंदिर होना चाहिए था और हुआ परंतु रोज नए मुद्दे उठाकर घृणा और दुश्मनी फैलाना उचित नहीं। हर दिन एक नया विवाद उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता।

अपने भाषण में उन्होंने सब लोगों को अपनाने वाले समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि भारत देश सद्भावना पूर्वक एक साथ रह सकता है। 'रामकृष्ण मिशन' में 'क्रिसमस' मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं।

श्री भागवत के अनुसार बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक? यहां सभी समान हैं। जरूरत स?द्भावना से रहने और कायदे-कानूनों का पालन करने की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 3 जून, 2022 को भी श्री भागवत ने नागपुर में स्वयंसेवकों की एक सभा से पहले अपने संबोधन में कई संदेश दिए थे जिनमें उन्होंने श्रद्धा और ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद पर हिन्दू दावे का समर्थन किया था, परंतु इसके साथ ही बलपूर्वक यह भी कहा था कि 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' देश भर में किए जा रहे ऐसे दावों का समर्थन नहीं करता। उन्होंने इस तथ्य को दोहराया था कि आक्रमणकारियों के जरिए इस्लाम भारत में आया था, लेकिन जिन मुसलमानों ने इसे स्वीकार किया है वे बाहरी नहीं हैं, इसे समझने की जरूरत है। भले ही उनकी प्रार्थना (भारत से) बाहर से आई हो और वे इसे जारी रखना चाहते हैं तो अच्छी बात है। हमारे यहां किसी पूजा का विरोध नहीं है। मस्जिदों में जो होता है, वह भी इबादत का ही एक रूप है। ठीक है यह बाहर से आया है।

श्री भागवत के अनुसार हिन्दुओं के दिलों में खास महत्व रखने वाले मंदिरों के मुद्दे अब उठाए जा रहे हैं... हर रोज कोई नया मुद्दा नहीं उठाना - चाहिए। झगड़े क्यों बढ़ाते हैं? 'ज्ञानवापी' को लेकर हमारी आस्था पीढ़ियों से चली आ रही है। हम जो कर रहे हैं वह ठीक है परंतु हर मस्जिद में शिवलिंग की तलाश क्यों? उधर सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा है कि मोहन भागवत जी ने सही कहा है परंतु उनकी बात कोई नहीं सुनता।

श्री भागवत की उक्त बातों पर कोई टिप्पणी न करते हुए हम इतना ही कहेंगे कि भाजपा की अभिभावक संस्था 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के प्रमुख होने के नाते श्री मोहन भागवत का हर कथन मायने रखता है।हालांकि कुछ लोग मानते हैं कि मोहन भागवत चर्चा में बने रहने के लिए अक्सर लीक से हटकर बयानबाजी करते हैं। क्या भागवत संघ को दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मकता वादी दर्शन से पृथक कर गांधी वादी दर्शन को स्वीकारने की पहल करना चाहते हैं? या वह स्वयं संघ के महात्मा गांधी बनने की राह चुन रहे हैं? श्री भागवत के इस नए दर्शन पर सभी संबंधित पक्षों को विचार करने की आवश्यकता है क्या भागवत ने विवादों के पैदा होने से आशंकित हैं और सच्चाई से मुंह चुराने की राह चुन चुके हैं और उसी को संघ की नीति बतौर रख रहे हैं। लेकिन उनकी इस सोच को लेकर संघ के भीतर भी एक धड़ा असहमत और असहज महसूस कर रहा है। क्या यह असहमति उनकी मान्यताओं को बदलाव के लिए मजबूर करेगी या उनकी सोच को अंगीकार कर घुटने टेक देगी।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## राजनीति कि 'नीलकंठ' थे डॉ मनमोहन सिंह



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मन मोहन सिंह अपनी जीवन यात्रा पूरी कर अनंत यात्रा पर निकल गए। डॉ मन मोहन सिंह देश के 13 वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बिना बोले ,बिना अभिनय किये ,बिना जुमले उछाले देश के 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे। डॉ मन मोहन सिंह के प्रति मेरा मन हमेशा से श्रृद्धा से भरा रहा ,क्योंकि सही अर्थो में वे देश के मौन सेवक थे । मौन ही उनका आभूषण था। मौन ही उनका हथियार भी था। देश और दुनिया ने उन्हें कभी चीखते-चिल्लाते न सदन में देखा और न किसी रैली में। एक पत्रकार के रूप में मुझे डॉ मन मोहन सिंह से मिलने का अवसर आज से कोई तीन दशक पहले तब मिला था जब वे देश के वित्त मंत्री थे। ग्वालियर के संसद और केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय माधव रॉ सिंधिया उन्हें लेकर ग्वालियर आये थे। उन्होंने बरई गांव में ग्रामीण हाट जैसी एक परियोजना का उद्घाटन किया था। उन्हें पहली बार मप्र चैंबर आफ कामर्स के सभागार में सुनने का मौक़ा मिला था। विद्वत्ता उनके सम्भाषण से ही नहीं बल्कि उनके स्वभाव और आचरण से टोकती थी। वे एक खास लय में मुस्कराते थे। वे विनोदी भी थे लेकिन उनका विनोद भी शालीनता की चाशनी में लिपटा रहता था।

देश का सौभाग्य रहा कि उसे डॉ मन मोहन सिंह जैसे विद्वान अर्थशास्त्री का नेतृत्व मिल। वे आज की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण से बिलकुल भिन्न थे। कोई माने या न माने लेकिन देश और दुनिया की तारीख में डॉ मन मोहन सिंह भारत में आर्थिक सुधारों के जनक रहे। मुझे लगता है कि वे राजनीति के लिए बने ही नहीं थे, लेकिन उनका प्रारब्ध उन्हें राजनीति में खींच लाया। कांग्रेस ने उनकी योग्यता को पहचाना और देश हिट में उन्हें रजनीतिक मंच पर सबसे शीर्ष पद पर खड़ा कर दिया, अन्यथा वे तो एक अध्यापक थे, राजनीति से उनका कोई लेना-देना था ही नहीं। देश के विभाजन की विभीषिका पर आज जो लोग लम्बे -चौड़े भाषण देते हैं उन्हें शायद ये पता भी नहीं होगा कि डॉ मन मोहन सिंह ने इस त्रासदी को अपने बचपन में ही भुगता, लेकिन वे इससे टूटे नहीं ,बिखरे नहीं। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे पीएच. डी.करने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये।। डॉ सिंह ने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। वे केवल प्राध्यापक ही नहीं बल्कि लेखक भी बने। उनकी पुस्तक "इंडियाज़ एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ" भारत की अन्तर्मुखी व्यापार नीति की पहली प्रामाणिक आलोचना मानी जाती है। डॉ मन मोहन सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर अपनी पहचान बनाई और ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और वे दो बार जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। उनकी विद्वत्ता को पहचानकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पहली बार डॉ मनमोहन सिंह को आर्थिक सलाहकार बनाया। बाद में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण पदों पर भी रहे। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंहराव ने मनमोहन सिंह को 1991में वित्त मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंप दिया। उस वक्त डॉ मनमोहन सिंह संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। उन्हें उसी साल असम से राज्यसभा के लिए चुना गया।सही अर्थो में भारत को विश्वगुरु बनाने की नीयव डॉ मन मोहन सिंह ने ही रखी। उन्होंने ही भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व बाज़ार के साथ जोड़ने का श्रेय डॉ मन मोहन सिंह को ही है।

भारत की अर्थव्यवस्था जब घुटनों के बल चल रही थी,और प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव को को भंयकर आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा रहा था। आज का सत्ता पक्ष तब विपक्ष में था और उन्हें उन्हें नए आर्थिक प्रयोग से सावधान कर रहा था। लेकिन मात्र दो वर्ष बाद ही डॉ मन मोहन सिंह की सूझबूझ से आलोचकों के मुँह बंद हो गए। उदारीकरण के बेहतरीन परिणाम भारतीय अर्थव्यवस्था में नज़र आने लगे पटरी पर लाया जा सका। मजे की बात ये है की डॉ मन मोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने का सपना कभी नहीं देख। उनके नाम पर कांग्रेस ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा ,किन्तु वे न केवल एक बार प्रधानमंत्री बने बल्कि लगातार दो बार प्रधानमंत्री बने। उनकी नीली पगड़ी और भक्क सफेद कुर्ता- पायजामा ही पहचान बना। उन्होंने कभी अपने आपको फैशन प्रधान प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया।

आज के प्रधानमंत्री ने राजनीति की सारी लक्ष्मण रेखाएं लांघते हुए डॉ मन मोहन सिंह की जितनी आलोचना की उसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। लेकिन डॉ मन मोहन सिंह ने कभी कोई लक्ष्मण रेखा नहीं लांघी। वे पार्टी के भीतर भी राहुल गांधी की उद्दंडता को मौन रहकर पी गए। वे रणजीति के नीलकंठ थे।

वे मतदान करने स्ट्रेचर पर सदन में आये तब भी आज के प्रधानमंत्री ने उनके बारे में अभद्र और निर्लज्ज टिप्पणी की किन्तु डॉ मन मोहन सिंह ने अपना संयम नहीं खोया, वे सदा मुस्कराते रहे। उनके ऊपर भ्र्ष्टाचार के जितने भी राजनीतिक आरोप लगे वे सभी में बेदाग साबित हुए। डॉ मन मोहन सिंह ने कभी सत्ता का इस्तेमाल अपने परिवार के लिए नहीं किया। उन्होंने कभी अपनी सादगी की झांकी नहीं लगाई। उन्हें कठपुतली प्रधानमंत्री कहा गया किन्तु उन्होंने अपने आपको देश का सबसे ज्यादा संजीदा प्रधानमंत्री साबित किया। वे नेहरू नहीं थे,वे इंदिरा गाँधी नहीं थे, उनकी अपनी कोई राजनीतिक विरासत भी नहीं थी,किन्तु वे अपने पीछे राजनीति में सुचिता की जो पगडण्डी छोड़ गए हैं उस पर चलना न मोदी जी के लिए सम्भव है और न किसी राहुल गांधी के लिए। ऐसे अनूठे देश सेवक के प्रति मेरी विनम्र श्रृद्धांजलि।

**राकेश अचल**

# कर्म के धरातल पर अत्यन्त समृद्ध थे, डॉ0 मनमोहन सिँह

"हज़ारों जवाबों से अच्छी है मेरी ख़ामोशी,
न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।"

अपनी इसी ख़ामोशी के साथ 26 दिसम्बर, 2024 ई0 को फेफड़े मे गम्भीर संक्रमण हो जाने के कारण 92 वर्ष की आयु मे रात्रि मे 9 बजकर 51 मिनट मे हम सबके प्यारे पूर्व-प्रधानमन्त्री डॉ0 मनमोहन सिँह इस असार संसार का त्याग कर चुके थे। उनके शरीरान्त के पश्चात् उनकी वही 'ख़ामोशी' इन दिनो मुखर होकर सबको बेचैन कर रखी है। सत्ता के गलियारे मे चहलक़दमी करनेवाले वे लोग, जो कल तक उनके लिए न जाने कितने असंसदीय शब्द प्रयोग करते रहे; नाना आरोप-तीर से घायल करते रहे, अब नतमस्तक हैँ, मानो उन्हेँ अपने भर्त्सनापूर्ण आचरण का अनुभव हो रहा हो। डॉ0 सिँह ने अपने दसवर्षीय प्रधानमन्त्रित्वकाल मे 'देशहित' को सर्वोपरि रखा था। आज हम राजनीति मे 'भेँड़िया-जैसा' चरित्र भी देख रहे हैँ; पद-प्रतिष्ठा पाने और अपनी कुर्सी बचाने के लिए छल-छद्म करने की रीति-नीति का बीभत्स रूप प्रतिक्षण देखते आ रहे हैँ, उससे नितान्त परे उनका जीवन था। उन्होँने कभी प्रधानमन्त्री-पद पाने की अपनी चाह तक व्यक्त नहीँ की थी; भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की शीर्षस्थ नेत्री सोनिया गांधी उनतक चलकर पहुँची थीँ और प्रधानमन्त्री-पद स्वीकार करने के लिए आग्रह किया था।

वे वाचाल नहीँ थे; आत्मप्रशंसक भी नहीँ थे; सत्तालोलुप नहीँ थे; विपक्षी दल के लिए कभी अपशब्द का प्रयोग नहीँ करते थे। सच तो यह है कि उन्होँने किसी नेता-नेत्री को आरोपित तक नहीँ किया। वे न तो भाषणो मे जोश दिखाते थे और न ही किसी विवाद को जन्म देते थे। वास्तव मे, उनका काम ही उनकी पहचान थी। उनके चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे देशवासियोँ को कभी झूठा आश्वासन नहीँ देते थे; जो भी करते थे, शालीनता के साथ। आज के बड़बोले नेता-नेत्रियोँ को उनसे सीख ग्रहण करनी चाहिए।

उन-जैसा व्यावहारिक भारतीय अर्थशास्त्री न कल था और न ही आज है; भविष्य मे भी कोई नज़र नहीँ आ रहा है।

डॉ0 मनमोहन सिँह-जैसा सुशिक्षित एवं अनुभव-सम्पन्न प्रधानमन्त्री आज़ादी के बाद से आज तक कोई नहीँ हुआ है और न ही दूर-दूर तक कोई सम्भावना नहीँ दिख रही है। उनका अर्थबोध अद्वितीय रहा है। हम यदि उसके क्रम को समझेँ तो वे अर्थशास्त्र मे वरिष्ठ व्याख्याता, उपाचार्य (रीडर), प्राध्यापक थे। वे संयुक्त राष्ट्र-व्यापार एवं विकास-सम्मेलन (अंकटाड- यू0 एन0 सी0 टी0 ए0 डी0) मे भी सक्रिय थे। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशक तथा गवर्नर, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के निदेशक, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, दक्षिण आयोग के महासचिव, विदेश व्यापार मन्त्रालय के सलाहकार, 'दिल्ली स्कूल ऑव् इकॉनमिक्स' अन्तरराष्ट्रीय व्यापार के प्राध्यापक, वित्तमन्त्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे। यही कारण था कि वे विषम आर्थिक परिस्थितियोँ को भी अपनी कुशाग्र बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए, अपने अनुकूल कर लेते थे।

हमे वर्ष 1991 का वह समय स्मरण करना होगा, जब विश्व गम्भीर आर्थिक संकट के दौर ग़ुज़र रहा था। वैसी विषम परिस्थिति मे पी0 वी0 नरसिम्हा राव के प्रधानमन्त्रित्वकाल मे उन्हेँ वित्तमन्त्री बनाया गया था। उस समय भारत का विदेशी मुद्रा-भाण्डार रिक्त हो चुका था; देश पर अत्यधिक ऋण का दबाव था। ऐसे मे, उनकी तीन आर्थिक नीतियाँ- (1) उदारीकरण (2) निजीकरण (3) वैश्वीकरण भारत की अर्थव्यवस्था को एक नयी सकारात्मक ऊर्जा देती रहीँ। उन्होँने अपनी सुशिक्षा और अनुभव के बल पर भारतीय अर्थ-व्यवस्था मे एक अभिनव युग का प्रारम्भ किया था। उनकी आर्थिक उदारीकरण की नीति 'मील का पत्थर' साबित हुई थी, जिसके अन्तर्गत उन्होँने व्यापार, उद्योग तथा निवेश के क्षेत्रोँ मे लोकोपयोगी सुधार किये थे, जिससे भारत को वैश्विक अर्थतन्त्र के साथ जोड़ने मे सहायता मिली थी। उन्होँने ही शासकीय उद्यमो को निजी क्षेत्र के लिए खोलने की शुरूआत की थी। निजीकरण के साथ ही विदेशी निवेश को भी प्रोत्साह करने का श्रेय उन्हेँ ही जाता था। उन्होँने ही विदेशी कम्पनियोँ को भारत मे निवेश करने के लिए आकर्षित किया था। उनकी नीतियोँ का ही परिणाम था कि सूझ-बूझ एवं दूरदर्शिता के साथ उन्होँने कई दशक से भारतीय अर्थव्यवस्था मे सुस्त वृद्धि और भ्रष्टाचार के स्रोत 'लाइसेंस-परमिटराज' को समाप्त कर दिया था; कर (टैक्स) कम कर दिये थे। यही कारण था कि उनके वित्तमन्त्रित्व-काल मे भारत की आर्थिक दशा-दिशा पूर्णत~स्वस्थ एवं समृद्धि रही। उन्होँने यह भी मौन घोषणा कर दी थी कि बिना ढिँढोरा पीटे भी बड़े बदलाव किये जा सकते हैँ।

तत्कालीन संयुक्त राज्य अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी कृति 'ए प्रामिस्ड लैण्ड' मे डॉ0 मनमोहन सिँह की आर्थिक नीतियोँ की सराहना करते हुए लिखा था- वर्ष 1990 के बाद वे लगातार भारत को एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने मे तत्पर और सन्नद्ध रहे। वे भारत की अर्थव्यवस्था को ऊँचाई पर ले जानेवाले प्रमुख शिल्पी बने। डॉ0 मनमोहन सिँह वर्ष 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमन्त्री बने रहे। उन्होँने अपने उन दसवर्षीय काल मे कभी अवकाश नहीँ लिया था, सिवाय वर्ष 2009 मे जब उन्हेँ हृदय की बाईपास सर्जरी करानी पड़ी थी। वे प्रतिदिन 18 घण्टे क्रियाशील थे। बताया जाता है कि वे प्रतिदिन 300 फ़ाइलोँ का परीक्षण करते थे।

डॉ0 सिँह भारत के ऐसे चौदहवेँ प्रधानमन्त्री थे, जो पं0 जवाहरलाल नेहरू के बाद पूरे पाँच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के अनन्तर पुन~ निर्वाचित प्रथम प्रधानमन्त्री बने थे। उनके कार्यकाल मे शिक्षाक्षेत्र मे कई क्रान्तिकारी सुधार किये गये थे। उन्होँने 'शिक्षा का अधिकार-अधिनियम' लागू किया था, जिसके अन्तर्गत छ~ से चौदह वर्ष की बालक-बालिकाओँ के लिए निश्शुल्क और अनिवार्य शिक्षा की प्रत्याभूति (गॉरण्टी) दी गयी थी। हमे भूलना नहीँ होगा कि डॉ0 मनमोहन सिँह के नेतृत्व मे संचालित यू0 पी0 ए0-सरकार ने वर्ष 2006 मे 'मनरेगा' (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी-अधिनियम) लागू किया था, जिसमे ग्रामीण भारत के निर्धन परिवार को 100 दिनो का प्रत्याभूतियुक्त रोज़गार देने की व्यवस्था रही।

उनके कार्यकाल मे भारत ने सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनायी। बी0 पी0 ओ0 और आइ0 टी0-उद्योग ने लाखोँ युवाओँ के लिए रोज़गार के अवसर उत्पन्न किये थे। टेलीकॉम- क्षेत्र मे कराये गये सुधार ने देश के कोने-कोने मे मोबाइल और इण्टरनेट-संयोजकता का विस्तार किया था। उनकी दूरदर्शिता तब और मुखर रूप मे सामने आ गयी थी जब वर्ष 2008 मे भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका का परमाणु-समझौता था, जो भारत को असैनिक परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनने की दिशा मे एक महत्त्वपूर्ण क़दम था। इसके द्वारा देश मे ऊर्जा-संकट को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की नीवँ रखी गयी थी, हालाँकि उस समझौते को लेकर तत्कालीन प्रतिपक्षी नेताओँ ने विरोध भी किये थे फिर भी डॉ0 मनमोहन सिँह अपने निर्णय पर अटल बने रहे। वर्ष 2011 मे सुषमा स्वराज ने संसद् मे अपने अभद्र आचरण का परिचय देते हुए-चीख़ते हुए, प्रश्नात्मक शैली मे एक शे'र के माध्यम से तत्कालीन प्रधानमन्त्री डॉ0 मनमोहन सिँह को ललकारा था-

'तू इधर-उधर की न बात कर,
ये बता कि ये काफ़िला क्योँ लुटा,
मुझे रहजनों से गिला नहीँ, तिरी रहबरी का सवाल है।'

इसपर डॉ0 मनमोहन सिँह ने अत्यन्त शालीनता के साथ जो जवाब दिया था, उससे सुषमा स्वराज पानी-पानी हो गयी थीँ। उन्होँने 'अल्लामा इक़बाल' के एक शेर' सुनाकर जवाब दिया था-

"माना कि तेरे दीद के क़ाबिल नहीँ हूँ मैं,
तू मेरा शौक देख, मिरा इन्तिज़ार देख।"

आज देश के प्रमुख सत्ताधारी नेता जिस मनमोहन सिँह की तारीफ़ मे कसीदेँ पढ़ रहे हैँ, वही जब विपक्ष मे होते थे तब डॉ0 मनमोहन सिँह को 'विदेशी ताक़तोँ के जासूस' और 'देशद्रोही' कहा करते थे। इतना ही नहीँ, उनके कार्यकाल मे तत्कालीन विपक्षी नेताओँ ने एक गहरी साज़िश रचते हुए, अन्ना हजारे, अरविन्द केजरीवाल , बाबा रामदेव, किरन बेदी ऐण्ड कम्पनी का इस्तेमाल करके देशव्यापी आन्दोलन चलाया था, जिसके कारण आगे चलकर, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का बहुमुखी पतन हुआ था। उनकी कार्यावधि मे प्रतिपक्षियोँ ने 2-जी स्पेक्ट्रम, कोलगेट, कॉमनवेल्थ-जैसे घोटालोँ के आरोप लगाये थे। इतना ही नहीँ, एक गहरी साज़िश के अन्तर्गत वर्ष 2008 मे उनकी सरकार संकट मे घिर आयी थी, तब संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन मे सम्मिलित वामपन्थी दलोँ ने अपना समर्थन वापस ले लिया था; किन्तु मुलायम सिँह और मायावती के समर्थन से उनकी सरकार भंग होने से बचा ली गयी थी। उन विपक्षी नेताओँ के गालोँ पर ज़ोरदार तमाचे तब पड़े थे जब न्यायालय की ओर से सुस्पष्ट कर दिया गया था कि उपर्युक्त सारे आरोप आधारहीन थे; क्योँकि वे सारे आरोप बिना किसी ठोस सुबूत के थे। पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल परवेज़ मुशरफ़ से जब पूछा गया था, ÷मनमोहन सिँह कैसे प्रधानमन्त्री हैँ?" तब

मुशर्रफ़ ने कहा था, "डॉ0 मनमोहन सिँह इज ए नाइस प्राइम मिनिस्टर।÷ इसे विडम्बना ही कहा जायेगा कि भारत के तत्कालीन विपक्षी नेता मनमोहन सिँह पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैँ; मगर भारत का धुर-विरोधी शत्रु पाकिस्तान देश का राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ़ डॉ0 मनमोहन सिँह की प्रशंसा कर रहा है।

हम डॉ0 मनमोहन सिँह को एक महान् प्रधानमन्त्री क्योँ विश्लेषित करते आ रहे हैँ? इसका उत्तर सुस्पष्ट है कि वे प्रधानमन्त्री-पद की कुर्सी से चिपके रहना नहीँ चाहते थे। उन्होँने तो वर्ष 2014 मे सुस्पष्ट शब्दोँ मे कह दिया था, "मै तीसरी बार प्रधानमन्त्री नहीँ बनूँगा। इतिहास मेरे साथ 'समकालीन मीडिया' और 'विपक्ष' से ज़्यादा इंसाफ़ करेगा।" इस समय विश्व देख और अनुभव कर रहा है कि बिका और डरा हुआ समकालीन मीडिया और तत्कालीन प्रमुख प्रतिपक्षी राजनेता डॉ0 मनमोहन सिँह को हर तरह से अपमानित करते आ रहे थे, उनमे से जो जीवित हैँ, वे आज घुटनो के बल रेँगते हुए, उस महान् अर्थशास्त्री और संयमित राष्ट्रवादी प्रधानमन्त्री के कर्त्तृत्व के प्रति नतमस्तक दिख रहे हैँ।

**आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# PACS का डिजिटल युग-सहकारिता से आत्मनिर्भरता तक




ग्रामीण भारत की आत्मा को प्रोत्साहित करते हुए और राष्ट्रीय प्रगति सुनिश्चित करने हेतु, सरकार सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थतंत्र के पुनर्जीवन का संकल्प ले रही है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में 10,000 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का उद्घाटन किया। यह पहल केवल रोजगार सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक संसाधनों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए किसानों की उपज को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। सहकारिता को ग्रामीण भारत में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त उपकरण मानते हुए, सरकार इसे अपनी प्राथमिकता में सर्वोच्च स्थान प्रदान कर रही है। यह कदम "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। PACS, सहकारी त्रिस्तरीय संरचना की आधारशिला, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान का अभिन्न अंग है। ये समितियां केवल ऋण वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खाद, भंडारण, जल प्रबंधन, और अन्य ग्रामीण आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने प्रत्येक पंचायत में सहकारी समितियों की अनिवार्यता पर बल देते हुए आगामी पांच वर्षों में 2 लाख क्ष्र्स के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह योजना न केवल आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि सामुदायिक एकता, सामाजिक समरसता, और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करेगी। यह प्रयास ग्रामीण जीवन की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करते हुए सहकारिता की भावना को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

सरकार ने निष्क्रिय PACS के पुनरोद्धार और नई समितियों की स्थापना हेतु एक सुव्यवस्थित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार की है। इसके अंतर्गत 15,000 गांवों में नई PACS की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस SOP का उद्देश्य समितियों को बहुआयामी सेवाओं के केंद्र में परिवर्तित करना है। PACS अब पारंपरिक ऋण सेवाओं के अलावा भंडारण, उर्वरक, जल वितरण, गैस आपूर्ति, और डिजिटल सेवाओं जैसे रेलवे व हवाई टिकट बुकिंग तक अपनी पहुंच का विस्तार कर रही हैं। यह बहुआयामी स्वरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और समग्र विकास की दिशा में एक युगांतकारी परिवर्तन का सूत्रधार बनेगा।

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद से PACSके व्यापक कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई है। यह पहल समितियों में पारदर्शिता, दक्षता, और कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने में सहायक होगी। RuPay किसान क्रेडिट कार्ड और माइक्रो एटीएम के वितरण ने ग्रामीण नागरिकों को सस्ती ब्याज दरों पर ऋण और वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान की है। प्रत्येक प्राथमिक डेयरी को माइक्रो एटीएम प्रदान करने का संकल्प वित्तीय समावेशन को और प्रबल बनाएगा। अब तक PACS में 32 नई सेवाओं का समावेश किया गया है, जिनमें उर्वरक वितरण, जल प्रबंधन, और डिजिटल लेनदेन जैसी सुविधाएं सम्मिलित हैं। यह दृष्टिकोण सहकारिता को ग्रामीण प्रगति का शक्तिशाली साधन बनाएगा।

नाबार्ड, एनडीडीबी, और एनएफडीबी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं PACS के लक्ष्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नाबार्ड ने प्रथम चरण में 22,750 PACS के गठन और द्वितीय चरण में 47,250 PACS के निर्माण का लक्ष्य रखा है। एनडीडीबी 56,500 नई समितियों की स्थापना और 46,500 मौजूदा समितियों को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इन प्रयासों में महिलाओं, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नए मॉडल उपविधानों को लागू किया गया है। इन उपविधानों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को प्राथमिकता प्रदान कर सामाजिक और आर्थिक समरसता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल समानता और समावेशिता की दिशा में ठोस कदम है।

PACS का कार्यक्षेत्र कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन और अन्य सहकारी गतिविधियों तक व्यापक रूप से विस्तारित है। किसानों की उपज को फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने की यह पहल उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करेगी। सामुदायिक सेवा केंद्रों के रूप में विकसित हो रही PACS ग्रामीण युवाओं के लिए आजीविका का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही हैं। यह प्रयास सहकारी तंत्र के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण समृद्धि की नई गाथा लिखने की क्षमता रखता है।

अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण विकास को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रही है। सहकारी समितियों के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की दीर्घकालिक और दूरदर्शी नीति का हिस्सा है। PACS का कंप्यूटरीकरण, बहुआयामी सेवाओं का विस्तार, और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता इस योजना को विशिष्ट बनाते हैं। यह पहल न केवल ग्रामीण भारत की वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, बल्कि भविष्य में आत्मनिर्भर और सशक्त गांवों के निर्माण का आधार भी स्थापित करती है।

"सहकार से समृद्धि" के मंत्र को साकार करते हुए यह योजना ग्रामीण भारत को आर्थिक और सामाजिक प्रगति के नए आयामों तक पहुंचा रही है। हर पंचायत में सहकारी समितियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सरकार न केवल आर्थिक समृद्धि को प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि सामूहिकता और सशक्तिकरण की भावना को भी मजबूत कर रही है। यह प्रयास, सहकारिता के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भरता और समरसता के पथ पर अग्रसर करने का एक अद्वितीय उदाहरण है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संक्षिप्त ख़बरें

## पंचायत भवन पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरहवा दूबे गांव में स्थित पंचायत भवन पर अतिक्रमणकारियों की नजर गड़ गई। उक्त पंचायत भवन में ग्रामीणों द्वारा पशुओं को बांधने समेत चारपाई लगाकर कब्जा किया गया है। अतिक्रमण इस प्रकार से है कि अतिक्रमणकारियों को हटाना प्रशासन के लिए भी चुनौती बन सकता है। पंचायती राज व्यवस्था के तहत लाखों की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया। वहीं उक्त पंचायत भवन निर्माण के बाद से ही गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होने लगा तथा उक्त पंचायत भवन पर अतिक्रमणकारियों की नजर गड़ गई। गांव के जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते अतिक्रमणकारियों का हौसला इस कदर बढ़ गया कि भवन में बकायदा पशुओं को बांधने से लेकर चारपाई लगाकर कब्जा किया गया है। पंचायत भवन पर चारपाई लगा होने के कारण भवन में निरंतर ताला लगा होता है। ऐसे में पंचायत सहायक घर बैठे ही मानदेय ले रही है। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत योगेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## कुंभ महापर्व को लेकर सुरियावा थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**भदोही**/सुरियावा आगामीकुंभ महापर्व को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार दिनांक 27 दिसंबर 2024 को थाना सुरियावां के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन थाना अध्यक्ष सुरियावा अरविंद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि महापर्व में जाने वाले श्रद्धालु गण ज्यादातर सफर के लिए ट्रेन सुविधा एवं बस तथा चार चक्का वाहन का ज्यादातर प्रयोग करें ताकि यात्रा करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई ने उत्पन्न हो उन्होंने बताया कि शासन श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं जिसका श्रद्धालु गण उपयोग करें तथा पर्व में जाते हुए कहीं पर किसी को अगर संदिग्ध वस्तु या आदमी नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल नजदीक के थाने में या डायल 112 को बताएं इस मौके पर सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार राय सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास यादव तथा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान एवं संभ्रांत व्यक्तियों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे

## अकबरपुर गांव में लटक रहा बिजली का खंभा, हो सकता है बड़ा हादसा



**चित्रकूट।** जिले के भरतकूप पावर हाउस के अंतर्गत स्थित अकबरपुर गांव में बिजली के खंभे की स्थिति अत्यधिक खतरनाक बन गई है। गांव के बीचों-बीच एक बिजली का खंभा लटकता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे हादसा होने की आशंका बनी हुई है। यह खंभा लगातार बंदरों के झूलने के कारण झूलता रहता है और पूरा खंभा नीचे से हिलता हुआ नजर आता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, अकबरपुर गांव के इस खंभे पर बंदर आए दिन झूलते रहते हैं, जिससे खंभे की स्थिरता पर असर पड़ रहा है। खंभा झूलने के कारण कभी भी वह गिर सकता है, जिससे गंभीर हादसा हो सकता है। खासकर उस इलाके में बच्चे और लोग सड़कों पर आते-जाते हैं, ऐसे में यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। गांव के निवासी भोले सिंह ने बताया कि यह खंभा काफी समय से इस स्थिति में है, लेकिन अब तक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस खंभे को सही नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, भरतकूप पावर हाउस के अधिकारियों ने इस मामले पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि टीम भेजकर खंभे की स्थिति की जांच की जाएगी और आवश्यक सुधार किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकालने की अपील की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

# प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा प्रेमी, देखते ही गांववालों ने मचाया हल्ला; बॉयफ्रेंड ने फांसी लगाकर दे दी जान

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के गुलरिहा की घटना है. यहां एक युवक ने सुसाइड कर लिया. पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. गर्लफ्रेंड से मिलने उसके घर पहुंचा युवक, देखते ही गांववालों ने मचाया हल्ला; बॉयफ्रेंड ने फांसी लगाकर दे दी जान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के गुलरिहा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक पकड़े जाने व बदनामी के डर से प्रेमिका के घर में फंदा लगाकर लटक गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने खिड़की तोड़कर युवक को फंदे से नीचे उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. प्रेमिका तीन बच्चों की मां बताई जा रही है।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी मृतक युवक की मां बिन्द्रावती देवी ने तहरीर देकर बताया कि 25 दिसंबर की रात लगभग दस बजे उसके छोटे बेटे शैलेन्द्र निषाद ( 24 ) को गांव के ही एक महिला ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर घर बुलाई थी. महिला के घर में घुसते समय ही गांव के कुछ युवकों ने देख लिया था. युवक के घर में घुसते ही आसपास के लोगों ने हल्ला मचा दिया।

**गर्लफ्रेंड के घर में लगा ली फांसी**

ग्रामीणों के शोर मचाने पर महिला ने युवक को एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया. महिला बाहर आकर घर में किसी के भी घुसे जाने की बात से मना करने लगी. आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए. किसी ने डायल 112 को घटना की सूचना दे दी. कमरे में बंद युवक बाहर की घटनाओं को सुन रहा था. पुलिस के आने की जानकारी पाकर बदनामी के डर से युवक ने कमरे के पंखे में फंदा लगाकर लटक गया।

**प्रेमिका के खिलाफ केस दर्ज**

मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से खिड़की का दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा. युवक की सांस चल रही थी. इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक युवक के मां की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमिका के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही है. मृतक तीन भाई एक बहन में सबसे छोटा था. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस मामले की जांच

# निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष के चाची की मौत, योगी सेवक दीपक सिंह ने दिया अर्थी को कंधा

स्वतंत्र प्रभात



**पनियरा।** विधान सभा क्षेत्र में इन दिनों योगी सेवक दिपक सिंह का तूफानी जनसंपर्क लगातार जारी है। दीपक सिंह अपने लाव लश्कर के साथ लगभग दर्जन भर लग्जरी गाड़ियों में युवाओं के साथ गांव-गांव जाकर लोगों की जनसमस्याओं को सुन कर निस्तारण करने का प्रयास कर रहे हैं। यहां तक कि गांव में मृतक के घर जाकर अर्थी को कंधा दे रहें हैं जो चर्चा का विषय है। उनके साथ युवाओं का जत्था देखा जा सकता है। युवा व जूझारु तथा योगी जी के चहेता होने के वजह से लोग तेजी से जूड़ रहें हैं। हलाकि कुछ लोग टिकट पाने न पाने की चर्चा भी कर रहे हैं जो अभी अंदरखाने की बात है। इसी क्रम में शुक्रवार को दीपक सिंह ने मंसूरगंज, रामपुर, गांगी बाजार बेनीगंज, देवीपुर सतगुर तथा रतनपुरवा में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अमरनाथ निषाद के चाची के आकस्मिक निधन पर उनके अन्तिम यात्रा में शामिल हो कर उनके अर्थी को कंधा दिया जो चर्चा का विषय बना रहा। उनके साथ मनोज प्रधान, बिट्टू यादव दिनेश गुप्ता, विजय सिंह, अजय सहानी, आलोक मद्धेशिया, जनार्दन निषाद, आनंद सिंह, संजय चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# केआर मेमोरियल एकेडमी पर चार दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला ब्लाक के सुरदापार राजा गाँव में स्थित केआर मेमोरियल एकेडमी पर चार दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि थाना गोला के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस येलो हाउस ब्लू हाउस रेड हाउस के बीच कबड्डी बैडमिंटन 100 मीटर दौड़ सहित आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि छात्र छात्राओं व युवाओ को शिक्षा के साथ साथ खेल कूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़ कर भागीदारी करनी चाहिए क्योंकि खेल ही एक ऐसा माध्यम जिससे शारिरिक दक्षता के साथ साथ बौद्धिक दक्षता भी बढ़ाई जा सकती है।खेल एक ऐसी प्रतिभा है जिसके माध्यम से प्रतिभावान देश प्रदेश क्षेत्र में नाम रोशन कर अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर सकता है। स्कूल के प्रबंधक बागेश्वरी राय ने आए हुए अतिथि गणों का माल्यार्पण कर स्वागत और आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्य ने सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल परिवार के साथ अभिभावकगण व दर्शक दीर्घा में उपस्थित होकर बच्चों के खेल का आनंद उठाया।

# सेवतरी के पगडंडियों से हो रही बड़े पैमाने पर तस्करी

**● - जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण हो रही मछली, कैमिकल, उर्वरक, कपड़ा, जूता-चप्पल व गल्ला की व्यापक तस्करी**

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र का सेवतरी नाका आए दिन अवैध तस्करी को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। सेवतरी नाके से जिम्मेदारों के रहमो-करम से अवैध वस्तुओं की तस्करी खुलेआम परवान चढ़ रहा है। अच्छी सेटिंग के कारण सम्बंधित जिम्मेदार अपनी चुप्पी साधे हुए मूकदर्शक बने हुए हैं। वहीं तस्करी के लिए पिकअप के माध्यम से लाई जा रही मछली व कैमिकल गांव में स्थित एक अवैध गोदाम में डंप किया जा रहा है। जहां से कैरियर द्वारा बाइक व पिकअप के माध्यम से मछली, कैमिकल व कपड़े को बिना किसी रोक-टोक के आसानी से सीमा पार भेज दिया जा रहा है। तमाम प्रयासों के बाद भी तस्कर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के पकड़ से कोसों दूर हैं। सेवतरी में पुलिस चौकी व 22वीं एसएसबी वाहिनी का बीओपी भी मौजूद है, बावजूद इसके सेवतरी नाके से आए दिन बड़े पैमाने पर मछली, कपड़ा, जूता-चप्पल, खाद, कैमिकल, गल्ला, चीनी समेत अन्य प्रतिबंधित समानों का कारोबार खुलेआम देखा जा सकता है। भारत-नेपाल की सीमा से सटा सेवतरी पुलिस चौकी व एसएसबी कैंप से कुछ ही दूरी पर स्थित नाका तस्करों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। रोजाना उक्त नाके से लाखों रुपये लागत का भारतीय वस्तु सीमा से होकर नेपाल पहुंच रहा है। भारत में सस्ती दर पर खरीदकर तस्कर इन्हें कस्टम चोरी कर नेपाल क्षेत्र में पहुंचाकर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां, स्थानीय पुलिस तथा कस्टम विभाग के रहमो-करम से ही इनका यह धंधा फलफूल रहा है। ऐसा नहीं है कि तस्करी के माल पकड़े नहीं जाते, लेकिन इसके बावजूद भी हो रही तस्करी तस्करों के बुलंद हौसलों की तस्दीक करती है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सेवतरी के रास्ते तस्करी की लगातार सूचना मिल रही है जल्द ही छापेमारी कर तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# गोरखपुर- घर में घुस कर नगदी समेत जेवर और किमती बर्तन पर चोरों ने किया हाथ साफ

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर** 27 दिसम्बर गोला थाना क्षेत्र के गोला कौड़ीराम रोड़ स्थिति डड़वापार चौराहे के दक्षिण घर बनवा कर रह रहे दुर्गेश मिश्रा के मकान में बृहस्पतिवार की रात अज्ञात चोरों ने घुस कर पांच हजार नगद किमती बर्तन और जेवर आदि घर का ताला तोड़ कर उठा ले गए।प्राप्त बिबरण के अनुसार दुर्गेश मिश्रा पुत्र केशव मिश्रा की ससुराल भरसी बुजुर्ग गांव के त्रियम्बक मिश्र के घर है। वह डड़वापार चौराहे से दक्षिण अपने ससुर की जमीन पर घर बनवा कर अपने परिवार के साथ रहते हैं। दुर्गेश हर रोज दिन भर अपने मकान पर रहते हैं और रात में सपरिवार अपने ससुराल भरसी बुजुर्ग सोने चले जाते हैं। विगत रात घर को सुना देख चोरों ने मेन दरवाजे पर लगा चैनल का ताला काट कर घर में घुसकर और बारी बारी से सभी घरों का ताला तोड़ कर खंघाला। घर के पिछले कमरे में एक आलमारी, ट्रंक और एक बक्सा को तोड़ कर उसमे रक्खा बर्तन, सोने का झूमका, सोने का मांगटीका और पांच हजार रुपया नगद लेकर चम्पत हो गये।इतना ही नहीं चोरों ने सभी तोड़े हुए तालों को भी साथ ले गये। सुबह जब दुर्गेश की सास संगीता देवी घर पर आई तो देखी कि मेनगेट का ताला गायब है। भाग कर घर में गयी वहां सारा सामान बिखरा देख वह हतप्रभ रह गई और अपने घर इसकी सुचना दिया। मौके पर पहुचे दुर्गेश मिश्रा ने डायल 112 पर चोरी की घटना की सुचना दी। मौके पर पहुची गोला पुलिस जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण जनसुनवाई आयोजित की, जिसमें फरियादीयों ने अपनी शिकायतें पेश कीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यह निर्देश दिया कि हर शिकायत का निस्तारण शीघ्र और प्रभावी तरीके से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी।

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनके अधिकारों का सम्मान है और इससे पुलिस प्रशासन की छवि को भी सुदृढ़ किया जा सकता है। जनसुनवाई के दौरान कई फरियादियों ने अपनी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के सामने रखा, जिनमें अपराध, जमीन विवाद और अन्य सामाजिक मुद्दे शामिल थे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अनावश्यक शिकायतें न करें, बल्कि अपनी समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से निकालें। जनसुनवाई में उपस्थित थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शिकायतों के समाधान के लिए तत्पर रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह कदम पुलिस विभाग की पारदर्शिता और जनता के प्रति उनकी जवाबदेही को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिससे पुलिस प्रशासन में विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत किया जा सके।

# गोरखपुर दहला गांव में आगजनी की घटना- मधु की मौत से उबला जनक्रोध, मार्ग जाम

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** दहला गांव में हुई दर्दनाक आगजनी की घटना में एक और जान चली गई है। आग में बुरी तरह झुलसी मधु ने दम तोड़ दिया है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कौड़िया से डोहरिया जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराने में जुटा है।

बतादे- , दहला गांव में कुछ दिन पहले एक घर में आग लग गई थी, जिसमें कई लोग झुलस गए थे। इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो चुकी थी और मधु की हालत गंभीर बनी हुई थी। रविवार को मधु ने भी दम तोड़ दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**ग्रामीणों का आरोप**

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।मौके पर प्पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में करने का प्रयास किया है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया है कि वे शांत रहें और कानून हाथ में न लें। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।आगे की कार्रवाई इस घटना के बाद प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है। साथ ही, प्रशासन इस मामले की गहनता से जांच कर रहा है।

# ठंड व शीत लहर से निपटने हेतु गरीबों को कंबल, साड़ी, स्वेटर का वितरण

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** ठंड और शीत लहर के प्रकोप से राहत देने के उद्देश्य से भगवान भजनाश्रम के प्रबंधक रामऔतार यादव और केशव प्रसाद यादव के नेतृत्व में समाजसेवियों ने गरीब, असहाय और निराश्रित लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल, साड़ी, स्वेटर और बच्चों के लिए साल का वितरण किया। इसके साथ ही समाजसेवियों ने उन्हें खान-पान में सावधानी बरतने की भी सलाह दी।

गौरतलब है कि रामऔतार यादव और केशव प्रसाद यादव की संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में यह सेवा कई वर्षों से निरंतर चल रही है। इस बार भी जनपद चित्रकूट के विभिन्न गांवों में ठंड के मद्देनजर गरीबों की मदद करने का सिलसिला जारी रहा। इस अभियान की अगुवाई अमित यादव एडवोकेट ने की, जिनके नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत लोढ़वारा में करीब 100 गरीबों और असहायों को कंबल, स्वेटर और चादर वितरित किए गए। पूर्व ग्राम प्रधान लोढ़वारा, हरिमोहन सिंह यादव के सहयोग से यह वितरण समारोह आयोजित किया गया। कंबल और गर्म कपड़े पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। समाजसेवियों की इस पहल को ग्रामीणों ने सराहा और संस्था भजनाश्रम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला न्यायालय के वरिष्ठ समाजसेवी रामऔतार यादव, अमित यादव एडवोकेट, राम सहाय यादव, आशीष यादव, हनुमान प्रसाद यादव, राहुल यादव, रोहित यादव, महेश यादव, धनराज घनश्याम, अभिजय, रतीमोहन, चंद्रन, सत्यम यादव प्रवक्ता, दीपक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस नेक कार्य की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार की समाजसेवा की उम्मीद जताई। यह पहल गरीबों और असहायों के जीवन में ठंड के मौसम में राहत देने के साथ-साथ समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करती है।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ मिलकर ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य आगामी चुनावों की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों से ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की बात की। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों का संचालन निरंतर चलते रहना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि का पता चल सके। इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने सुरक्षा में लगे पुलिस बल से कहा कि वे मुस्तैदी के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें और किसी भी स्थिति में कोई समस्या न उत्पन्न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशाल सिंह पटेल, अपना दल जिलाध्यक्ष राम सिया सिंह, बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारी और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय की सभी व्यवस्थाओं की तारीफ की और कहा कि चुनावों की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनें पूरी सुरक्षा के साथ रखी जाएं और इनकी निगरानी उचित तरीके से की जाए, ताकि आगामी चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें।

# पुलिस ने 08 अभियुक्तों को अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के दौरान चित्रकूट पुलिस ने 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 140 क्वार्टर देशी शराब और 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।पुलिस की विभिन्न टीमों ने यह बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब की खेप पकड़ी गई।संजय रैदास (निवासी पत्थरापालदेव, थाना नयागांव, जनपद सतना) को चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग उ0नि0 रमेश सिंह यादव एवं उनके हमराही आरक्षी शिवम मिश्रा द्वारा 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। विशेषर सिंह (निवासी ग्राम तौरा, थाना पहाड़ी) को उ0नि0 आकांक्षा और उनके हमराही पुलिसकर्मियों द्वारा 35 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में थाना पहाड़ी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत आरोप पत्र पंजीकृत किया गया है।

इस्लाम खाँ (निवासी ग्राम गढ़ीघाट, थाना पहाड़ी) को उ0नि0 जंगबहादुर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पहाड़ी में उनके खिलाफ भी धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।रामऔतार (निवासी ग्राम औदहा, थाना सरधुवा) को उ0नि0 अरविन्द कुमार और उनके हमराही पुलिसकर्मियों द्वारा 16 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ थाना सरधुवा में कार्रवाई की गई है।पंकज (निवासी मनगवां, थाना मारकुण्डी) को उ0नि0 अरविन्द्र कुमार सिंह एवं उनके हमराही आरक्षी अतुल सिंह परिहार द्वारा 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मारकुण्डी में मामला दर्ज किया गया है।अंकित उर्फ हनुमान (निवासी ग्राम मानिकपुर) को उ0नि0 प्रखर प्रताप सिंह और उनके साथी आरक्षी अजीजउद्दीन द्वारा 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मानिकपुर में भी धारा 60 के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।नंदकिशोर (निवासी बैहार, थाना भरतकूप) को उ0नि0 अरविन्द सिंह, उ0नि0 राहुल पांडेय और उनके हमराही पुलिसकर्मियों द्वारा 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ थाना भरतकूप में कार्रवाई की गई है।शारदा प्रसाद (निवासी बैहार, थाना भरतकूप) को उ0नि0 अभिषेक सिंह और उनके साथी आरक्षी एहसान अली द्वारा 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना भरतकूप में उनके खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार की कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाई जा सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# बेटी के अपहरण के बाद न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है पिता



**जलालपुर,जौनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 दिसंबर को बाजार गई एक युवती के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी बेटी का अपहरण गांव के कुछ दबंगों ने किया है, लेकिन अब तक पुलिस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। पिता ने बताया कि घटना की रात जब वे शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद दीवान ने उनकी बात सुनने के बजाय डांटकर भगा दिया। अगले दिन थानाध्यक्ष के हस्तक्षेप से मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति हुई।

मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपित खुलेआम गांव में घूम रहे हैं। पिता ने आरोप लगाया है कि पुलिस आरोपितों को हिरासत में लेती है, लेकिन बीच रास्ते में ही छोड़ देती है। इससे आरोपितों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे पीड़ित परिवार को लगातार धमकियां दे रहे हैं और मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं जिससे परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक सहित मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से बेटी को सुरक्षित बरामद करने और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस घटना ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या पुलिस पीड़ित परिवार को न्याय दिला पाएगी, या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा यह देखना बाकी है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव





**शहडोल**- बुढ़ार के आदर्श कालोनी स्थित क्रिश्चियन चर्च में क्रिसमस पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाते हुए प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिवस मनाया गया, जहां प्रार्थना का संचालन संजय सहाय के द्वारा किया गया तथा क्वायर के द्वारा प्रभु के जन्मउत्सव संगीत को गाया गया, तथा युवा बच्चों जिनमें सिम्मी, कल्पना, मारिया, संध्या, विक्की, जूली, और प्रियेश ,के द्वारा प्रभु के गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए तथा रोजलीन नेयर्सिस के द्वारा प्रभु के जन्म के ऊपर सुसामाचार प्राचार किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि यीशु ने प्रेम ,दया, आज्ञाकारिता, सिखाई । जबकि नितिन ,पवन, मारथी लवली ,मिसिस मिंज, आदि ने इस सभा में सम्मिलित होकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## सरकारी विद्यालय के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया



**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बर्डपुर के पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय चकईजोत के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया।ग्राम प्रधान लालजी जयसवाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया गया। बस में चयनित 22 छात्र-छात्राओ को शहीद अशफाक उल्लाखाँ प्राणि उद्यान चिडियाघर का विजिट कराया गया। टूर का प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह के द्वारा नेतृत्व किया गया। भ्रमण के दौरान बस का माहौल मनोरंजन युक्त बनाने के लिए टीम लीडर रामकृष्ण यादव द्वारा बच्चों में गायन एवं अन्त्याक्षरी कराया गया। और रास्ते में पड़ने वाले नदियों शहरों, स्मारकों के बारे में बच्चों को बताया गया। चिड़ियाघर पहुंचकर बच्चों को 7- डी एनिमेशन (वीडियो) दिखाया गया। उसके बाद बन्दर, भालू, तोता, गेड़ा, बारहसिंगा, शेर, सियार, बाघ, मोर, बतख, गिद्ध अनेक प्रकार के साप, मगरमच्छ, आदि बच्चों को दिखाया गया। टूर के साथ मशहूर आलम, वेचन प्रसाद एवं शारदा भारती आदि अध्यापक रहे।

## घर का ताला तोड़कर चोरी करने का आरोपी पकडा

**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक अभियुक्त को चोरी किये गये माल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मगोर्रा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घर का ताला तोडकर चोरी करने वाले एक अभियुक्त सुमन उर्फ सोना पुत्र निरंजन उर्फ उन्ना निवासी ग्राम अड्डा थाना मगोर्रा जनपद मथुरा को कुन्तल अस्पताल के करीब सौख मथुरा रोड से मथुरा की तरफ से चोरी किये गये 20 किलो गेहूं सहित गिरफ्तार किया गया।

## बच्चों ने दी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि




प्रताप मा.स्कूल जनरल गंज में पूर्व प्रधामंत्री डा.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते स्कूली बच्चे।

**मथुरा।** प्रताप मा.स्कूल जनरल गंज में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने गायत्री मंत्र का जाप किया श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक अर्पित जादौन ने वक्तव्य में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी, अर्थशास्त्री, सौम्य राजनेता के रूप में हमेशा हमें याद आएंगे डॉ मनमोहन सिंह ने 1991 मे भारत को आर्थिक संकट से उभारा था। 2005 मे आई टी कंपनी को विकास की गति दी सूचना के अधिकार 2005 की शुरुआत की भारत का परमाणु समझो ता कराया सन 2012 में पोलियो महामारी को भारत से समाप्त कराया। 27 करोड़ भारतीय को गरीबी रेखा से बाहर निकला और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया। देश को इस महान प्रधामंत्री को खो दिया है हम उनको नमन करते है। अवसर पर प्रधानाचार्य सुधा सक्सेना, पूनम सेनी, निशा सेन, बबिता यादव, आराधना जोहरी, दीप्ति सक्सेना सभी छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

# असम के श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में बीएसएनएल की दो मंजिला इमारत में कोई स्थायी कर्मचारी नहीं, इमारत जर्जर हालत

**● - अधिकारियों की लापरवाही के कारण कार्यालय सहित नेटवर्क सेवाएं बाधित हैं।**

**पीड़ित ग्राहकों ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और सांसद कृपानाथ मालाह का ध्यान आकृष्ट कराया है**




स्वतंत्र प्रभात

**असम श्रीभूमि (करीमगंज)**- वर्तमान भाजपा सरकार देश के हर क्षेत्र में विकास पर काम कर रही है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की भी शामिल है। बीएसएनएल का भवन और स्थायी रूप से स्टाफ थे कार्यालय में और 2जी और 3जी नेटवर्क सेवा उच्च गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है, इसलिए ग्राहकों को ने बीएसएनल अपनाया। लेकिन श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा स्थित बीएसएनएल की दो मंजिला इमारत में अब तक कोई स्थायी कर्मचारी नहीं है, इमारत भी जर्जर हालत में है। कार्यालय के आसपास साफ-सफाई नहीं होने के कारण इसे बदहाल स्थिति में. एक ओर जहां कई शिकायतों के बाद भी विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण करोड़ें रुपये की सरकारी संपत्ति डूब रही है, वहीं दूसरी ओर अनगिनत ग्राहक होने के बावजूद सेवा नहीं मिलने से ग्राहकों की जेब खाली हो रही है. कार्यालय में कोई स्थायी कर्मचारी नहीं है. विभिन्न स्रोतों से ज्ञात हुआ है कि जेसीबी द्वारा सड़क निर्माण कार्य के कारण उनकी सेवाओं के केबल फाइबर भूमिगत हो गये हैं तथा केबल कट गयी है। इससे उक्त सेवा बाधित हो जाती है. लेकिन विभाग के अधिकारियों को ग्राहकों को पहले ही सूचित करना चाहिए था कि सेवा इतने दिनों तक बंद रहेगी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. हालाँकि, अन्य सेवा कंपनियाँ भी हैं जो ग्राहकों को नियमित सेवाएँ प्रदान करने के लिए आकर्षित कर रही हैं।

दूसरी ओर, सबसे पुराने और अनगिनत ग्राहकों के बावजूद, प्रौद्योगिकी में सफलता के साथ सुधार करने की वर्तमान सरकार की रणनीति ने ग्राहकों को नकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। परिणामस्वरूप प्रत्येक ग्राहक को तीन माह से नेटवर्क सेवा ठीक से नहीं मिल रही है. दूसरी ओर, क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवा अपनी पारिवारिक समस्याओं को हल करने के लिए बीएसएनएल सेवाओं पर भरोसा कर रहे थे और स्थानीय फ्रेंचाइजी के तहत मकान किराए पर लिया और कंप्यूटर की दुकानें स्थापित किया , लेकिन सेवा की कमी के कारण, आय से वंचित




होने के अलावा, वे रोजगार से वंचित है। हर महीने घर के किराये के साथ सर्विस बिल भी वहन करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि कांग्रेस शासन के दौरान दुल्लभछड़ा बीएसएनएल कार्यालय में स्थायी कर्मचारी थे और ग्राहक सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते थे। लेकिन अब यहां बीएसएनएल की ये सेवा गायब होती जा रही है. इसलिए, दुल्लभछड़ा में बीएसएनएल के प्रभावित ग्राहकों ने इस संबंध में सख्त कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा और सांसद कृपानाथ माला का ध्यान आकर्षित किया। ताकि जल्द से जल्द बीएसएनएल सेवा में सुधार किया जा सके।

# जिले के कोयलांचल क्षेत्र के अधिवक्ता जयकांत मिश्रा ने हाई कोर्ट में की जोरदार बहस

**● - अब जिले व कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को हाई कोर्ट में बहस के लिए घर बैठे अधिवक्ता मिले**

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल**- वर्तमान समय में हर वर्ग समाज में बढ़ते अपराध व आए दिन लूट पाट हत्या बलत्कार जैसी घटनाए देखने व सुनने को सभी के बीच आ रहा जिस पर कुछ ऐसे बेगुनाहों को भी गुनाह के रास्ते में जाकर अपने बचाव के लिए न्यायालय का शरण लेना पड़ता है, न्यायालय द्वारा बचाव की बहस के लिए उपयुक्त अधिवक्ता की तलाष सभी को होती है, जिस पर शहडोल जिले के बुढ़ार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा जो बुढ़ार शहडोल अनूपपुर उमरिया व्याहौरी छत्तीसगढ़ के साथ अब म.प्र. हाई कोर्ट जबलपुर में भी जोरदार बहस कर पीढ़ितो को न्याय दिलाने का पूर जोर बहस की है, जिससे शहडोल जिले के उन पीड़ितजनों के लिए शुभ संदेष है कि अब उन्हे जबलपुर या अन्य जगह के वकीलो की तलाष के लिए भटकना नही होगा, विषेष रूप से क्रिमनल जैसे धाराओं में बचाव व पीड़ितजनों को सही न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता जयकांत मिश्रा ने विगत दिवस जबलपुर हाई कोर्ट में अपने सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर जोरदार बहस कर विंध्य क्षेत्र के अधिवक्ताओं में छा गए जिसकी सैकड़ो अधिवक्ताओं ने पीड़ित जनों ने प्रषंसा की है।

# एमवीडीए को दो साल और करना होगा अपने नए कार्यालय का इंतजार

**● - 21.48 करोड़ की लागत से दो साल मे तैयार होगा एमवीडीए का चार मंजिला कार्यालय**

स्वतंत्र प्रभात



निर्माण स्थल पर भूमि पूजन करते उपाध्यक्ष एसबी सिंह, सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम आदि।

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के चार मंजिला नवीन कार्यालय भवन की शुक्रवार को आधारशिला रखी गई। इसका भूमि पूजन करते हुए उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने कहा कि विकास प्राधिकरण का यह् नवीन कार्यालय भवन आधुनिक सुविधायुक्त होगा, जो दो वर्ष में करीब 21.48 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। सिविल लाइन स्थित मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य अब शुरु हो गया। इस दौरान निर्माण स्थल पर भूमि पूजन उपाध्यक्ष एसबी सिंह, सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम ने विधिवत रूप से किया। इस दौरान उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि कार्यालय भवन के निर्माण पर 21.48 करोड़ की लागत आएगी। यह चार मंजिल का होगा। दो मंजिल बेसमेंट भी रहेगा, जिसका उपयोग पार्किंग और कैंटीन के लिए किया जाएगा। सभी चार मंजिल यहाँ आने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए तैयार किए जाएंगे। भूतल पर मीटिंग रूम, राजस्व रूम, विधिक रूम, मेप रूम, रिकॉर्ड रूम और जनसुनवाई कार्यालय का निर्माण किया जाना है। इसके ऊपर प्रथम तल पर टीपी एटीपी रूम, अकाउंट पटल, अवर अभियंता पटल संपत्ति पर अवैध निर्माण के साथ पेंट्री व स्टोर रूम भी बनाया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि द्वितीय तल पर उपाध्यक्ष, सचिव, ओएसडी, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता कक्ष के साथ कांफ्रेंस रूम और मीटिंग हॉल बनाया जाएगा। तृतीय तल पर सहायक और अवर अभियंता कक्ष रहेंगे। एसबी सिंह ने बताया कि चतुर्थ तल पर लाइब्रेरी और सर्वर रूप रहेगा। सभी तल पर पहुंचने के लिए चार लिफ्ट और मैकेनिज्म कार पार्किंग बनाई जाएगी। प्रत्येक तल पर टायलेट ब्लाक रहेगा। यह कार्यालय भवन करीब दो साल में बनकर तैयार होगा। इस मौके पर सहायक अभियंता सुनील अग्रवाल, अवर अभियंता विमल कोहली आदि मौजूद रहे।

# राजनीति में आगे आए अग्रवाल समाज विपुल गोयल

**● - अग्रवाल समाज ने किया कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का स्वागत**

**महाराजा अग्रसेन के जयकारों से गूंजी अग्रसेन वाटिका**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरां।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल शुक्रवार को हाईवे स्थित अग्रसेन वाटिका में पहुंचे। श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा के अध्यक्ष और मंत्री ने उनका शॉल व दुपट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार की सुबह हाईवे स्थित अग्रसेन वाटिका में पहुंचे। जहां श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा, अग्रसेन मानव सेवा संस्थान, अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा उनका स्वागत किया। इस दौरान हरियाणा के राजस्व, आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैं अभिभूत हूं कि इतनी बडी संख्या में अग्रवाल समाज के लोगों ने उनका अभिनंदन किया है। उन्हें यह भी खुशी है कि वह उस पार्टी के सिपाही हैं जो महाराजा अग्रसेन के समाजवाद के सिद्धांत को कार्यान्वित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को महाराजा अग्रसेन के द्वारा दिखाए गए पद चिन्हों पर चलते हुए अपनी ताकत को पहचान करके राजनीति में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्र समाज भारतीय जनता पार्टी का अभिन्न अंग रहा है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वेद प्रकाश गोयल ने कहा कि विपुल गोयल हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री ही नहीं बल्कि अग्र समाज के सर्वप्रिय नेता भी हैं। स्वागत करने



हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का स्वागत करते व्यापारी।

वालों में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रोशनलाल सौखिया, भाजपा नेता तरुण सेठ, कमल किशोर वार्ष्णेय, तेजवंत जैन मुन्ना, अजय गोयंका, राजीव अग्रवाल, विनोद जैन, मनीष कादौनिया, सुभाष बांसईया, गिरीश अग्रवाल, पवन बंसल, सुनील पारुआ, कमलेश गोयल, सुनील गोयल, कैलाशचंद जैन चंदौरिया, सौरभ जैन सहित दर्जनों अग्रबंधु मौजूद रहे।

## कृष्ण विहार में विशाल मां भगवती जागरण, भंडारे का हुआ आयोजन



**मथुरा।** कृष्ण विहार बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा पर कल सुबह 11 बजे से विशाल भंडारे के साथ रात नौ बजे से मां भगवती का जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर वार्ड नंबर 47 कृष्णा विहार मंशापुरी ,प्रोफेसर कलोनी ,द्वारकापुरी से होते हुए महोली रोड़ से जनकपुरी से कृष्ण विहार तक निकल गई शोभायात्रा पुरुष महिलाएं बच्चे बड़ी शामिल होकर शोभायात्रा के माध्यम से लोगों को कल होने वाले भगवती जागरण के साथ भंडारे में आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद तिलक भाई चौधरी ने कहा मां भगवती का जागरण हम पिछले 24 साल से कर रहे हैं। इस बार 25 वां जागरण किया जा रहा है। इस जागरण में राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक हस्तियों के साथ 40000 लोग शामिल होंगे । वार्ड नंबर 47 की पार्षद रेनू चौधरी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में पार्षद राजीव कुमार सिंह, सौदान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित, पार्षद निरंजन सिंह कुटेला, पार्षद मुन्ना मलिक, पूर्व पार्षद कुसुम लता चौधरी, राजू बादल, राजवीर सिंह, भूपेंद्र चाहर, रवि चौधरी, नेत्रपाल गौतम, मुख्य रूप से शामिल रहे।

# विदेशी पक्षियों के आगमन से गुलजार हुए सागर

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** मौसम बदलने के साथ ही विदेशी पक्षियों का भी आगमन शुरू हो गया है। जिले के करीब आधा दर्जन सागरों में विदेशी मेहमान परिदों के आगमन से सागर गुलजार हो चुके हैं। इन सागरों की रौनक देखने लायक है, खासकर सुबह के वक्त, जब सागर में विदेशी पक्षी एकत्रित नजर आते हैं। जिले के आधा दर्जन से ऊपर ऐसे छोटे-बड़े तालाब हैं जहां मौसम बदलते ही विदेशी पक्षी डेरा डालने लगे हैं। अगर हम बात करें बजहा तालाब की, तो इसका इतिहास बहुत पुराना है। यह लगभग 125 हेक्टर के क्षेत्रफल में फैला है। तथा सिसवा ,मझौली, मरथी,शिवपति सागर जिले के भारत - नेपाल सीमा के पास स्थित है। एक समय में यह तालाब अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता था, और विदेशी मेहमान की खेप कई-कई शिफ्टों में आकर यहां अपना समय व्यतित करती थी। वर्तमान समय में देखरेख के अभाव में सागर उपेक्षा का शिकार है। ठंड के मौसम में विदेशी मेहमान तालाब की रौनक बढ़ा देते हैं। सागरों में विभिन्न प्रजातियों की मछलियां निवास करती हैं तो सर्द मौसम प्रारंभ होते ही विदेशी पक्षी यहां भी आने शुरू हो जाते हैं। बर्डपुर विकास खंड क्षेत्र के पांच विशाल तालाब की बात करें तो यहां विदेशी पक्षियों की तरह-तरह प्रजातियों की खेप आने लगी है। भोर में इन तालाबों के निकट पहुंच जाएं तो पक्षियों की भरमार रहती है। इसी क्षेत्र के बजहा सिसवा ,मझौली मरथी , शिवपति सागर जिनकी रौनक विदेशी पक्षियों से ही जुड़ी हुई है। इन सागरों पर मेहमान पक्षियों के शिकार करने वालों भी निगाह गड़ाए रहते हैं।

मेहमान पक्षियों के आगमन का मौसम शुरू हो चुका है। इधर तालाबों के निकट स्टाफ की सक्रियता बढ़ाई गई है। कोई भी इनका शिकार करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।राजेश कुमार कुशवाहा वन क्षेत्राधिकारी

# महरौली में हुई महिला की हत्या का राजफाश

**● - नामजद आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के गांव महरौली में 23 दिसम्बर को हुई महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक महिला के पति द्वारा थाना गोवर्धन पर इस नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद एसएसपी शैलेश पांडेय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन आलोक सिंह के नेतृत्व में दर्ज कराई गई नामजद एफआईआर की विवेचना की गई। थाना गोवर्धन पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही के बाद शुक्रवार को नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। मृतका के पति सूखराम पुत्र महीपाल निवासी सोनेरा थाना कुम्हेर जनपद भरतपुर राजस्थान ने एक राय होकर पत्नी की हत्या कर देने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साक्ष्य के क्रम में विवेचना करते हुए नामित अभियुक्त हरीश उर्फ हरेन्द्र पाल सिंह पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी ग्राम महरौली थाना गोवर्धन जनपद मथुरा के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य होने पर नगला अकातिया की तरफ जाने वाले रास्ते के कट से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी शादीशुदा नहीं है। अभियुक्त ने मृतका की गरीबी का फायदा उठाकर उसे मजदूरी के पैसे देने के लिए एकांत में बुलाकर मृतका के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए कहने लगा। जब मृतका द्वारा मना करते हुए अपने मजदूरी के तय हुए रुपये मांगे गये तो अभियुक्त ने तय हुए मजदूरी के रुपये देने से मना कर दिया और मृतका के साथ जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने लगा तो मृतका के द्वारा उसके द्वारा की गयी सभी हरकतों को गांव में सभी को बताने की कहने लगी। अभियुक्त ने बदनामी के डर की वजह से गुस्से में आकर मृतका के गले में पड़े दुपट्टे से मृतका का गला दबा दिया। जिससे मृतिका उपरोक्त बेहोश हो गयी और महिला के सिर पर सीमेन्ट की ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। कार्यवाही करने वाली टीम में क्षेत्राधिकारी गोवर्धन आलोक सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा, एसआई राकेश यादव एसओजी प्रभारी, एसआई विकास शर्मा सर्विलांस सैल, एसआई विपिन कुमार थाना गोवर्धन आदि थे।

# समाजसेवियों' पर डा. रामकिशोर अग्रवाल के बेबाक बोल

**● - संस्थाओं से जुड़ना समाजसेवा नहीं: डा. राम किशोर अग्रवाल**

**अग्रवाल शिक्षा मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** पीड़ित मानवता के लिए समाज सेवा करना बहुत जरूरी है लेकिन किसी संस्था को जन्म देना और फिर उस संस्था के पदाधिकारी बनना समाज सेवा नहीं। यह बात जनपद में तकनीकी ,प्रबंधन और चिकित्सा की शिक्षा के शिखर पुरुष डा. राम किशोर अग्रवाल ने कही। डा. अग्रवाल अग्रवाल शिक्षा मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। डा. अग्रवाल ने कहा कि यह संस्था एक ऐतिहासिक व् प्रतिष्ठित संस्था ही नहीं बल्कि इसकी उपलब्धियां सम्पूर्ण प्रदेश में प्रसिद्ध हैं। लेकिन समय समय पर संस्था के सदस्यों ने अपने कर्तव्य और उद्देश्य से भटक कर ऐसे कार्य किये हैं जिससे संस्था की प्रगति को विराम लगा है और पदाधिकारियों के ये कार्य समाज सेवा के माप डंडों के सर्वथा विपरीत है। ऐसे में हम कैसे कह सकते हैं कि हम समाज सेवी हैं? डॉ. राम किशोर अग्रवाल ने तीन दशक पूर्व के अनेक उन संस्मरणों पर प्रकाश डाला जब वे स्वयं बीएसए कॉलेज के सचिव और बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन थे। उन्होंने कहा कि तीन दशक पूर्व उन्होंने इस इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना के विचार को मूर्त रूप देने के लिए रात दिन एक किया तब उनके मस्तिष्क में सिर्फ एक ही विचार था कि महाराष्ट्र और कर्नाटका जाने वाले छात्रों को इंजीनियरिंग की शिक्षा मथुरा में ही सुलभ कराई जाए। तब उनके प्रयासों में सबसे बड़ा रोड़ा डालने वाले और उनकी आलोचना करने वाले बाहरी लोग नहीं बल्कि अपनी संस्था के तथाकथित समाजसेवी ही थे। डा. अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने हार नहीं मानी और इस कालेज को जन्म देकर ही राहत की सांस ली। डा. अग्रवाल ने कहा कि एक अच्छी संस्था का काम अपनी आत्मालोचना करना भी है। डा. अग्रवाल ने कहा कि वे नए पदाधिकारियों का तहे दिल से स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि ये पदाधिकारी संस्था के गौरवशाली इतिहास को ध्यान में रखकर और



अग्रवाल शिक्षा मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बोलते डा. रामकिशोर अग्रवाल।

पुरानी भूलों को याद कर संस्था को गति प्रदान करेंगे और तन मन धन से इस संस्था की, पीड़ित मानवता की और योगिराज कृष्ण के इस ब्रज की सेवा करेंगे, तभी वे समाजसेवी कहलाने का दर्जा प्राप्त कर पाएंगे। संस्था के चौयरमैन उमा शंकर अग्रवाल एड. ने स्मृति चिन्ह देकर डा. राम किशोर अग्रवाल का सम्मान किया। मंच पर अग्रवाल शिक्षा मंडल के अध्यक्ष माधव शरण अग्रवाल और किशोर अग्रवाल ने अनेक ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया। जिनकी सेवाओं और प्रतिभा से समाज लाभान्वित हुआ है। कॉलेज के खचाखच भरे हॉल में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, उद्योगपति व पत्रकार उपस्थित थे।

# फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ का 17 वां वार्षिक भण्डारा 31 को

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ, मथुरा का 17 वां वार्षिक भण्डारा गोवर्धन में 31 दिसंबर मंगलवार को होगा, जिसके लिए लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी भाई परिवार सहित भागीदारी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 31 दिसंबर मंगलवार को गोवर्धन में प्रातः 8 बजे ठाकुर जी का दुग्ध अभिषेक, प्रातः 9.30 से ठाकुर जी का बाल भोग और दोपहर 12 बजे ठाकुर जी के आशीर्वाद से साधु सेवा, तदोपरांत सभी फुटकर व्यापारी और उनसे जुड़े कर्मचारियों के लिए भण्डारा होगा। अतः सभी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम सहयोगी मोहनलाल खत्री ने बताया कि कार्यक्रम स्थल गोवर्धन के आन्यौर मार्ग स्थित गिर्राज वाटिका, बूरे वालों की बगीची पहुंचने के लिए 31 दिसंबर मंगलवार को सुबह 7 बजे एक बस होली गेट स्थित गुरूद्वारा से और एक बस कृष्णा नगर चौराहे से निशुल्क गोवर्धन के लिए जायेंगी। कार्यक्रम के मीडिया प्रचारक किशोर इसरानी ने बताया कि मथुरा में जितनी भी फुटकर कपड़े की दूकानें हैं, उनके मालिक और कर्मचारियों के

## फार्मेसी इंस्टिट्यूट के सहयोग से लगा रक्तदान शिविर



**अलीगढ़।** हैंडस फॉर हैल्प सामाजिक संस्था अलीगढ़ ने माया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, मेंडू, हाथरस के विशेष सहयोग से अपना 16वां रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें फार्मेसी, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, बीसीए व अन्य एजुकेशन के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर को सफल बनाया। इस कैंप में रक्त के 46 यूनिट इकट्ठे किए गए। सभी रक्तदाताओं को मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इंस्टिट्यूट के चेयरमैन ठाकुर रविंद्र सिंह सेंगर, कॉलेज की सीईओ मिस स्वेता सेंगर एवं डायरेक्टर डॉ पवन कुमार के साथ सक्रिय विद्यार्थी चेतन शर्मा, कुशाग्र,भुवनेश, लव, दुर्गेश अंकुश और गीतांजली आदि का भी पूर्ण सहयोग रहा। यह रक्तदान शिविर संस्था सदस्य कल्पेश शर्मा के सहयोग से हो सका। संस्थाध्यक्ष सुनील कुमार के साथ डॉ डी के वर्मा,अजय सिंह चौधरी, सतीश शर्मा, दीपक खन्ना, गौरव शर्मा, के साथ के पी यादव अक्षय सेंगर, अरविन्द सैनी, प्रीती गुप्ता, शुभम, अमित आदि उपस्थिति रहे।

